# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 05 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 91, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 931 अंकों की गिरावट

व्यापार युद्ध गहराने की आशंका हावी होने से वैश्विक बाजारों में आई नरमी के बीच सूचकांक सेंसेक्स करीब 931 अंक लुढ़क गया। } 14

## वर्षों से जारी अन्याय खत्म होगा : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दिए जाने से वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार समाप्त होगा तथा न्याय और समानता के युग का आरंभ होगा। } 16

### सप्तम-कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोज्वलसमल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिभयंकरी॥
कालरूपी भय की भी रात्रि अर्थात काल की काल, भक्तों के भय रूपी अंधकार को प्रकाशित करने वाली एवं दुष्टों को भय देनी वाली कारात्रि ही मां दुर्गा का सप्तम स्वरूप हैं।

## प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार का निधन, देश में शोक की लहर

एजेंसी



मुंबई। देशभक्ति पर आधारित शहीद, उपकार एवं पूरब और पश्चिम जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अभिनय के बाद भारत कुमार के नाम से मशहूर- दिग्गज अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार का शुक्रवार को तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

मनोज कुमार के पारिवारिक मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुमार पिछले कुछ समय से बीमार थे और उम्र संबंधी समस्याओं के कारण उनका कोकिलाबेन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिम्सटेक देशों में सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव

### वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच है बिम्सटेक : पीएम मोदी

एजेंसी

बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) समूह को नयी गति प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा, जिसमें भारत के यूपीआई (यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस) को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच सहभागिता को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करना शामिल है।

यहां छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समूह वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। मोदी ने एक्स पर लिखा यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने जुड़ाव को और गहरा करें। इस संदर्भ में, मैंने हमारे सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते




हुए 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव रखा है। कार्य योजना में मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बोधि या बिम्सटेक फॉर ऑर्गेनाइज्ड डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमन रिसोर्स इंफ्रास्ट्रक्चर पहल भी शामिल है। इसके तहत, बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को हर साल भारत में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बिम्सटेक में क्षमता निर्माण ढांचे का एक शानदार उदाहरण बनने की क्षमता है। हम सभी एक-दूसरे से सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे। योजना के तहत, उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के अनुभव को साझा करने के वास्ते बिम्सटेक देशों की जरूरतों को समझने के लिए एक प्रायोगिक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। मोदी ने कहा इसके अलावा, मैं भारत के यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को बिम्सटेक क्षेत्र में भुगतान प्रणालियों से जोड़ने का प्रस्ताव करता हूं। इससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को सभी स्तरों पर लाभ होगा। उन्होंने कहा आइए आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का दोहन करें और बिम्सटेक को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। बिम्सटेक देशों में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करने, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने तथा क्षेत्र के भीतर स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विचार करने का भी प्रस्ताव रखा। संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## सरकारी विद्यालय की तीन छात्राएं लापता

मेरठ। सरूरपुर थाना क्षेत्र के एक सरकारी आवासीय विद्यालय की कक्षा सात में पढ़ने वाली तीन छात्राएं संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई हैं। बृहस्पतिवार दोपहर से लापता इन छात्राओं का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी वी के सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा भी मौके पर पहुंचे। लापता लड़कियां कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सरूरपुर की छात्राएं हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने शुक्रवार को कहा कि कल देर रात पुलिस को सूचना मिली कि हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के एक स्कूल से तीन छात्राएं लापता हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की चार टीम गठित कर छात्राओं की तलाश शुरू की गई। एसएसपी ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को कुछ साक्ष्य मिले हैं और लड़कियों को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी वी के सिंह ने बताया कि छात्राओं के लापता होने के पूरे मामले की जांच मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल को सौंपी गई है।

## महिला व दो बच्चे फंदे से लटके मिले

नोएडा (उप्र)। थाना बिसरख क्षेत्र के पुराना हैबतपुर गांव में एक घर की छत पर महिला और उसकी छह वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटे का शव रेलिंग पर फंदे से लटका मिला है। महिला ने पति से हुए विवाद के बाद बेटी और बेटे सहित कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोग तीनों को अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को एक निजी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि आरती (35) पत्नी राजकुमार, उनकी बेटी और बेटे को उनके परिवार के लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर उनकी मौत हो गई है।

# लखनऊवासियों को योगी का बड़ा तोहफा

### अच्छी आवासीय सुविधा देकर ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। वासंतीय नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के वासियों को बड़ा तोहफा दिया। सीएम योगी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे अनंत नगर आवासीय सुविधा के अंतर्गत पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए कहा कि अच्छी आवासीय सुविधा देकर ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष के बाद

- **सीएम योगी ने 800 एकड़ में 7 हजार करोड़ रुपए की लागत से बन रही अनंत नगर आवासीय योजना का वासंतीय नवरात्रि के अवसर पर किया शुभारंभ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक अच्छी आवासीय योजना के शुभारंभ के अवसर पर मैं लखनऊवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लगभग 800 एकड़ क्षेत्र में 7 हजार करोड़ रुपए की लागत से वसंत नगर आवासीय स्कीम लेकर आयी है।

वहीं, इस योजना के साथ ही एक इंटीग्रेटेड टाउन प्लानिंग के तहत एजुकेशन हब स्थापित करने के लिए 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आरक्षित की गई है। सीएम योगी ने कहा कि योजना के अंतर्गत हाईराइज अपार्टमेंट से साथ प्लॉट भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी योजना के अंतर्गत की गई है जो कि अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि लोगों



के जीवन में परिवर्तन हो, बेहतर आवासीय सुविधा प्राप्त हो, उनका जीवन और भी आसान हो इस दिशा में वसंत नगर आवासीय योजना की स्कीम फलदायी है तथा यह वन ट्रिलियन डॉलर के प्रदेश के सपने को सच करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्ष में अच्छी आवासीय सुविधा देने तथा ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने क्षेत्र में बड़े कदम बढ़ाए हैं। अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वक्फ संशोधन विधेयक सम्पत्तियों को अवैध कब्जों से दिलायेगा मुक्ति

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का पारित होना वक्फ संपत्तियों से संबंधित मुद्दों को हल करने के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के पारित होने पर सभी को बधाई देते हुए योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, कि देश की संप्रभुता को सुदृढ़ करते इस लोक-कल्याणकारी प्रयास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कोटिशः आभार। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस कदम की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला और मोदी के नेतृत्व में एक बड़ा सुधार बताया। मौर्य ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने पर देश के उन गरीब मुस्लिम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इस बार उत्तर भारत में सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी गर्मी

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि अगले छह दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने और दिल्ली में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

विभाग के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों में दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी मध्यप्रदेश शामिल है। आईएमडी ने बताया कि इस अवधि के दौरान मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। दिल्ली में छह या सात अप्रैल तक कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि भारत में अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान है, साथ ही मध्य एवं पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में लू चलने का अनुमान है। भारत में आमतौर पर अप्रैल से जून के बीच चार से सात दिन लू चलने के दर्ज किए जाते हैं। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक लू वाले दिन रहने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ संशोधन विधेयक

### कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और असदुद्दीन ओवैसी ने वैधता को दी चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती दी और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। जावेद की याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किये गये हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी।

अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं। ओवैसी की याचिका वकील लजफीर अहमद ने दायर की। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में मतदान किया, जिसके बाद इसे पारित कर दिया गया।



**"याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किये गये हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं।"**

लोकसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन, जबकि 232 ने विरोध किया। बिहार के किशनगंज से लोकसभा सांसद जावेद इस विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य रहे। उन्होंने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि विधेयक में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने के आधार पर ही वक्फ कर सकेगा। याचिका में कहा गया है, इस तरह की सीमाएं इस्लामी कानून, परंपरा के अनुसार निराधार हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं। जावेद की याचिका में दावा किया गया कि इन प्रतिबंधों से उन लोगों के खिलाफ भेदभाव होगा, जिन्होंने कुछ समय पहले इस्लाम धर्म अपनाया हो और अपनी संपत्ति धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित करना चाहते हों। लिहाजा इससे संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन होता है। अनुच्छेद 15 धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के निषेध से संबंधित है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना में संशोधन करके वक्फ प्रशासनिक निकायों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जागेश्वर प्रसादम योजना का किया शुभारंभ

### सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागृति फैलाती है लोक संस्कृति : धामी

प्रमुख संवाददाता

अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जनपद के चौखुटिया में मां अग्नेरी के ऐतिहासिक मंदिर प्रांगण में आयोजित चैत्र अष्टमी मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मां अग्नेरी की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि हमारी लोक संस्कृति लोककला एवं समृद्ध परम्पराओं को संजोने के साथ ही सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन जागृति फैलाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह अपने आप में अनूठी बात है कि इस मेले में कुमाऊ, गढ़वाल के लोकगीतों और




लोक कलाओं के अद्भुत प्रदर्शन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, खेती बचाओं, नशा उन्मूलन जैसे जन जागरुकता वाले नाटक और झॉकियों का प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले यूसीसी कानून बनाने का गौरव उत्तराखण्ड ने हासिल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सरकार अनेक नवाचारों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में इस क्षेत्र की 28 सड़कों और स्वीकृत हुई है जो आने वाले समय ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- रोजगार मेलों के लिए तैयार करें नवीन एसओपी (पृष्ठ-02)
- 2024-25 में 2,13,287.94 करोड़ का राजस्व (पृष्ठ-02)
- पश्चिम का प्रौद्योगिकी उपनिवेश न बने भारत (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 85.25 (पृष्ठ-14)
- अमेरिका ने भारत पर शुल्क घटाकर 26% किया (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी दी

## रेलवे की 18,658 करोड़ की चार परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शुक्रवार को रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर स्थित गांवों के समग्र विकास के लिए शुरू किये गए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में, मंत्रिमंडल ने शत प्रतिशत वित्त पोषण वाली केंद्र की योजना के रूप में इस कार्यक्रम के दूसरे चरण (वीवीपी-2) को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम सुरक्षित, संरक्षित और जीवंत भूमि सीमाओं के लिए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। कार्यक्रम का दूसरा चरण अपने पहले चरण के तहत कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं से लगे गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा। विज्ञप्ति के मुताबिक महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में फैली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा




नेटवर्क में लगभग 1,247 किलोमीटर की वृद्धि होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन के बीच तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा के बीच पांचवी और छठी लाइन और गोंदिया-बलहारशाह मार्ग का दोहरीकरण शामिल है। सरकार के मुताबिक इन परियोजनाओं से रेलगाड़ियों की गति में सुधार होगा जिससे भारतीय रेलवे बेहतर दक्षता से युक्त और विश्वसनीय सेवा मुहैया करा सकेगी।

विज्ञप्ति के मुताबिक ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। इसमें कहा गया कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगा, जिससे उनके रोजगारास्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार के मुताबिक ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल संपर्क के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हो पाई हैं और लोगों की आवाजाही और वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। विज्ञप्ति के मुताबिक इन परियोजनाओं के साथ 19 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा जिससे दो आकांक्षी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या में श्रद्धालुओं पर ड्रोन से होगी सरयू जल की वर्षा

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामनवमी पर भव्य महोत्सव की तैयारी की गयी है और इस मौके पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन के जरिये सरयू के जल की बौछार की जाएगी।

रामनवमी छह अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में इस बार रामनवमी का पर्व ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बयान के अनुसार, रामनवमी के अवसर पर पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होने जा रहा है, जो इस पर्व को और भी खास बना देगा। इसके साथ ही अष्टमी और नवमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बयान में कहा गया कि राम कथा पार्क के बगल में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में देश के नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बयान में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के हवाले से कहा गया कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर सरयू नदी के पवित्र जल की फुहार डाली जाएगी। इसके लिए ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला मां सरयू के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को ध्यान में रखकर लिया गया है। जिलाधिकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर









# एडीजी स्कूल में पढ़ाई के साथ मौज-मस्ती के नाम रहा बच्चों का पहला दिन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एडीजी स्कूल, लखनऊ में शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 के बहुप्रतीक्षित पहले दिन शुक्रवार को उत्साह साफ देखा जा सकता था। नए सत्र की शानदार शुरूआत के साथ, स्कूल परिसर में नर्सरी से कक्षा सातवीं तक के छात्रों के उत्साह, ऊर्जा और हर्षोल्लास से भरा माहौल था।

दिन की शुरूआत एक भावपूर्ण मॉर्निंग असेंबली से हुई, जहां कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवीं तक के छात्र सीखने और विकास के एक और वर्ष की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए। असेंबली में जोश भरा हुआ था क्योंकि युवा छात्रों ने प्रार्थना, गीत और विचारोत्तेजक भाषणों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे आने वाले दिन की शुरूआत हुई। प्रिंसिपल अंजना स्वामी ने छात्रों और कर्मचारियों को प्रोत्साहन और प्रेरणा के एक शक्तिशाली संदेश के साथ संबोधित किया। उन्होंने सभी को याद दिलाया कि एक नया स्कूल वर्ष अपने साथ सीखने, बढ़ने और अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से विकसित होने का अवसर लेकर आता है। प्रत्येक दिन बेहतर बनने का अवसर है और एडीजी स्कूल हर छात्र की क्षमता का पोषण करने के लिए यहां है। उन्होंने गर्मजोशी से कहा कि छात्रों को आने वाले वर्ष की चुनौतियों और उत्साह को अपनाने के लिए प्रेरित किया। निदेशक सोनाक्षी दास की सुखद उपस्थिति ने इस अवसर की भावना को और बढ़ा दिया। उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ सुश्री दास ने छात्रों और कर्मचारियों को बधाई दी, उन्हें हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके ज्ञान के शब्द छात्रों और शिक्षकों दोनों के साथ गहराई से जुड़े, उन्हें एक

- **स्कूल परिसर में नर्सरी से कक्षा सातवीं तक के छात्रों का उत्साह, ऊर्जा और हर्षोल्लास से भरा दिखा माहौल**





उज्जवल भविष्य के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। इस दिन को और भी यादगार बनाने के प्रयास में, छात्रों ने एक इंटरैक्टिव स्कूल टूर शुरू किया। इस टूर ने उन्हें परिसर और इसकी विभिन्न सुविधाओं के बारे में गहरी समझ प्रदान की। कक्षाओं से लेकर खेल के मैदानों तक, छात्रों को अपने सीखने के माहौल से परिचित होने और स्कूल समुदाय की गर्मजोशी और जीवंतता का अनुभव करने का मौका मिला। मजा यहीं नहीं रुका, प्रवेश द्वार के पास स्थापित सेल्फी बूथ छात्रों के बीच जल्दी ही हिट हो गया। चाहे वह दोस्तों के साथ हो या शिक्षकों के साथ, हर कोई उस पल को कैद करने और स्कूल में अपने पहले दिन की स्थायी यादें बनाने के लिए उत्सुक था।

कक्षाओं में उत्साह जारी रहा, जहां एनर्जाइजर दिन की गतिविधियों का मुख्य आकर्षण थे। शिक्षकों ने आकर्षक कक्षा गतिविधियों का नेतृत्व किया, जिससे छात्रों को टीम भावना का निर्माण करने और सीखने की लय में आने में मदद मिली। मजेदार खेलों से लेकर समूह कार्यों तक, एनर्जाइजर ने सुनिश्चित किया कि छात्र आगे आने वाली शैक्षणिक चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें, और साथ ही साथ उन्होंने खूब मौज-मस्ती भी की। शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक (पीटीआई) द्वारा आयोजित खेल गतिविधि का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए। छात्रों ने कई खेलों में भाग लिया, जिससे न केवल उन्हें अपने साथियों के साथ जुड़ने में मदद मिली, बल्कि शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क को भी बढ़ावा मिला।

चाहे वह फुटबाल का दोस्ताना खेल हो या कुछ मजेदार रिले रेस, खेल गतिविधियां हिट रहीं और छात्रों को और अधिक के लिए उत्सुक कर दिया। एडीजी स्कूल, लखनऊ में स्कूल का पहला दिन शैक्षणिक उत्साह, रचनात्मक अभिव्यक्ति और शारीरिक ऊर्जा का शानदार मिश्रण था। इसने छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए विकास, खोज और अंतहीन अवसरों से भरे एक आशाजनक वर्ष के लिए मंच तैयार किया। हम उपलब्धियों, सीखने और निरंतर उत्कृष्टता से भरे एक सफल शैक्षणिक वर्ष की आशा करते हैं।

## सीएम योगी ने मशहूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर जताया शोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मशहूर अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार का निधन कला और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि महान अभिनेता, प्रख्यात फिल्म निर्देशक, पद्मश्री से सम्मानित मनोज कुमार का निधन अत्यंत दुःखद तथा कला एवं फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है।

उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों और उनके प्रशंसकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। देशभक्ति पर आधारित शहीद, उपकार एवं पूरब और पश्चिम जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अभिनय के बाद भारत कुमार के नाम से मशहूर दिग्गज अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार का शुक्रवार को तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। कुमार की फिल्मों ने 1960 और 1970 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। मनोज कुमार के पारिवारिक मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया कि कुमार पिछले कुछ समय से बीमार थे और उम्र संबंधी समस्याओं के कारण उनका कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में तड़के करीब साढ़े तीन बजे निधन हो गया।

## रोजगार मेलों के लिए तैयार करें नवीन एसओपी : प्रमुख सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में शुक्रवार को कौशल विकास मिशन कार्यालय में समीक्षा बैठक की गयी। इस बैठक में उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति की वार्षिक समीक्षा की गयी तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य-योजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अधिकारियों द्वारा तैयार प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित रणनीति का संज्ञान लिया। प्रमुख सचिव द्वारा मिशन के कार्य क्षेत्र को विस्तारित करने तथा मुख्यालय में कार्मिकों की संख्या में वृद्धि व उनकी क्षमता निर्माण किए जाने पर सहमति व्यक्त की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता में वृद्धि करने के उद्देश्य से डॉ. हरिओम ने प्रत्येक जनपद में एक मास्टर ट्रेनर तैनात करने तथा प्रत्येक त्रैमास में मुख्यालय पर उनकी ट्रेनिंग कराने पर जोर दिया। इसके लिए रिसोर्स पर्सन की सूची तैयार करने के निर्देश प्रदान किये गये। प्रमुख सचिव ने विभिन्न प्रकार घरेलू कामगारों के कौशल विकास और उनके रोजगार को बढ़ावा देने हेतु हर जनपद में इसके लिए डोमेस्टिक हेल्प कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए निर्देश दिए। डोमेस्टिक हेल्प कौशल प्रशिक्षण केंद्र में संचालित किये जाने वाले उपयोगी पाठ्यक्रमों को भी निर्धारित करने के निर्देश दिये गये। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने ऐसे प्रशिक्षण प्रदाताओं को हटाने के निर्देश दिये, जो विगत तीन वर्षों अथवा उससे अधिक समय से अक्रियाशील हैं तथा ऐसे प्रशिक्षण प्रदाता, जिनकी विगत तीन वर्षों की प्रगति असंतोषजनक श्रेणी में है, के आबद्धीकरण को समाप्त किये जाने के निर्देश दिये।

उप्र कौशल विकास मिशन में प्रभावशाली संस्थाओं को आबद्ध किये जाने के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिये। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेलों के लिये नवीन एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये तथा मेलों के आयोजन के लिये सेवा प्रदाता एजेंसी को आबद्ध करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये। संयुक्त निदेशक द्वारा प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग को जोड़े जाने के सुझाव पर भी प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा सहमति व्यक्त की गयी तथा प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा ग्रीन एनर्जी सेक्टर में उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदान किया जा रहे विशिष्ट प्रशिक्षण की परियोजना के भौतिक निरीक्षण जनपद इकाइयों से करने के निर्देश भी दिए गए ताकि इसकी गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके। बैठक में मिशन निदेशक अभिषेक सिंह, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार, सहायक निदेशक डॉ. एमके सिंह तथा आशीष कुमार के साथ-साथ समस्त प्रबंधक व सहायक प्रबंधक मैनेजर उपस्थित रहे।

- **प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने की कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक**
- **प्रत्येक जनपद में एक मास्टर ट्रेनर तैनात करने तथा मुख्यालय पर ट्रेनिंग कराने पर दिया जोर**



## 'सरस मेला' में मौजूद है हस्तशिल्प का शानदार संग्रह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा.निर्देशों के अनुरूप, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने व समूहों की महिलाओं के आजीविका संवर्धन करते हुए उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 'क्षेत्रीय सरस मेला' का भव्य आयोजन उत्तराखंड भवन, विभूति खंड में किया गया है।

इसी तरह रामकथा पार्क अयोध्या धाम में भी क्षेत्रीय सरस मेले का आयोजन किया गया है। अयोध्या में यह मेला 5 अप्रैल तक तथा उत्तराखंड भवन विभूति खण्ड गोमतीनगर में 8 अप्रैल चलेगा। यह मेला प्रतिदिन 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक चल रहा है। इस मेले में हर उम्र के दर्शकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों का एक शानदार संग्रह प्रस्तुत किया जा रहा है। यह मेला विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लेकर बिहार, उत्तराखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम और केरल जैसे राज्यों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विशिष्ट हस्तशिल्प उत्पाद भी शामिल हैं। इस मेले में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के समूहों के उत्पाद जैसे प्रतापगढ़ का आंवला उत्पाद, कानपुर देहात की साड़ियां और सूट, गोरखपुर का टेराकोटा, उन्नाव की साड़ियां और सूट, और बागपत की प्रसिद्ध बेड शीट्स प्रदर्शित किए गए हैं।



## वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिला 2,13,287.94 करोड़ का राजस्व

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के मार्च माह तक कुल 2,13,287.94 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च माह तक 1,93,329.10 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्ष 2023-24 की तुलना में 19,958.84 करोड़ रुपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का लगभग 79 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। वित्त मंत्री ने बताया राज्य कर के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1,14,631.68 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 73 प्रतिशत है। जीएसटी के अन्तर्गत माह मार्च, 2025 तक कुल 82,535.14 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष मार्च, 2024 के माह तक प्राप्ति 75,157.81 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह मार्च, 2025 तक 32,096.54 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह मार्च, 2024 तक प्राप्ति 31,113.98 करोड़ रही थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह मार्च, 2025 तक कुल 52,574,52 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 90.2 प्रतिशत है। गत वर्ष माह मार्च, 2024 तक आबकारी मद के अतर्गत प्राप्ति 45,570.74 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह मार्च, 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 30,205.97 करोड़ है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य का 84.7 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस मद के अंतर्गत प्राप्ति 26,960.20 करोड़ रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह मार्च, 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 11,499.01 करोड़ है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। इस मद में वर्ष 2023-24 में माह मार्च, 2024 तक प्राप्ति 10,539.06 करोड़ रही थी।

- **मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वर्ष 2024-25 में वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 19,958.84 करोड़ की वृद्धि**



## जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में घालमेल, तत्कालीन सीएमओ की तीन वेतनवृद्धि रोकी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भदोही में केंद्र सरकार की जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को अनियमित भुगतान का मामला सामने आया है। वर्ष 2017 से 2021 के बीच जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में गड़बड़ी पकड़ में आई है।

ऑडिट टीम ने जांच कर आपत्ति जाहिर की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर महानिदेशक प्रशिक्षण ने भी मामले की जांच की। जिसमें अनियमित्ता उजागर हुई। डिप्टी सीएम ने तत्कालीन सीएमओ डॉ. जीबीएस लक्ष्मी की तीन वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए हैं। भदोही में वित्तीय वर्ष 2017 से 2021 के बीच जननी सुरक्षा योजना में ऑडिट टीम की जांच की। जिसमें लाभार्थियों को कई.कई बार अनियमित भुगतान किये जाने का मामला पकड़ में आया। वित्तीय अनियमितताएं व चिकित्सकीय सामग्री के क्रय में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किया गया। अनियमितताओं के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबन्ध निदेशक के निर्देश पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने जनवरी 2022 में त्रिस्तरीय जांच समिति गठित की। कमेटी ने तत्कालीन सीएमओ डॉ. लक्ष्मी से लगातार समस्त अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखे लेकिन डॉ. लक्ष्मी ने कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया। मामला डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के संज्ञान में आया। उन्होंने तत्कालीन महानिदेशक प्रशिक्षण डॉण नरेन्द्र अग्रवाल से पूरे प्रकरण की जांच कराई। जांच रिपोर्ट में डॉण लक्ष्मी को उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलनाए जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से न करने एवं वित्तीय अनियमितता संबंधी समस्त आरोप सही पाए गए। रिपोर्ट के आधार पर डिप्टी सीएम ने मौजूदा समय में जौनपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जीबीएस लक्ष्मी की तीन वेतनवृद्धियों स्थायी रूप से रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया गया है। वहीं, फतेहपुर में डिप्टी सीएमओ डॉण निशान्त एस शहाबुद्दीन पर बलिया में तैनाती के दौरान लोक सेवा आयोग के दायरे में आने वाले दस वाहन चालकों की अनियमित ढंग से नियुक्ति करने का आरोप लगे। जांच में आरोप सही मिले। डिप्टी सीएम ने डॉ. शहाबुद्दीन की दो वेतनवृद्धियों स्थायी रूप से रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया है। उधर, बस्ती स्थित कैली में ओपेक चिकित्सालय के डॉ. पराग अग्रवाल पर जेपी नगर, जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान फर्जी मेडिकोलीगल करने के आरोप लगे। जांच में आरोप सही पाए गए। डिप्टी सीएम ने एक वेतनवृद्धि स्थायी रूप से रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया है। उधर, बहराइच सीएमओ के अधीन डॉ. मिथिलेश कुमार ने बलरामपुर के पचपेड़वा में प्रभारी अधीक्षक के पद पर रहते हुए टीकाकरण एवं जनहित से जुड़े राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उदासीनता बरती। लापरवाही के आरोपों की जांच में डॉ. मिथिलेश दोषी पाए गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डॉ. मिथिलेश की दो वेतनवृद्धि दो वर्ष के लिए रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस बावत कहा कि यदि कोई डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी सोचता है कि वह अनियमितता करके स्थानान्तरण या रिटायरमेंट के बाद दोष या दण्ड से बच जायेगा तो वह गलत है।

- **भदोही में सामने आया केंद्र सरकार की योजना में अनियमित भुगतान का मामला**
- **महानिदेशक प्रशिक्षण की जांच रिपोर्ट पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की बड़ी कार्रवाई**



### गैरहाजिर तीन डॉक्टरों पर गिरी गाज

लंबे समय से बिना किसी सूचना के गैरहाजिर डॉक्टरों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीनों डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसमें सहारनपुर टीबी सेनेटोरियम के डॉ. संजीव कुमार जैन, आगरा स्थित पिनाहट जगतपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डा. अमित कुमार और बलिया सोनवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार सिंह शामिल हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके सरकारी आवास में मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने की शिष्टाचार भेंट

**ट्रेन रहेगी निरस्त :** लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-कोंडापल्ली खण्ड पर स्थित महबूबाबाद स्टेशन पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में प्री नान इंटरलाक एवं नान इंटरलाक कार्य किये जाने के कारण गोरखपुर से 22, 23 एवं 25 मई को चलने वाली 12511 गोरखपुर-तिरूवनंतपुरम उत्तर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

संक्षेप

## फर्जी दरोगा गिरफ्तार, तमंचा बरामद

बलिया। जिले के नगरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से पुलिस उप-निरीक्षक का नकली पहचान पत्र व वर्दी में फोटो के साथ ही तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि नगरा थाने की पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को गौरा मदनपुरा मार्ग पर फायर स्टेशन के पास जांच पड़ताल के दौरान एक युवक को रोका गया। पूछताछ में 31 वर्षीय युवक ने अपना नाम अमित कुमार यादव निवासी बलिया बताया। उन्होंने बताया कि यादव की तलाशी लेने पर उसके पास से उत्तर प्रदेश पुलिस के उप-निरीक्षक का एक फर्जी पहचान पत्र व वर्दी में फोटो, एक खिलौना बंदूक, एक तमंचा, एक कारतूस और एक कार बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अमित ने पुलिस को बताया कि वह जरूरत पड़ने पर लोगों को डराने और अपने फायदे के लिए पुलिस का पहचान पत्र दिखाता था और वर्दी का इस्तेमाल करता था।

## जश्न में नाचते समय व्यवसायी बेहोश होकर गिरा, मौत

बरेली। बरेली के 45 वर्षीय जूता व्यापारी वसीम की शादी की सालगिरह में नाचते समय दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। वसीम को यहां पत्नी फराह के साथ अपनी शादी की 25वीं सालगिरह के जश्न के दौरान नाचते समय दिल का दौरा पड़ा। यह घटना बुधवार रात को बरेली के शाहाबाद इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में हुई, जहां परिवार और दोस्त इस अवसर पर एकत्र हुए थे। कार्यक्रम के वीडियो फुटेज में वसीम को करीब दो मिनट तक नाचते हुए देखा जा सकता है, जबकि रिश्तेदार तालियां बजा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक एक तरफ हट गये, संतुलन खो बैठे और गिर पड़े। परिवार के सदस्य वसीम को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने वसीम को दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि की। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने कहा कि परिवार ने अधिकारियों को मौत की सूचना नहीं दी है। अगर परिवार ने इसकी सूचना दी होती, तो मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम किया जा सकता था। वसीम को बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## त्रिवेणी संगम से 1,000 बोतल गंगा जल जर्मनी भेजा गया

प्रयागराज। प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम के जल की विदेशों में बढ़ती मांग के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को कहा कि गंगा जल की1,000 बोतलों की पहली खेप जर्मनी भेजी गई है। सरकार ने एक बयान में कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक यहां आयोजित महाकुंभ मेले में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, इसके लिए प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अग्नि शमन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल पहुंचाया। प्रयागराज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की तरफ से त्रिवेणी के गंगा जल की 1,000 बोतलें यहां से जर्मनी भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के माध्यम से यह जल विदेश भेजा गया है। महाकुंभ आयोजन के समय ही जनपद में बड़े स्तर पर त्रिवेणी के गंगा जल की पैकेजिंग की शुरुआत महिला स्वयं सहायता समूह की तरफ से की गई थी। जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की प्रभारी नमिता सिंह ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन के बाद अब तक 50,000 से अधिक बोतल में पैक गंगा जल स्वयं सहायता समूह की उनकी महिलाओं द्वारा भेजा चुका है। हाल ही में नागपुर के शिव शंभू ग्रुप सोसायटी को 50,000 बोतल त्रिवेणी का जल भेजा गया है।न

## युवक ने खुदकुशी की

बलिया। शहर के कोतवाली क्षेत्र में 28 वर्षीय युवक ने पत्नी से झगड़े के बाद कथित तौर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बेदुआ मोहल्ले में राज कुमार गुप्ता ने बृहस्पतिवार देर शाम घर की दूसरी मंजिल पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भारत किसी का पिछलग्गू नहीं : सीएम

- सीएम ने गुरू गोरखनाथ ज्ञान स्थली वृंदावन नगर पंचायत भवन क किया उद्घाटन

राम आशीष दूबे



**सिद्धार्थनगर** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन उड़न खटोला हेलीकॉप्टर से जिले के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के गुरु गोरखनाथ ज्ञान स्थली वृंदावन नगर पंचायत भारतभारी के बगल में स्थित बने हेलीपैड पर हेलीकाप्टर पहुंचा इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर व विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही विधायक बांसी जयप्रताप सिंह विधायक विनय वर्मा व जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह महेश शुक्ल उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग उक्त कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरू गोरक्षनाथ ज्ञान स्थली, वृन्दावन, नगर पंचायत भारतभारी के शिलापट का अनावरण किया गया , पश्चात इसके गुरू गोरक्षनाथ ज्ञान स्थली, वृन्दावन, नगर पंचायत भारतभारी भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा गुरू गोरक्षनाथ की मूर्ति का अनावरण किया गया। बाद इसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंच पर मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर। गुरू गोरक्षनाथ ज्ञान स्थली, वृन्दावन, नगर पंचायत भारतभारी के बच्चों द्वारा मॉ सरस्वती बन्दना की प्रस्तुति की गयी। पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विद्यालय परिवार द्वारा मुख्यमंत्री जी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया को करूणा और अंहिसा का सन्देश देने वाले राजकुमार सिद्धार्थ के नाम पर इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा। मैं इस धरती को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ। आज वसन्तीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि है। आज मॉ काली की आराधना होती है। आज इस ज्ञान स्थली का लोकार्पण हो रहा है। इसके लिए मैं सभी लोगो को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा भारत की परम्परा में शिक्षा के लिए चारो तरफ से रास्ता खुला छोड़े। ज्ञान ही जीवन में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। जीवन के आलौकिक होने का स्वागत करना चाहिए। जीवन में किसी को ज्ञानवान बनाने से अच्छा कुछ नही है। कई वर्षो बाद मुझे यहां आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 2008 से पहले यहां बहुत चुनौतियां थी। चारो तरफ असुरक्षा का वातावरण था। शिक्षा के लिए जितना भी किया जाये कम है। शिक्षा पर किया जाने वाला व्यय व्यर्थ नही होता है। पिछले 10 वर्षो में आप लोगो ने भारत को बदलते देखा है। आज नया भारत है। एक भारत है श्रेष्ठ भारत है। आज भारत किसी का पिछलग्गू नही है। विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। विरासत और पहचान के रूप में देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। अयोध्या में श्रीराम मन्दिर का भव्य निर्माण हो रहा है। प्रयागराज में 66 करोड़ लोगो ने कुम्भ में स्नान किया है। यह भारत की सामर्थ्य को प्रस्तुत करते है। अपने सौहार्द की ताकत का एहसास कराते है। भारत की संस्कृति में किसी पर बल पूर्वक अधिकार करना नही है। श्री राम ने रावण का बध कर वहां विभीषण का राज्याभिषेक किया। बालि का बध कर सुग्रीव का राज्याभिषेक किया। किसी भी कालखण्ड में तलवार के बल पर किसी पर शासन नही किया है। राजकुमार सिद्धार्थ ने बचपन का समय इसी धरती पर व्यतीत किया। मुख्यमंत्री ने कहा ज्ञान प्राप्त होने के बाद कुछ समय लुम्बिनी में रहे। बौद्ध धर्म को मानने वाले दुनिया के बहुत से बड़े-बड़े देश है।

# गुमशुदा महिला की हत्या का खुलासा

- अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त कार, दुपट्टा व मोबाइल बरामद

बलरामपुर। मदन कुमार आर्य पुत्र स्व सहजराम निवासी मोहल्ला सिविल लाइन थाना को0नगर द्वारा उनकी पत्नी विनीता सरोज के कहीं चले जाने के सम्बन्ध मे थाना को0 नगर को सूचना दी थी । इस सूचना पर कोतवाली नगर में तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश हेतु उनके परिजन और संपर्क में रहने वाले लोगों गौनरिया बिसुही नदी के पुल के नीचे से मृतका के शव को बरामद किया गया और इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0 नगर अन्तर्गत गुमशुदा महिला की बरामदगी हेतु टीमें गठित कर गुमशुदा महिला की शीघ्र बरामदगी हेतु दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर



से पूछताछ की गई । पूछताछ में उमेश कुमार राव जो एचडीएफसी बैंक में सेल्स ऑफिसर है जिसकी गतिविधिया काफी संदिग्ध लगीं तो उसे पुलिस हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई तो यह बताया कि विनीता से मेरे नजदीकी संबंध थे कुछ कारणों से खिन्न होकर मैने ही एक अप्रैल को विनीता को उसके घर के पास बुलाकर अपनी ब्रेजा कार से घूमने के बहाने अपने साथ जनपद गोंडा के खरगूपुर क्षेत्र ग्राम गौनरिया बिसुही नदी के पुल के पास ले जाकर हत्या कर शव को पुलिया के नीचे छिपाने की नीयत से फेंक दिया था । बलरामपुर को0नगर पुलिस टीम द्वारा उमेश कुमार राव की निशानदेही पर जनपद गोण्डा कोतवाली खरगूपुर क्षेत्र के ग्राम श्रीमती ज्योतिश्री के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह थाना को0 नगर बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में कोतवाली नगर क्षेत्र से हुई गुमशुदा महिला की सूचना मिलते ही गुमशुदा की तलाश हेतु गठित कोतवाली नगर पुलिस टीम व अन्य टीमें तलाश हेतु तत्काल घटनाक्रम के सभी पहलुओं पर जांच प्रारंभ कर लोगों से इस संबंध में पूछताछ की गयी एवं गुमशुदा के तलाश हेतु सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी सहारा लिया गया तथा गुमशुदा महिला के घर से आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देखे गये और गुमशुदा की बरामदगी हेतु गठित सभी टीमों व सर्विलांस टीम द्वारा अनवरत प्रयास किया जा रहा था ।

# नौ मई को होगा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ का चुनाव

- देवी प्रसाद अध्यक्ष व विकास मिश्र चुनाव समिति के महामंत्री हुए चयनित

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शुक्रवार को चुनाव समिति के पदाधिकारियो का चयन हुआ। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में पन्द्रह सदस्यीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमे सर्वसम्मत से पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र को अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र को महामंत्री चुना गया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को संरक्षक तथा रामलगन यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अजय शुक्ल गुडडू को उपाध्यक्ष चयनित किया गया है। शिवाकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष तथा संजय सिंह आय व्यय निरीक्षक व रमेश पाण्डेय मंत्री एवं राजेन्द्र विश्वकर्मा सूचना एवं प्रचार मंत्री चयनित किये गये। समिति ने संजय सिंह, प्रमोद सिंह, करूणाशंकर मिश्र प्रदीप, घनश्याम सरोज, मो. इरफान अली सदस्य चुनें गये। वहीं समिति द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल के समय को देखते हुए संघ का चुनाव नौ मई को तथा दक्षता भाषण एक दिन पूर्व आठ मई को कराए जाने का ऐलान किया। प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश ने बताया कि चुनाव के अन्य सभी पूर्व घोषित कार्यक्रम यथावत रहेंगे।

## आगजनी में गृहस्थी हुई खाक



प्रतापगढ़। चूल्हे में लगे गैस सिलेण्डर के अचानक लीकेज हो जाने से घर में आग लग गयी। आगजनी में गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। सांगीपुर थाना के इदिलपुर गांव में रामसमुझ कोरी के पुत्र रामू के घर गुरूवार की सुबह सिलेण्डर में लीकेज होने से आग लग गयी। अचानक आगजनी से घर में अफरातफरी मच गयी। इदिलपुर प्रधान अमर बहादुर सिंह के साथ ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह मशक्कत कर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि आगजनी में गृहस्थी का पूरा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया है।

## भगवान के प्रति ध्यान सदैव अभिमान मुक्त होना चाहिए : आचार्य संतोष जी



प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के चंदापुर गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को कथाव्यास भागवतभूषण आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि भक्त को सदैव भगवान के प्रति श्रद्धा के भाव ही रखना चाहिए। उन्होनें कहा कि भगवान के प्रति अनुराग सदैव अभिमान रहित होना चाहिए। आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए सत्य के अस्त्र को न्यायोचित सदुपयोग का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होने कहा कि शास्त्र और शस्त्र सदैव न्याय तथा लोक कल्याण की रक्षा का कवच हैं। आचार्य संतोष जी ने कहा कि श्रीमदभागवतगीता के उपदेश हमारे जीवन के सुमंगल को दीर्घजीवी बनाया करते हैं। उन्होनें कहा कि सुपथ और सुचरित्रता ही कथा के मर्म को समझने का सुअवसर उपलब्ध कराया करती है। वहीं भजन व आरती मे भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कथा के संयोजक समाजसेवी मेजर वीरेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने मनोरमा त्रिपाठी के साथ व्यासपीठ का वैदिक पूजन अर्चन किया। संचालन पं. हेमन्त शुक्ल ने किया। इस मौके पर रेखा शुक्ला, अंजू, आशुतोष त्रिपाठी, शिवभूषण, आलोक त्रिपाठी, सौरभ, अक्षत, नीलमणि, कृपाशंकर आदि

## विशेष चेकिंग अभियान में एक ऑटो सीज



श्रावस्ती। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद में अवैध और अपंजीकृत ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को प्रभारी यातायात श्री मो. शमीम व उनकी टीम ने कोतवाली भिनगा क्षेत्र समेत जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की गई और अवैध रूप से संचालित एक ऑटो रिक्शा को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया। साथ ही, कई वाहन चालकों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की गई।सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया गया इस मौके पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, गुड सेमेरिटन योजना के तहत लोगों को सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री ने देवीपाटन में नवरात्र मेले का लिया जायजा

- दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे सीएम योगी
- अष्टमी पर मां पटेश्वरी देवी के मंदिर में करेंगे दर्शन-पूजन

जिला संवाददाता (vol)



**बलरामपुर** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने यहां देवीपाटन स्थित तुलसीपुर में चल रहे नवरात्रि मेले का जायजा लिया। सीएम योगी गुरु गोरखनाथ ज्ञान स्थली विद्यालय, डुमरियागंज से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा मां पाटेश्वरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भयनियापुर के हेलीपैड पर पहुंचे। यहां से कार द्वारा वह देवीपाटन मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री देवीपाटन मंदिर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार को वह वासंतिक नवरात्रि की अष्टमी पर मां पाटेश्वरी देवी शक्ति पीठ के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही मंदिर परिसर स्थित गौशाला में गायों को चारा और गुड़ खिलाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए देवीपाटन मंदिर क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस कोल्ड स्टोरेज में लगी आग

हाथरस। जिले के सासनी कोतवाली क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए 80 घंटे बाद भी मशक्कत जारी है। अधिकारियों ने अनुमान जताया कि श्री हरि कोल्ड स्टोरेज में लगी आग से अब तक करीब 40-50 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। कोल्ड स्टोरेज के मालिक ने दावा किया कि आलू के अलावा गोदाम में सूखे मेवे, मसाले और अन्य सामान भी रखे हुए थे।

पुलिस के मुताबिक, आग लगने की सूचना सबसे पहले एक अप्रैल की रात करीब दो बजे मिली। कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी और तब से आग बुझाने का काम जारी है।

# महिला थाने ने पहल कर 3 परिवारों को बिखरने से बचाया



सिद्धार्थनगर। परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण( टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम ) के तहत महिला थाना द्वारा 03 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवार को बिखरने से बचाया गया । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डाक्टर अभिषेक महाजन के निर्देश पर आज 4 अप्रैल को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण( टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम ) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 03 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है । 03 परिवार को बिखरने से बचाने में महिला थानाध्यक्ष शाइस्ता, उ0नि0 रामनारायण शुक्ला, म0हे0का0 सत्या त्रिपाठी, म0हे0का0 सविता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा । खुशबू पत्नी दयाराम निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर । आरती पत्नी शैलेश निवासी ग्राम गोसाईगंज थाना मोहना जनपद सिद्धार्थनगर । आसिया पत्नी सेराज निवासी रेहरा बाजार सुभाष नगर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर ।

# संसद में भाजपा का आचरण अलोकतांत्रिक : प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने राज्यसभा की कार्रवाई को सदन की अनुशंसा के बगैर समय सीमा बढ़ाने पर दागा सवाल



**प्रतापगढ़** । राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर जनता के प्रति संसद में भी गैर जबाबदेही को लेकर शुक्रवार को कड़ा हमला बोला है।

उन्होनें कहा कि भाजपा तानाशाही पर इस कदर अमादा हो गयी है कि वह अब संसद के दोनों सदनों में गतिरोध के जरिए ज्वलंत राष्ट्रीय मुददो पर चर्चा से भाग रही है। उन्होने कहा कि गुरूवार को राज्यसभा में बिना सदन की अनुशंसा के निर्धारित समय के बाद नियम को धता बताकर सदन का संचालन कराया जाना सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय नियमों व कानूनों की अनदेखी इतिहास में पहली बार सामने आया है। उन्होने राज्यसभा में गुरूवार की देर रात सदन की अनुशंसा को लेकर गंभीर सवाल भी दागते हुए सदन की कार्रवाई की समय सीमा में बढोत्तरी को लेकर मूल सिद्धांत के परिपालन की आवाज उठाई। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मणिपुर अशान्त है।

उन्होने कहा कि वहां राष्ट्रपति शासन की मंजूरी के लिए तीन घंटे की राज्यसभा में चर्चा पर सहमति बनी थी। उन्होनें कहा कि विपक्ष के इस गंभीर मसले पर वृहद चर्चा की मांग को दबाने के लिए देर रात मणिपुर के हालात पर देश की चिन्ता को दरकिनार कर मात्र पचास मिनट में राष्ट्रपति शासन की चर्चा की औपचारिकता पूरी किया जाना गैर जिम्मेदारानापन है। उन्होनें कहा कि भाजपा संसदीय परम्पराओं पर भी लगातार आघात पहुंचा रही है। उन्होने कहा कि संसदीय इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष की ओर से सदन की कार्रवाई में गतिरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि विपक्ष की जगह सत्तारूढ़ दल का सदन में गतिरोध खड़ा करना सिर्फ जनता के असल मुददो पर विपक्ष की आवाज को जबरिया दबाने का अलोकतांत्रिक हथकण्डा है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा में सदन का सदस्य न होने के बावजूद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर सत्ता पक्ष के सांसद ने असंसदीय अभद्र आरोप लगाये। उन्होने कहा कि सत्ता पक्ष के सदस्य के द्वारा इस अलोकतांत्रिक तथा अमर्यादित टिप्पणी को स्वयं लोकसभा की कार्रवाई से हटाने की विवशता भी फिर सामने आयी। उन्होनें कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगातार आयात शुल्क थोपा जा रहा है।

## दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर

बांसी। सिद्धार्थनगर ।विधानसभा क्षेत्र बांसी के खेसरहा में ग्राम मैथवलिया में मां कालेश्वरी देवी मंदिर पर नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पहुचे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री एवं सिद्धार्थ नगर के जिला प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह रहे।।

इस अवसर पर पधारे बगल के विधान सभा मेहदावल के लोकप्रिय विधायक अनिल त्रिपाठी,एवं पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री इटवा विधानसभा के पूर्व विधायक सतीश द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह ,जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान,जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ,पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार कुंवर ,लाल बाबा त्रिपाठी ,मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा,जिला महामंत्री विपिन सिंह ,कार्यक्रम के आयोजक- प्रभाष्कर राय ,अर्जुन राजभर ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर के सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में आने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में कौशलेंद्र राय ,आदर्श राय ,अशोक राव ,जगदीश राजभर, नागेंद्र राय ,शैलेंद्र राय, रजत राय,अतुल राय, हरकेश राजभर जी,शिवम्‌राजभर ,नित्यानंद पांडे ,प्रमुख यादव, विश्राम कुमार ,संदीप पांडे ,चंदन पांडे ,शिव स्नेही गौड़,दीपू यादव ,दीपक राज पांडे ,कृष्णा कुमार मिश्र ,मनीष शर्मा ,साधना यादव ,अमरेश राय , अंगद यादव , क्षेत्रीय जनता जर्नादन आदि उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में श्रावस्ती को मिला तीसरा स्थान



श्रावस्ती। शासन द्वारा प्रतिमाह जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। हाल ही में जारी आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) मार्च-2025 की रिपोर्ट में जनपद श्रावस्ती ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभावी प्रयास किए गए। उन्होंने देर रात तक समीक्षा बैठकें आयोजित कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्रभावी व संतोषजनक ढंग से किया जाए। उनके कुशल मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप श्रावस्ती ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

जिलाधिकारी ने जिले को प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल करने पर सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के प्रयासों को और सशक्त किया जाएगा, ताकि श्रावस्ती को और बेहतर स्थान प्राप्त हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का त्वरित निवारण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को अपने दैनिक कार्यों का हिस्सा बनाएं और समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को जिला या तहसील मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और प्रशासन पर उनका विश्वास मजबूत हो।

# सीडीओ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खेत का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, ने नौगढ़ तहसील क्षेत्र अन्तर्गत के विकास खण्ड नौगढ़ , के ग्राम पंचायत बर्डपुर न. 14 के टोला गंगवाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम रबी 2025-26 में फसल गेहूं कटाई का प्रयोग व ग्राम के किसान नसरुद्दीन के खेत में 10 ७10 मीटर में किया गया जिसमें 17.800 किलो ग्राम गेहूं का उत्पादन निरीक्षण के दौरान पाया गया ' क्रॉप कटिंग के समय में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित ग्रामवासी किसान गण उपस्थित रहे ।

## मृतका के शव की हुई पहचान,नर्सिंग होम सीज

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के रोडवेज बस डिपो के पीछे गुरूवार की देर शाम एक बत्तीस वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ। काफी देर तक पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

कोतवाली क्षेत्र में महिला का शव बरामद होने की जानकारी होने पर गुरूवार की देर रात जिले के एसपी डा0 अनिल कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर को घटना के खुलासे को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया। रात दस बजे के करीब कोतवाली पुलिस को महिला के शव की पहचान मे सफलता मिल गयी।

संक्षेप

## छप्पर में आग लगने से दो बकरी जिंदा जली

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के एक गांव में पशु बाड़े में रखे छप्पर में भीषण आग लगने से दो बकरियां जिंदा जल गई। बकरियों को बचाने गए पशुपालक भी आग की लपटों में झुलस गए। पीड़ित ने शासन से मुआवजा देने की मांग की है। तहसील चकरनगर के गांव मितरौली निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र महावीर सिंह के पशुबाड़े में रखे छप्पर में शुक्रवार भोर सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक आग धधकने लगी। आग की लपटों को देखकर दौड़े पशुपालक ने छप्पर में बंधी अन्य बकरियों को निकाल लिया, किन्तु इस मौके पर आग अधिक बढ़ने के कारण दो बकरियां आग में जिंदा जल गई। इसी बीच बकरियों को आग से बचाने के दौरान पशुपालक भी झुलस गए। तदोपरांत दौड़े ग्रामीणों ने मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक छप्पर भी राख के ढेर में तब्दील हो चुका था। उक्त छप्पर में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया एसडीएम ने बताया कि मितरौल में आग लगने से दो बकरियों के जलने की जानकारी मिली है। ग्राम लेखपाल को भेजकर जांच कराई जा रही है। विधिक कार्रवाई करते हुए पशुपालक को मुआवजा दिया जायेगा।

## खाद्य विभाग ने छापेमारी कर तीन दुकानों से भरे नमूने

चकरनगर, इटावा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शुक्रवार को कस्बा हनुमंतपुर व चकरनगर में कई दुकानों पर छापेमारी की। छापे से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार टीम के पहुंचने से पहले ही शटर डालकर भाग गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि नवरात्रि के समय को देखते हुए खाद्य पदार्थ में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में चकरनगर से हरे राम किराना स्टोर से लाल मिर्च पाऊडर, सुमित जनरल स्टोर से मिश्री का तथा कस्बा हनुमंतपुर में श्रष्टि ट्रेडर्स स्टोर से बेशन व मूंगफली के दानों के नमूने लिए गए। उक्त दुकानों से भरे गए नमूने जांच के लिए भेजे गए। नमूना भरे जाने वाले दुकानदारों ने आरोप लगाया कि दोनों कस्बों में खाद्य की एक सैकड़ा से अधिक दुकानें है, लेकिन सिर्फ तीन दुकानों से ही सैंपल भरे गए, जिससे एक पक्षीय कार्रवाई सिद्ध होती है। छापामारी के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, राकेश सिकराया, कपिल गुप्ता, गायत्री देवी, देवकांत आदि टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने कन्याओं को पूजन करवाया

इटावा। कचहरी पर चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के दिन मां कात्यानी की पूजा अर्चना के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद दुबे के पास वट वृक्ष धाम महाराज के नीचे विराजमान देवी देवताओं को भोग लगाकर सबसे पहले दो दर्जन से अधिक कन्याओं को भोजन करवाया गया तथा कन्याओं को पका पहनकर दक्षिणा देने के बाद 2 साल भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो भंडारा समाप्त समापन तक निरंतर चलता रहा इससे पहले वटवृक्ष पर मां भगवती का विशाल झंडा भी चढ़ाया गया इस अवसर पर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम को विशेष सहयोगी प्रबल प्रताप सिंह प्रत्याशी अध्यक्ष पद मनोज कुमार दीक्षित एडवोकेट मनोज कुमार दुबे एडवोकेट जीसी शिवकुमार शुक्ला अवधेश तिवारी एडवोकेट राजीव तिवारी एडवोकेट महेश चंद्र एडवोकेट संजय दुबे एडवोकेट असित कुमार एडवोकेट सूर्यकांत शर्मा एडवोकेट सौरभ यादव एडवोकेट हाकिम सिंह राजपूत मुंशी विद्याराम कुशवाहा आलोक राजपूत मुंशी के अलावा तमाम लोगों ने प्रसाद वितरण व्यवस्था संभाली काफी देर तक भंडारा चला रहा कार्यक्रम के अंत में उमेश चंद दुबे ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कहा कि आगामी दिनों में इससे भी बड़ा भंडारा करवाया जाएगा आने वाले सभी लोग बधाई के पात्र हैं कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो लोगों को जय माता दी की पट्टी पहनाई गई।

### सूचना

मैं करूणेश कुमार शुक्ला पुत्र श्री अवधेश कुमार शुक्ला उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी म.नं. 634/406 रसूलपुर रोड अमराई गॉव इन्दिरा नगर लखनऊ। मैने अपना नाम करूणेश कुमार शुक्ला से बदलकर करूणेश शुक्ला रख लिया है मेरे आधार कार्ड व अन्य सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम करूणेश शुक्ला अंकित है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# नवरात्र पर मिलेगा 2842 करोड़ रुपये का उपहार

## शनिवार को जीडीए की 1642 करोड़ रुपये की 107 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे सीएम

- रविवार को गीडा में 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाली केयान डिस्टिलरी प्लांट का होगा लोकार्पण

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार और रविवार (5 व 6 अप्रैल) को गोरखपुर को 2842 करोड़ रुपये के विकास कार्यों तथा औद्योगिक प्रगति का नवरात्र उपहार देंगे। वह शनिवार को जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) की 1642 करोड़ रुपये की लागत वाली 107 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके अगले दिन रविवार को मुख्यमंत्री गीडा में 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाली केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट का लोकार्पण कर गोरखपुर को एथेनॉल उत्पादन का हब बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। सीएम योगी चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर शनिवार को पैडलेगंज-आरकेबीके रिंग रोड का लोकार्पण, वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास, कार्निवाल पार्क का शुभारंभ और आवासीय योजना गोरक्ष एंक्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही जीडीए की कुल 107 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन सभी विकास परियोजनाओं की सम्मिलित लागत 1642 करोड़ रुपये है। पैडलेगंज-आरकेबीके रिंग रोड महानगर के एक हिस्से में जाम की समस्या का समाधान करने में कारगर प्रोजेक्ट है।

मुख्यमंत्री रामगढ़ताल इलाके में जीडीए की शानदार आवासीय योजना गोरक्ष एंक्लेव का उद्घाटन भी करेंगे। 55 करोड़ रुपये के इस हाउसिंग प्रोजेक्ट को 4313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत दो ब्लॉक में 86 बहुमंजिला फ्लैट बनाए गए हैं। उद्घाटन के अवसर सीएम योगी किसी एक या कुछ फ्लैट्स का निरीक्षण भी कर सकते हैं। यह सभी जानते हैं कि योगी सरकार रामगढ़ताल क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से चमका रही है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए निजी क्षेत्र की साझेदारी के तहत मेसर्स जेएसआर द्वारा आल इन वन कार्निवाल पार्क विकसित किया गया है। यहां एडवेंचर पार्क, आर्केड जोन, बीआर पार्क, इंफ्लेटेबल पार्क और एम्यूजमेंट पार्क को तैयार किया गया है। इन व्यवस्थाओं में कई प्रकार के मनोरंजक गेम्स का आनंद उठाया जा सकेगा। समग्र रूप से इस कार्निवाल पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को करेंगे। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जीडीए रामगढ़ताल के सामने 25 एकड़ में विस्तृत और 1410 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड स्टेट ऑफ आर्ट कन्वेंशन सेंटर, क्लब एंड फाइव स्टार होटल का निर्माण कराने जा रहा है। इसका शिलान्यास शनिवार को मुख्यमंत्री के हाथों होगा। इसकी क्षमता 5000 व्यक्तियों की होगी। इसका निर्माण तीन साल में पूर्ण करने का लक्ष्य है। कन्वेंशन सेंटर में एलीट क्लब, आध्यात्मिक पुस्तकालय और इवेंट एंड एक्जीबिशन लॉन का भी प्रावधान किया गया है।

शनिवार को 1642 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गीडा के सेक्टर 26 में केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना के लिए केयान की तरफ से 1200 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत केयान ने अनाज (चावल, मक्का) आधारित एथेनॉल प्लांट लगाया है। प्रथम चरण में इसकी उत्पादन क्षमता तीन लाख लीटर की है। तीन चरणों में इसके विस्तार के बाद कुल उत्पादन क्षमता दस लाख लीटर प्रतिदिन की हो जाएगी। इस प्लांट का शिलान्यास 12 अगस्त 2023 को सीएम योगी ने किया था और अब रविवार (6अप्रैल 2025) को उन्हीं के हाथों उद्घाटन भी होने जा रहा है।

### विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम पर तैयारियों का लिया जायजा

गीडा, गोरखपुर। सहजनवां क्षेत्र अन्तर्गत गीडा के सेक्टर 26 में आगामी 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शुक्रवार सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल व भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के उपरांत कार्यकताओं संग बैठक कर आगामी 06 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी।

# पीड़ित परिजनों के साथ निषाद पार्टी हमेशा रहेगी खड़ी : संजय निषाद

## डबल मर्डर के पीड़ित परिजनों से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मुलाकात



चौरीचौरा, गोरखपुर। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद शुक्रवार को चौरीचौरा क्षेत्र के शिवपुर चकदहा गांव पहुंचे। जहां दोहरे हत्याकांड प्रकरण में पीड़ित निषाद परिवार के परिजनों से मुलाकात की। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा जताया।

निषाद पार्टी अध्यक्ष श्री निषाद ने क्षेत्रीय विधायक व क्षेत्राधिकारी चौरी-चौरा से प्रकरण की जानकारी लेते हुए पीड़ित परिजनों से भी प्रकरण की जानकारी ली। मृतका के बेटे और बेटियों ने घटना और घटना के पश्चात मिलने वाली धमकियों को केन्द्रीय मंत्री संजय निषाद के समक्ष रखा। उन्होंने क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा को पीड़ित परिजनों की शिकायत पर दोषी को शिघ्र गिरफ्तार करने की बात कही। उन्होंने इस दोहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपी के अतिरिक्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों के रिस्तेदारो तथा सगे संबंधियों एवं ग्रामवासियों को धमकाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। उन्होंने पुलिस से कहा कि धमकी देने वालों को तत्काल जेल भेजवाइये। उन्होंने पीड़ित परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा की निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद सपरिवार आपके परिजनों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश से माफिया/गुंडा/दहशत/अपराध मुक्त बना दिया गया है, आरोपी चाहे कितने भी रसूखदार क्यों ना हो, उसके उसके किए की सजा मिलकर रहेगी। उन्होंने तहसीलदार चौरी-चौरा को पीड़ित को मिलने वाली सभी शासकीय सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के लिए आदेशित किया। इसके साथ ही साथ उपनिदेशक गोरखपुर मंडल (मत्स्य विभाग) को मत्स्य पालक कल्याण कोष व अन्य योजनाओं से पीड़ित परिजनों की हर संभव मदद करने के लिए आदेशित किया।

सपा सांसद निषाद समुदाय के हितैषी नही

उन्होंने सपा सांसद पर जबाब देते हुए कहा कि यदि वे निषादों के सच्चे हितैषी हैं तो उन्हें अन्य जगहों पर भी मदद के लिए जाना चाहिए। केवल चौरीचौरा में आकर राजनीति की रोटी नहीं सेंकनी चाहिए। चौरीचौरा के विधायक ने आरोपी को जेल भेजवाने का काम किया है। उक्त अवसर पर ई० प्रवीण निषाद, ई० सरवन निषाद, दिनानाथ निषाद, अमित निषाद, बलदेव निषाद, सुनील निषाद, अनिकेत निषाद, सूरज निषाद, शैलेंद्र निषाद, लालबचन निषाद, नगीना निषाद, रामदयागर निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बड़हलगंज मेडिकल कॉलेज में बनेगा साढ़े 22 करोड़ से गर्ल्स-ब्वायज हॉस्टल



गोरखपुर। शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज खड़ेसरी, बड़हलगंज में नये छात्रावास के लिए योगी सरकार ने 22 करोड़ 57 लाख रूपए स्वीकृत किये हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि उक्त मेडिकल कालेज में स्थापना काल में ही 178 छात्रों के लिए ब्वायज हास्टल और 178 छात्राओं के लिए गर्ल्स हास्टल बना हुआ था। चूंकि अब इस मेडिकल कॉलेज में प्रति वर्ष 125 छात्रों का एडमिशन होता है और अब पांच वर्ष पूरे हो जाने के कारण पूरे देश-प्रदेश से आकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की संख्या 600 के ऊपर हो गयी है, इसलिए हास्टल में कमरे कम पड़ रहे थे। जिसकी मांग मेडिकल कॉलेज प्रशासन लगातार कर रहा था। उक्त मांग को आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू और मुख्यमंत्री योगी जी के समक्ष रखने के बाद अब यह सफलता मिली है। योगी सरकार ने 120 छात्रों के लिए ब्वायज हास्टल हेतु 12 करोड 81 लाख रूपए और 104 छात्राओं के लिए गर्ल्स हास्टल हेतु 9 करोड 76 लाख रूपए स्वीकृत किये हैं। चिल्लूपार विधायक ने बताया कि गर्ल्स हास्टल के लिए पैसे छः महीने पहले ही आ गये थे परन्तु वह तकनीकी कारण से वापस हो गया था और हम लोग उसे वापस पाने की उम्मीद छोड़ चुके थे परन्तु सरयू अमृत महोत्सव आयोजन में आयुष मंत्री को इसकी जानकारी दी गयी और उन्होंनें दोबारा पत्रावली चला कर न सिर्फ गर्ल्स हास्टल के लिए बजट दिया बल्कि ब्वायज हास्टल के लिए भी धन आवंटित किया। चिल्लूपार विधायक ने कहा कि इन दोनों हास्टल के बन जाने से चिल्लूपार के इस मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के आवासीय समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा।

# बदजुबान तहसीलदार सदर के खिलाफ कार्रवाई को पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप की कार्रवाई की मांग**

चौरीचौरा, गोरखपुर। जिले के सदर तहसील में तैनात रहे तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह के द्वारा एक पत्रकार को फोन पर अमर्यादित भाषा प्रयोग कर अभद्रता करने से आक्रोशित चौरीचौरा तहसील के पत्रकारों ने पूर्वांचल जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राज अनन्त पांडेय व प्रदेश महामंत्री दिलशाद आलम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव को सौंप कर गालीबाज तहसीलदार को निलंबित करने और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। पूर्वांचल जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राज अनन्त पांडेय ने कहा कि सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एक पत्रकार द्वारा लगातार लिखी जा रही खबरों से नाराज सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने अमर्यादित भाषा का जिस तरह प्रयोग किया है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होने कहा कि एक लोकसेवक का इस तरह के अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना बेहद निंदनीय है। दोषी तहसीलदार के खिलाफ शासन कठोर कार्रवाई करे। आक्रोशित पत्रकारों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार चौरीचौरा को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे गालीबाज तहसीलदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान ओमप्रकाश गुप्ता व प्रमोद जायसवाल, दिलशाद आलम, राजेश जायसवाल, अनिल वर्मा, राम सिंह गौतम, विनय दुबे, अजय जायसवाल, वरुण चौधरी, अभिषेक त्रिपाठी, मोहम्मद फारूक, विनोद कुमार, विश्वनाथ यादव, विनोद गुप्ता, धर्मेन्द्र पटवा, राजेश वर्मा, कैलाश बरनवाल, संजय कुमार शाह, कृष्णा कुमार, चन्दन जायसवाल, मनीष कुमार उपाध्याय सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# गायत्री मंदिर का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया भूमि पूजन



गोरखपुर। बड़हलगंज उपनगर के सरयू नगर स्थित गायत्री यज्ञशाला पर गायत्री मंदिर का भव्य निर्माण व यज्ञशाला बनाया जायेगा। इसके लिए चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने भूमि पूजन किया। शुक्रवार को नवरात्रि के सप्तम दिवस गायत्री यज्ञशाला पर चल रहे नौ दिवसीय हवन पूजन के पश्चात मंदिर के निर्माण के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने सरार्फा व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीनिवास सोनी के साथ विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जल्द ही मंदिर अपने निर्माण के पश्चात भव्य व सुंदर रूप में जनता के दर्शन हेतु खुल जाएगा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, यज्ञाचार्य पुरुषोत्तम जायसवाल, सभासद दीपक शर्मा, श्रीनिवास सोनी, बृजेश उमर, अमरनाथ उमर, पवन यादव, संजय कसेरा, अजय वर्मा, सोनू श्रीवास्तव, हरीश चंद जायसवाल, परमात्मा, हरीशचंद सोनी, लल्लू शर्मा, हरिकेश यादव, उमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# बेटे के मुंडन के दिन दंपती ने दी जान

## महिला को लटका देख युवक ने भी लगाया फंदा



बकेवर, इटावा। ग्राम हर्राजपुर में शुक्रवार सुबह नवविवाहित दम्पति ने अलग अलग घरों में छत के कुंडे से फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पहले महिला ने फांसी लगा ली थी। पुलिस महिला के शव के पंचनामा की तैयारी कर रही थी। पति ने बच्चे के लिए दूध लाने का बहाने दो सौ मीटर दूर माँ के घर में जाकर कुंडे से फांसी लगा ली। मां व भाई जहाँ महिला ने फांसी लगायी थी। उस जगह मौजूद थे। मृतक का दस वर्षीय छोटा भाई जब घर आया। तो अपने बड़े भाई विशाल को कमरे में फांसी पर लटके देखा तो दौड़कर जाकर पहले वाले घर पर आकर लोगों को व पुलिस को बताया। तो पुलिस तत्काल उस घर पर भी पहुँची। दोनों का चार माह का एक पुत्र हैं। बताते हैं महिला रोशनी 23 ने पति विशाल 24 से बच्चे के मुंडन कराने को कहा था। पति ऑटो चलाता था। पति ने एक दो चक्कर लगा कर आने की बात कह दी थी। इसी बात पर महिला पति से नाराज हो गयी। महिला रोशनी ने नाराज होकर कमरे के अंदर सुबह करीब साढ़े नौ बजे कमरे में कुंडे से फांसी लगा ली। इसकी जानकारी होने पर पति विशाल ने गाँव वालों व पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर बकेवर थाना पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस मामले की जाँच में व महिला के शव को उतरवाकर पुलिस पंचनामा की कार्यवाई में जुट गई। इसी दौरान वहां से पति विशाल अपने रो रहे चार माह के बच्चे के लिए वहां से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित मां के घर दूध लेने की कहकर गया। विशाल में माँ के घर पर कमरें में दुपट्टे से फांसी लगा ली। मृतक युवक की माँ व तीन भाई वहीं महिला के फांसी लगाने वाले घटनास्थल पर मौजूद थे। महिला के पति विशाल ने मां के घर पर जाकर कुंड से फांसी लगा ली। दोनों हर्राजपुर गाँव में ही किराये पर मकान लेकर रहते थे। फाँसी लगाने की सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी, कस्बा इंचार्ज एसआई हाकिम सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँचे। पुलिस ने मृतका के मायके वालों ग्राम शेखूपुर कोतवाली सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को सूचना दे दी।। मौके पर फोरेंसिक टीम भी आकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस मामले की जाँच में जुटी थी। सूचना मिलने पर एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ भरथना अतुल प्रधान भी मौके पर पहुँचे। थाना प्रभारी बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया जाँच में पता चला दोनों पति पत्नी में बच्चे के मुंडन कराने को लेकर कहासुनी हुई थी। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## यमुना में डूबा दरोगा का बेटा



इटावा। यूपी पुलिस के दरोगा ब्रजेश पाल सिंह जादौन के 30 साल के बेटे कुलदीप जादौन गुरुवार शाम यमुना नदी में डूब गया। घटना के बाद से ही प्रशासन और राहत दल उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। कुलदीप अपने भाई की ससुराल में आयोजित अखंड रामायण के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छिपैटी मोहल्ला आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने चार दोस्तों के साथ घूमने निकला। इसी दौरान वे यमुना नदी के किनारे पहुंचे और नहाने के दौरान कुलदीप नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर विक्रम राघव, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा, शहर कोतवाल यशवंत सिंह, तहसीलदार जयप्रकाश व दरोगा तरूण प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे के नेतृत्व में गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम लगातार कुलदीप की तलाश में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा सदर विधायका सरिता भदौरिया भी मौके पर पहुंची। उन्होंने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से कुलदीप को जल्द से जल्द खोज निकालने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए। एसडीएम सदर विक्रम राघव ने बताया कि गुरूवार शाम से कुलदीप की लगातार तलाश जारी है लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम सतत प्रयास कर रही है।

## नवरात्र को लेकर डीएम एसएसपी ने गश्त किया



इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने चैत्र नवरात्रि को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शास्त्री चैराहा से नौरंगाबाद चैराहा होते हुए पक्का तालाब चैराहा से एसएसपी चैराहा तक पैदल गस्त किया। उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने बिजली, पानी आदि समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। गस्त के दौरान अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपीसिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुसाइड नोट लिखकर युवक ने लगाई फांसी



इटावा। 23 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने अपने घर के दूसरी मंजिल पर पंखे के कुंडे से लटककर जान दे दी। पुलिस को मौके से चार पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला। इसमें युवक ने अपनी मौत के लिए पत्नी, सास, साली और साले को जिम्मेदार ठहराया है। उसने कहा किसी भी हाल में इन लोगों को न छोड़ा जाए मेरी पत्नी के मामा से अवैध संबंध है। एसओ इन्हें कड़ी सजा देना। मामला चैबिया थाना क्षेत्र के उनवा संतोषपुर गांव का है। यहां के रहने वाले रामवीर सिंह के बेटे अमित की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। दोनों का चार महीने का बेटा भी है। हालांकि शादी से बाद ही पति पत्नी के संबंध तनावपूर्ण थे। अक्सर विवाद होते थे कुछ दिन पहले अमित की पत्नी मायके चली गई थी। अमित के पिता निमंत्रण में गए हुए थे। मां घर के बाहर काम कर रही थी। जब काफी देर तक अमित बाहर नहीं आया तो उसकी मां ऊपर गई। कमरे में पंखे से लटका हुआ शव देखकर चीख पड़ी। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। अमित के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। थानाध्यक्ष विविन मलिक ने बताया कि शुरूआती जांच में आत्महत्या का कारण पति पत्नी के बीच विवाद लग रहा है। हालांकि सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। मोबाइल को भी फारेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गंगा एक्सप्रेस के लिंक एक्सप्रेस वे को कुदरैल मे जोडा जायेगा: अन्नू



ऊसराहार, इटावा। ताखा मे बहुत जल्द गंगा एक्सप्रेस के लिंक एक्सप्रेस वे को कुदरैल मे जोडा जाएगा इस एक्सप्रेस वे के जुडने के बाद ताखा मे तीन एक्सप्रेस वे का संगम हो जाएगा। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष ने ऊसराहार मे कही उन्होंने कालिका माता मंदिर ऊसराहार मे कन्या भोज कराया उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया आयोजित समारोह मे अन्नू गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार मे अपराधियों की जगह केवल जेल में है गरीब किसानो की जमीन सुरक्षित है। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने ताखा क्षेत्र मे जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भ्रमण किया तो जगह जगह उनका जोरदार स्वागत किया गया कालिका माता मंदिर ऊसराहार मे कालिका मंदिर सुंदरकांड सेवा समिति के तत्वावधान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कन्या भोज कराया सैकडों की संख्या मे मंदिर पर पहुची कन्याओं को अन्नू गुप्ता ने खुद भोजन परोसकर खिलाया कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कौशल रवि चक्रवर्ती प्रशांत तिवारी रजनीश मिश्रा राहुल राज वर्मा सहित तमाम लोगों ने उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष गौरव गुप्ता से गुफ्तगू की ऊसराहार मे श्रीराम ईवी मोटर्स के शुभारंभ पर उन्होंने पहले ग्राहक सत्यप्रकाश गुप्ता को वायक की चाबी भेट की इस दौरान भाजपा नेता ज्ञानेंद् अवस्थी अरविंद गुप्ता राजू गुप्ता ने उनका स्वागत किया कस्बा मे मुस्लिम समुदाय के मोहम्मद आरिफ की ओर से आयोजित होली एंव ईद मिलन समारोह में उन्होंने भाग लिया इस दौरान फूल की होली खेली गई आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा प्रदेश मे इस समय डबल इंजन की सरकार काम कर रही है ताखा से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को निकाला गया है जल्द ही गंगा एक्सप्रेस वे के लिंक एक्सप्रेस वे को ताखा के कुदरैल मे जोडा जा रहा है इसके लिए किसानो से जमीन खरीदने का काम शुरू होने जा रहा है इस एक्सप्रेस वे के बनने के बाद जनपद वासियों को एक्सप्रेस वे पर दिल्ली लखनऊ के साथ प्रयागराज तक की राह और सुलभ हो जाएगी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक नंदन जाटव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल राज वर्मा सहित तमाम भाजपा नेता मोजूद रहे मोहम्मद आरिफ ने सभी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

संक्षेप

## पत्रकार का हृदय गति रुकने से निधन

जंगबहादुरगंज खीरी। पत्रकार अजय द्विवेदी का हुआ आकस्मिक निधन। बतादें कि पत्रकार अजय द्विवेदी अत्यंत मिलनसार स्वभाव के थे।वे चार भाईयों में तीसरे नम्बर के वगैर शादीशुदा थे।वे कई हिन्दी दैनिक अखबारों में भी लिखा करते थे। उनकी 28 तारीख को अचानक तवियत खराब हुई तो उनके फैमिली चिकित्सक डॉ प्रदीप सिंह ने उनको लखनऊ हार्ट सम्बन्धित चिकित्सक को दिखाने हेतु लखनऊ भेज दिया था। वहां से दवा लेकर घर आकर रोजमर्रा के दैनिक कार्य करने लगे पुनः अचानक 3 अप्रैल को दोपहर बाद तबीयत खराब हुई तो उनके परिजन जेबीगंज में डॉ प्रदीप सिंह के पास लेगये जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया, अचानक मृत्य होने के कारण हार्ट अटैक को ही मृत्य का कारण बताया गया। उनका अंतिम संस्कार आज 4 अप्रैल को उनके पुस्तैनी निवास सरावर गाँव स्थित खेत पर परिवारीजनों के द्वारा कर दिया गया, जहाँ अत्यंत भारी संख्या में उनके मिलने वालों ने उनको अश्रुपूर्ण अंतिम विदायी दी।

# डीएम ने किया चैती मेले का उद्घाटन

## सांस्कृतिक मंच पर हुआ सुन्दर काण्ड का पाठ



गोला गोकर्णनाथ , खीरी।शुक्रवार की शाम आठ बजे ऐतिहासिक चैती मेला का उद्घाटन बैंड बाजों की धुन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, विधायक अमन गिरि के द्वारा एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्र पाल गौतम, तहसीलदार सुखबीर सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और सभासदों की मौजूदगी में पंडित लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ फीता काटकर किया गया।

इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्टालों और मेले का भ्रमण कर सराहना की। जिसके बाद ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सुंदरकांड पाठ की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों ने कहा कि चैती मेले में कानून व्यवस्था के साथ साफ सफाई, जल और प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त रहेगी।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार, कफील अहमद, सभासद राजेश अवस्थी, आशीष अवस्थी लालू, अमन अवस्थी हर्ष, सौरभ तिवारी, अय्यूब खां, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अरुण अवस्थी, रविंद्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, धीरज वाजपेयी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक मंच पर आज के कार्यक्रम

ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर पांच अप्रैल शनिवार को भजन संध्या का आयोजन शाम आठ बजे से होगा। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने लोगों से मेले में पहुंचने की अपील की।

# महाकालेश्वर मंदिर पर विधायक ने किया भूमि पूजन



पलियाकलां- खीरी। विधायक रोमी साहनी के अथक प्रयासों से ग्राम पटिहन में महाकालेश्वर मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग ने 1.05 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया के ग्राम पटिहन में महाकालेश्वर मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं विधायक रोमी साहनी के अथक प्रयासों से पर्यटन विभाग को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु 1.05 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई।जिसका आज विधायक रोमी साहनी के कर कमलों द्वारा भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य पुजारी के साथ जिला पंचायत सदस्य पलविंदर सिंह,प्रधान जितेंद्र सिंह, प्रधानपति दिनेश पासवान, श्रीकृष्ण भास्कर सुरेश मौर्य ,पर्यटन निगम के सहायक अभियंता आशुतोष मिश्रा और अवर अभियंता सौरभ शुक्ला व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कस्बे के बेटी आकृति का नवोदय में चयन

निघासन खीरी।एबलान की छात्रा आकृति वर्मा पुत्री मनोज वर्मा का जवाहर नवोदय विद्यालय मे चयन जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली कक्षा 6 मे प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित 9280 बच्चों ने किया आवेदन किया था जिसमें 80 बच्चों का चयन 18 जनवरी 2025 को लखीमपुर जिले के15 परीक्षा केंद्रो पर चयन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 53 बालक 27 बालिकाओ का चयन हुआ आपको बता कस्बा निवासी समाजसेवी मनोज वर्मा की दो पुत्री है जो कस्बे के सिंगाही रोड पर स्थित एबलान पब्लिक स्कूल में इग्लिस मीडियम स्कूल की छात्रा है इससे पहले भी इन छात्रों को कई जगह सम्मानित किया जा चुका है आकृति वर्मा के नवोदय विद्यालय में चयनित होने का श्रेय गुरुजनों एवं माता पिता को दिया आज पूरे कस्बे में प्रशंसा हो रही है ऐसी बेटी आगे बढ़कर देश की सेवा करेगी और अपने क्षेत्र का मान बढ़ाने का काम करेगी।




## शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव आयोजित

मैगलगंज-खीरी। मैगलगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती खखरा में मैगलगंज क्षेत्र के नोडल प्रभारी श्रवण गुप्ता की मौजूदगी में शारदा संगोष्ठी एवं



वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में नामांकित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे, जानकारी अनुसार विद्यालय की इंचार्ज सारिका गुप्ता द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में उपस्थित बढाने एवं नामांकन हेतु शारदा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने बाले बच्चों को प्रसस्ति पत्र देकर उत्साह बर्धन किया गया। विद्यालय में नन्हें- मुन्हें बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो तारीफें काबिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खखरा प्रधान छोटे मिश्रा, संकुल शिक्षक नरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, योगेंद्र त्रिवेदी, महेंद्र मिश्रा, दिनेश मिश्रा,शिव कुमार गुप्ता,श्वेता मिश्रा, वजीहा माहम,पुनीत कुमारी, माधुरी अवस्थी, कल्पना वर्मा, मधू कनौजिया,सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## प्रयागराज में हुआ गोला के बेटे का सम्मान

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।( वीओएल ) प्रयागराज में हुए महाकुंभ में बेहतर कार्य करने पर कई लोगों का सम्मान किया गया जिसमें अपने गोला का भी एक बेटा शामिल है। महाकुम्भ समापन के बाद एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर द्वारा महाकुंभ मेला में आईसीसीसी के माध्यम से सराहनीय कार्य के लिए प्राइवेट कंपनी एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर पवन तनेजा और उनके सहयोगी गोला गोकर्णनाथ निवासी निशांत पटवारी और खुशाल मिश्रा को महाकुंभ मेला प्रशस्ति पत्र से शुक्रवार को सम्मानित किया गया।

# सच्चाई पर चलने में आती हैं कठिनाइयां: डॉ पूनम

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।( वीओएल ) श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी आयोजित कर की गई जिसका विषय समाज के निर्माण में हमारी भूमिका रखा गया। जिससे बच्चों का भविष्य और बेहतर किया जा सके।

श्री गुरु नानक कन्या इंटर कालेज में हुई विचार गोष्ठी की शुरूआत रविसुत शुक्ला और प्रबंधक अरजिदर सिंह ने माँ सरस्वती की पूजा के साथ कराई। उसके बाद सभी से विचार साझा किए गए। रविसुत शुक्ला ने सुझाव दिया कि किस प्रकार हम बच्चों को अच्छा बना सकते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रार्थना के समय प्रेरणादायक कहानी सुनाने का सुझाव दिया। कहा कि सर्व प्रथम हमको अच्छा होना चाहिए और हमको देखकर अगर 5 लोग अच्छे हो सकते हैं और उन 5 लोगों को देखकर 10 लोग अच्छे हो सकते हैं। इस प्रकार से इस श्रृंखला का निर्माण हो सकता है। जिससे हमारे समाज में अच्छे लोगों की संख्या बढ़ सकती है। कामता सिंह कुशवाहा ने कहा है कि पत्रकारिता ही खतरे में हैं तो हम कैसे समाज का निर्माण कर सकते हैं। पूर्णानन्द बाजपेयी ने कहा कि बच्चों को सोशल मीडिया का प्रयोग कम करने देना चाहिए।इसके साथ कई लोगों ने अपने विचार रखे। विद्यालय के प्रबंधक अरजिंदर सिंह ने कहा कि समाज में कई नकारात्मक कार्य हो रहे हैं जिस पर हमारी नजर नहीं जाती। जिन पर हमें ध्यान देना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम वर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि जो लोग सच्चाई के रास्ते पर चलते हैं उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। कार्यक्रम का संचालन सवि चतुवेर्दी ने किया। इस विचार गोष्ठी में मन्दीप वर्मा, करन राठौर, श्याम किशोर अवस्थी, सचिन शर्मा, पूर्णा नन्द वाजपेई, ,आशीष कुमार तिवारी और विद्यालय की शिक्षिकाएं याचना वर्मा ,दीप्ति गारखेल और प्रियंका अवस्थी मौजूद थी।




# सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का हुआ सम्मान समारोह

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा में 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान समारोह प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ आयोजित किया गया। जिसमें सभी को स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और धार्मिक पुस्तक भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम, पूर्व माध्यमिक शिक्षक के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय पाल वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरान्त अतिथियों का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया गया तथा सेवानिवृत होने वाले शिक्षक शत्रोहन लाल, रेहाना जबी, राजेश श्रीवास्तव एवं रमेश शुक्ला को शाल उढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उनके दीघायु जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गई। सभी सेवानिवृत शिक्षकों के कार्यकाल की सराहना की गई।खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को अपने अनुभव साझा करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को उनके अनुभव की सदैव आवश्यकता रहेगी। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री अनूप शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व मंत्री सतीश तिवारी, रमाशंकर कटियार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन विजय पाल वर्मा और आभार नरेन्द्र वर्मा ने व्यक्त किया।





# कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

पत्रांक : 839B/ नि.सू. / जि.पं. बह./ 2024-25 दिनांक : 29 मार्च, 2025

**: -निविदा सूचना :-**

पूर्वाचल विकास निधि ( जिलांश ) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित परियोजना पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में आफुलाइन निविदाएं दिनांक 25.04.2025 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण उपरान्त दिनांक 25.04.2025 को ही अपरान्ह 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 24.04.2025 तक पूर्वान्ह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच तथा कार्यालय जिलाधिकारी, बहराइच के न्यायालय सभाकक्ष से की जायेगी तथा उपरोक्त टेण्डर बिक्री के स्थान पर रखे गये टेण्डर बाक्स में टेण्डर डाले जायेंगे। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सभी कार्यों को पूर्ण करने की अवधि तीन माह होगी। निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राक्कलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का विचलन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। परियोजनाओं/कार्यों का विवरण निम्नलिखित हैः-

| क्रमांक सं/लाट संख्या | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी. में) | लागत(रू.में) जी.एस.टी. सहित | 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क GST सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | **अनुदान संख्या-40 (सामान्य मद)** | | | | |
| 1 | महसी | ग्राम पंचायत रेहुआ के मजरा धारी में कन्धई लोधी के घर से इतवारी के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 738000 | 14760 | 236 |
| 2 | तेजवापुर | ग्राम पंव हुसैनपुर के मजरा गुजेहना में भग्गू लाल प्रजापति के घर से दुखहरन नाथ गौतम के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य। | 162 | 709400 | 14188 | 236 |
| 3 | महसी | ग्राम पंचायत रमवापुर खुर्द में बहराइच सीतापुर रोड से देशराज यादव के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 166 | 842000 | 16840 | 236 |
| 4 | महसी | ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर के मजरा झुङियनपुरवा डामर रोड से राजेन्द्र के पालेशर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 771400 | 15428 | 236 |
| 5 | चित्तौरा | ग्राम पं. परसौरा में बहराइच भिनगा मार्ग से विमला देवी आई अस्पताल होते हुए भारत गैस एजेंसी तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 160 | 845700 | 16914 | 236 |
| 6 | बलहा | ग्राम पंचायत रजवापुर में गुरुघट्टा रोड से मंदिर तक इण्टरलाकिंग कार्य। वि०ख० बलहा। | 75 | 353100 | 7062 | 118 |
| 7 | कैसरगंज | ग्राम पंचायत कुंडासर में बहराइच लखनऊ मार्ग से अजय सिंह के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 115 | 741000 | 14820 | 236 |
| 8 | पयागपुर | पयागपुर नगर क्षेत्र में के०बी०इंटर कालेज मार्ग से परमेश्वर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 108 | 534300 | 10686 | 236 |
| 9 | रिसिया | ग्राम पंचायत गोन्दौरा पक्की सड़क से विजय वर्मा के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | 488 | 822500 | 16450 | 236 |
| 10 | पयागपुर | ग्राम पंचायत खुटेहना में शिव मंदिर से लेकर पुल तक इंटरलाकिंग कार्य। | 160 | 756400 | 15128 | 236 |
| 11 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत मोगलहा में शेर बहादुर के घर से मुस्ताक के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 70 | 381300 | 7626 | 118 |
| 12 | नवाबगंज | ग्राम पंचायत गंगापुर में वैद्यनाथ के घर से दुर्गेश पाण्डेय के घर तक इ.ला. निर्माण कार्य। | 88 | 386000 | 7720 | 118 |
| | | **अनुदान संख्या-83 (ए.सी.पी. मद)** | | | | |
| 13 | महसी | ग्राम पंचायत बहोरिकापुर में जगतराम गौतम के दुकान के पास सी.सी. रोड से झोथू के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य। | 83 | 430000 | 8600 | 118 |
| 14 | महसी | ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा कटकुईया में विनोद गिरी के घर से बाराती लाल प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 165 | 727800 | 14556 | 236 |
| 15 | महसी | ग्राम पंचायत थैलिया के गजरा सीतापुरवा में जग्गू लोधी के घर से मंगल लोधी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 63 | 280500 | 5610 | 118 |
| 16 | चित्तौरा | ग्राम पंचायत इंटौझा में कैलाशनाथ यादव के घर से पवन चौधरी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 75 | 326400 | 6528 | 118 |
| 17 | वित्तौरा | रसूलपुर सरैया रामचंदर के खेत से दुर्गेश कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 134 | 626600 | 12532 | 236 |
| 18 | चित्तौरा | ग्राम पंचायत अहिरौरा ( ललगड़हा ) लवकुश के घर से शंकर जी के मंदिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 705900 | 14118 | 236 |

**निविदा की मुख्य शर्तेः-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य विड कैपसिटी (Bid Capacity) संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि पृथक-पृथक NEETRIGS के माध्यम से आर्यावर्त बैंक शाखा सिविल लाइन, बहराइच के खाता संख्या 613510100000206 IFSC कोड BKIDOARYAGB में जमा उपरान्त प्राप्त ट्रान्जेक्शन नम्बर को निविदा के साथ संलग्न किया जा सकता है अथवा निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/ डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से ''अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बहराइच'' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर०/टी०डी०आर० जो राष्ट्रीयकृत/शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र( एन०एस०सी० ) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र-5 से जमा की जा सकती है।
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन का चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र (टी-6), पैन कार्ड, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा।
4. शासनादेश संख्या 1791/33-26-2020 198 जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) तथा निविदा के साथ अपलोड समस्त अभिलेख आदि मूल रूप से अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जा सकती है।
5. शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2आडिट/08पी.सी.-2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत Below पर 0.50 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। अतिरिक्त राशि जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय का प्रथम ठेकेदार की जमानत, स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत,बहराइच**

संक्षेप

## कॉलेज से निकला छात्र लापता

जौनपुरं। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव से बुधवार सुबह बाइक से कॉलेज के निकला छात्र लापता हो गया। परिजनों ने गुरुवार थाने पर तहरीर देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। हमजापुर गांव के निवासी राजकुमार चैहान ने गुरुवार को थाने पर तहरीर दी कि बीते बुधवार सुबह करीब 10 बजे उसका पुत्र 21 वर्षीय मंगल चौहान अपनी बाइक से कालेज जाने के लिए निकला था। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चला। राजकुमार ने बताया उसका पुत्र रोज की तरह गुरुवार को भी कॉलेज जाने के लिए ही निकला था। गुरुवार से उसको मोबाइल फोन भी बंद बता रहा है। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया युवक के पिता की तहरीर पर छानबीन की जा रही है।

## दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

आजमगढ़, संवाददाता। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन शुक्रवार की सुबह से भक्त मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर उनसे मनोवांछित फल मांगा और सुख समृद्धि की कामना की। प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही तक दर्शन-पूजन करने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। मंदिरों में जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शुक्रवार को सुबह मंदिरों के पट खुलते ही माता रानी की दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पडी। भक्तों ने लाल रंग का फूल चढ़ाया। हाथों में नारियल, चुनरी, फूल-माला लेकर भक्तों ने देवी मां का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। उन्होंने मां के चरणों में शीश झुकाकर परिवार की सुख - समृद्धि की कामना की। घंटा-घडियाल की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। नगर के चैक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर में काफी भीड़ रही। वहीं, नगर के मातबरगंज स्थित बड़ादेव दुर्गा मंदिर, रैदोपुर दुर्गा मंदिर, बेलइसा स्थित बउरहवा बाबा मंदिर, सिधारी स्थित दुर्गा मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ लगी रही। भक्तों ने दर्शन-पूजन कर परिवार के सुखमय जीवन के लिए प्रार्थना की।

## पर्यावरण संतुलन में यज्ञ की महती भूमिका

आजमगढ़। नगर के करतालपुर स्थित राम जानकी दुर्गा मंदिर में आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ के बावत शुक्रवार को भूमि पूजन हुआ। विद्वान ब्राह्मणों ने मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री रामकृष्ण दास जी महाराज, मुख्य यजमान डा. एस. सी. गुप्त आदि के हाथों वैदिक रीति से पूजन कराकर ध्वजारोहण कराया। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर रामकृष्ण दास ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में यज्ञ की महती भूमिका है। उन्होंने बताया कि यज्ञ का आयोजन समाज कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज और गरीब, असहायों के प्रति समर्पण, सेवाभाव मानव को वंदनीय बनाता है। भूमि पूजन के दौरान संत सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुभाष चन्द तिवारी कुन्दन, भारत रक्षा दल के अध्यक्ष उमेश सिंह गुड्डु, डा. पारिजात बरनवाल, संजय कुमार पांडेय, शम्भू दास, संजय दास महाराज, मंगल दास, राम सूरत पहलवान, बसंत यादव, राज प्रताप सिंह, रानू यादव, सुरेश पाण्डेय, रणधीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

आजमगढ़। जिले के बूढ़नपुर और दीदारगंज में सर्व शिक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को जन जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से लोगों को समय से बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने की अपील की। बच्चे हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चल रहे थे। बूढ़नपुर संवाददाता के अनुसार, कोयलसा शिक्षा क्षेत्र के मोहननगर बाजार में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। बीएसए राजीव पाठक ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर सभी शिक्षक समाजसेवियों और प्रधानों का सहयोग लेकर अभिभावकों से मिलें और बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए जागरूक करें। रैली में कंपोजिट विद्यालय भैरवपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव, कंपोजिट विद्यालय कबीरुदीनपुर, प्राथमिक विद्यालय धनघटा, प्राथमिक विद्यालय लालापट्टी के बच्चे और शिक्षक शामिल रहे। रैली में बीईओ पंकज कुमार मौर्य, सागर सिंह, समाजसेवी संतोष कुमार यादव भी शामिल रहे। दीदारगंज संवाददाता के अनुसार, शिक्षा क्षेत्र फूलपुर के तिघरा प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सर्व शिक्षा अभियान तहत जागरूकता रैली निकाली।

# ओबरा नपा को स्वच्छता सम्मान में मिला प्रथम स्थान



जिला संवाददाता(vol)

ओबरा, सोनभद्र। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत वर्ष 2024 में आयोजित स्वच्छता ही सेवाष में ओबरा नगर पंचायत ने पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्ज्न श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मधुसुधन जायसवाल को लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश के नगर विकास मंत्री की उपस्थिति में हुए इस सम्मान समारोह में ओबरा नगर पंचायत की कार्यप्रणाली, नियमित निगरानी, और टीम भावना को सराहा गया।

अधिशासी अधिकारी ने कहा की यह सम्मान ओबरा की पूरी टीम और नागरिकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। स्वच्छता प्रहरी हर दिन जो समर्पण से कार्य करते हैं, उन्हीं की वजह से हम यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं। हम भविष्य में भी इसी भावना से कार्य करते रहेंगे ।द्ध अध्यक्ष चाँदनी ने कहा की ओबरा नगर पंचायत की यह उपलब्धि पूरे नगर की जनता, कर्मठ कर्मचारियों और हमारी समर्पित टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हमने जब कार्यभार संभाला था, तब यह ठाना था कि ओबरा को स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलानी है। इसी सोच के साथ पूरे नगर पंचायत परिवार ने मिलकर काम किया। हमारे स्वच्छता प्रहरी प्रतिदिन पूरे समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं और सभासदों ने भी समय-समय पर जमीनी सहयोग दिया। प्रदेश स्तर पर मिला यह सम्मान हम सबके सामूहिक प्रयासों की स्वीकृति है, और इससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है ।द्ध ओबरा नगर पंचायत की यह सफलता केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक सोच, एक प्रतिबद्धता और एक सकारात्मक बदलाव का परिणाम है। यह दिखाता है कि जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक एक साथ काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। ओबरा अब प्रदेश के अन्य नगर निकायों के लिए एक मिसाल बन चुका है।

## जनपद में 03 अप्रैल से 02 जून तक निषेधाज्ञा लागू

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेटजिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि महामारी अधिनियम-1897 के दृष्टिगत उ०प्र० शासन, चिकित्सा अनुभाग 5 की अधिसूचना के निदेर्शानुसार 03 फरवरी, .2025 द्वारा निषेधाज्ञा पारित करते हुए 03 फरवरी, 2025 से 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी किया गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है।

आगामी विभिन्न पर्वोंध्त्यौहारों तथा उ०प्र० बोर्ड व अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाओं आदि के आयोजन पर कतिपय अवांछित तत्वों के हस्तक्षेप/साजिश के कारण विधि एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित किये जाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिसके शांति कायम रखने के लिए यह निषेधाज्ञा 03 अप्रैल से 02 जून, 2025 तक लागू रहेगा, यदि आवश्यक कारणों से इसे मध्य में ही वापस नहीं लिया गया तो तद्नुसार प्रभावी रहेगी। इसके अतिरिक्त समय-समय पर शासन स्तर से निर्धारित एवं स्थानीय स्तर पर जनपद में सम्पन्न होने वाले विभिन्न आवश्यक प्रतियोगी तथा शैक्षणिक परीक्षाओं के व वर्तमान में वक्फ बिल प्रस्ताव के दृष्टिगत विधि एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित रखे जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत आवश्यक प्राविधानों के आधार एक पक्षीय निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-163 (2). भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 प्रभावी किया जाना अपेक्षित है। लागू निषेधाज्ञा के दौरान आगामी पर्व, त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए किसी प्रकार के जूलुस, धरना-प्रदर्शन इत्यादि बिना प्रशासनिक अनुमति आयोजित नहीं किये जायेंगे। कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह अपर जिला मजिस्ट्रेट अधोहस्ताक्षरी अथवा उप जिल मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना न तो कोई सभा, धरना-प्रदर्शन अथवा जुलूस का आयोजन करेगा न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। धार्मिक मेलों, बारात वा शव यात्राओं पर यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक लाउड स्पीकर/साउण्ड बाक्स/अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त किसी भी प्राविधान का उल्लंघन पाये जाने की दशा में निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा- 163(2) भा० न्या0स0-2003 एवं कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत तत्सम्वन्धित लागू आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 एवं भा०द०वि० की प्रभावी सुसंगत धाराओं में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जनहित एवं आवश्यकता के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित समस्त प्रावधानों का कड़ाई एवं तत्परता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## डीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कराकर परखी फसल की उत्पादकता



मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तहसील सदर विकास खण्ड सिटी न्याय पंचायत नेवढ़िया घाट के ग्राम पंचायत नौंहा के राजस्व ग्राम नौंहा में रबी मौसम 2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत निर्मित सी0सी0ई0 एप के एग्री एप के माध्यम से गेहूं की क्राप कटिंग अराजी संख्या-911 व 281 पर किसान अवधेश व नजरूल इस्लाम के खेत सांख्यिकी विधि से क्रमशः चयनित गाटा संख्या के 43.30 वर्ग मीटर में एप के माध्यम स कराई गई। क्राप कटिंग में 22.320 किलोग्राम व 20.520 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार सिटी, अपर सांख्यिकी अधिकारी राजेश मौर्या, बीमा कम्पनी के जिला प्रबंधक सहित सम्बन्धित क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहें।

## विंध्याचल मंदिर में गलत मार्ग से प्रवेश करने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी दंडित

मीरजापुर।सोशल मीडिया पर प्रचलित एक वीडियों जिसमें मां विंध्यवासिनी माता के मंदिर में दर्शन हेतु चार पुलिसकर्मियों द्वारा गलत रास्ते का उपयोग करना पाया गया है। उक्त के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी नगर के द्वारा जांच की गयी जिसमें यह पाया गया कि चार पुलिसकर्मी अपने 12 घंटे के ड्यूटी के उपरान्त रात्रि करीब 12.30 बजें जब मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या नगण्य थी तब इनके द्वारा उक्त मार्ग का उपयोग किया गया। यह पुलिसकर्मियों के जानकारी के आभाव के कारण हुआ परन्तु जो पुलिसकर्मी उस प्वाइंट पर मौजूद थे उनके द्वारा अपने सहकर्मियों को सही मार्ग बताना चाहिये था व उन्हें इस मार्ग का प्रयोग करने से रोकना चाहिये था जो उनके द्वारा नहीं किया गया। अतः उन सभी पुलिस कर्मियों को जो उस प्वाइंट पर उपस्थित थे दंडित करते हुए उनके सर्विस बुक में कठोर चेतावनी प्रदान की गयी है।

## शिक्षक का पुत्र गायब, अपहरण की आशंका

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक का पुत्र लापता हो गया। वह कक्षा तीन का छात्र था। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस से संपर्क कर अपहरण की आशंका जताई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में रहने वाले प्रो. बीडी शर्मा का गोद लिया हुआ 10 वर्षीय बेटा गोपाल कृष्ण बुधवार की शाम खेलने के लिए निकला था। वह विश्वेश्वर महादेव मंदिर के पास खेल रहा था, लेकिन रात सात बजे तक घर नहीं लौटा। परिवार ने पहले खुद से तलाश की और जब रात 10 बजे तक वह नहीं मिला, तो प्रो. बीडी शर्मा ने सीओ, एसओ को इसकी सूचना दी। पुलिस ने रात 12 बजे तक छात्र की खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद प्रो. बीडी शर्मा ने पुलिस के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें गोपाल कृष्ण को परिसर से सड़क की ओर अकेले जाते हुए देखा गया। इस आधार पर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई और थानाध्यक्ष को लिखित शिकायत दी। प्रो.बीडी शर्मा ने बताया कि उन्हें संदेह है कि किसी ने बच्चे को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। प्रो. शर्मा ने गोपाल के आधार कार्ड में पिता के स्थान पर अपना नाम दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, लापता छात्र की तलाश के लिए टीम गठित कर तलाश की जा रही है।

# नगर में निकली मोटर साइकिल जन जागरण यात्रा



मीरजापुर। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव 6 अप्रैल के पूर्व नगर में मोटर साइकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। भारी संख्या में युवा वर्ग धर्म ध्वजा लेकर यात्रा में जयकारा लगाते हुए शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर लोगों को प्रदेश की टाप टेन राम नवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का निमन्त्रण दिया गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व प्रभारी प्रांजल सिंह सर प्रभारी प्रांशु साहू, ने टीम के साथ किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमा भी बाइक रैली के दौरान मुस्तैद रहे। स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर से श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की बाइक रैली आरम्भ हुई। मार्ग में धर्म ध्वजा फहराते युवाओं का जत्था नगर को राम मय बना रहा था। यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा मार्ग पर शर्बत एवं जल पान की व्यवस्था किया गया था। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के साथ ही जयकारे से यात्रा मार्ग राम नाम के मंत्र से गूंज रहा था। यात्रा विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर संगमोहाल मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई ।यात्रा में शामिल युवाओं के जयघोष और जय श्रीराम के नारे से नगर भक्ति के रंग में रंग गया था। ललाट पर तिलक, हाथ में धर्म ध्वजा और जय श्रीराम के गूंज रहे नारे से नगर की आबोहवा ही बदल गई। जगह जगह श्रीराम नवमी पर निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा की स्वागत के लिए स्वागत द्वार बनाने का क्रम जारी है। रेलवे स्टेशन परिसर से आरम्भ हुई जन जागरण यात्रा संगमोहाल, कटरा कोतवाली, कच्ची सड़क, रतनगंज, तेलियागंज, डंकीनगंज चौराहा, पक्की सराय, घंटाघर, बसनहीं बाजार, धुन्धी कटरा, गुड़हट्टी चौराहा, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, गणेशगंज, मुसफ्फरगंज, इमामबाड़ा, टेढ़ी नीम, त्रिमोहानी, तिवरानी टोला, संकटमोचन, रमई पट्टी, पुलिस लाइन, पांडेयपुर चौराहा, सीधा रोडवेज चौराहा, स्टेशन रोड, संगमोहाल हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई ।मोटर साइकिल जनजागरण शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष विद्या भूषण दुबे ,विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल,सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारी, अध्यक्ष राज माहेश्वरी, संयोजक रवि शंकर साहू, प्रभारी मनोज दमकल, श्रेयांश सिंह विशाल दुबे, शिवम साहू, श्रेयश पाण्डेय, विकास अग्रवाल, अंकुर श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, कृष्णकांत पटेल, राहुल तिवारी, राजेश सिन्हा, प्रवीण मौर्या, प्रवीण दुबे, प्रांजल सिंह, पवन उमर, विजय साहू एवं गोपाल केशरवानी आदि हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## किसान के साथ एडीएम बोने लगे गन्ना



शाहजहांपुर। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार एक जांच करने तहसील पुवायां जा रहे थे तभी रास्ते में ग्राम नवलपुर में दोपहर के समय कड़ी धूप में किसान को गन्ना की बुवाई करते देख अपनी एडीएम गाड़ी रोककर किसान के खेत में पहुंच गए। किसान को गन्ने का बीज गलत तरीके से काटते देख स्वयं एडीएम अपने हाथों से सही तरीके से बीज काटने और गन्ना की सही बुवाई करने के तरीके को बताने लगे वहीं किसानों द्वारा बताया गया कि उनका गन्ना किसान सहकारी चीनी मिल पुवायां को आपूर्ति करते है। ऐसे में एडीएमद्वारा बताया गया कि गन्ना एक कैश क्रॉप है ऐसे में यदि किसान भाई उन्नति एवं अर्ली प्रजाति की गन्ना की वैज्ञानिक व तकनीकी खेती व सहफसली खेती करके अधिक से अधिक लाभ कमा सकते और चीनी मिल को भी लाभप्रदाता बना सकते है ।गन्ना की बुवाई से पूर्व किसान भाई बीज उपचार और भूमिउपचार अवश्य करें। सही समय पर कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल, पेड़ी गन्ना में जो कल्ले निकले है उनके आसपास घासों की सफाई और समय समय पर पानी और खाद का अवश्य प्रयोग करें। चीनी मिल से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेते हुए अधिकाधिक गन्ने की बुवाई करे। इसके साथ ही जनपद में हिटवेव को देखते हुए किसान भाई सुबह शाम ही खेतों में कार्य करे। दोपहर में बिल्कुल नहीं निकले। जब भी निकले तो अपने साथ सिर पर गमछा, टोपी आदि लगा ले, और पीने का पानी साथ रखें। धूप से बचें। इस दौरान नायाब तहसीलदार पुवाया, कानूनगो, लेखपाल, व ग्रामीण रामेश्वर दयाल, अजय सिंह, हुकुम सिंह, सूबेदार, अमरसिंह, संदीप सिंह, सुधीर पाठक, सरताज, आदि दर्जनों गन्ना किसान मौके पर मौजूद रहे।

## भजन कीर्तन व मनमोहक झांकी की प्रस्तुति की

जौनपुर। शक्तिपीठ मां काली जी के मंदिर मुंगराबादशाहपुर में सर्ववैश्य समाज की महिला मंडल टीम द्वारा माता की चौकी, भजन कीर्तन व मनमोहक झांकी की प्रस्तुति किया गया। इससे पूर्व मां दुर्गा, सरस्वती वंदना व हनुमान जी की स्तुति का सामूहिक उच्चारण से किया। भजन कीर्तन की शुरूआत सुमन जायसवाल, वर्षा केसरी, पूजा ऊमरवैश्य, सत्यभामा ऊमरवैश्य व कोमल केशरी ने माता रानी के दरबार में ज्योति जलाकर व गणेश वंदना से हुई। माता के दरबार में



दीप जलाकर अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मां दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा।अंशु कसौधन, वर्षा केसरी, कोमल केसरी, नीलू अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, प्रिया ऊमरवैश्य,बीना ऊमरवैश्य व मनीषा द्वारा जग कल्याणी है मेरी अंबे मैया.., जम्मू से आई मैया.., पल्लो लटके मैय्या के.., झूम झूम नाचे भक्त हनुमाना...हो दुनिया में देव हजारो है बजरंगबली का क्या कहना.... आदि गीतों ने भक्तिमय माहौल बनाया। मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी..के जीत पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में ही नृत्य भी किया गया। कल्पना केसरवानी, सुचिता ऊमरवैश्य, आशा जायसवाल, चित्रा ऊमरवैश्य, सुजाता साहू व रीता गुप्ता आदि ने माता के रूप में सजे अन्यया केसरी मां दुर्गा व प्रसंग हनुमान जी की झांकी की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।आरती पूजन के उपरांत प्रसाद का आयोजन भी किया गया।

## 12 ग्राम प्रधानो को दिया गया वाद्य यंत्र



मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में चल रहे चैत्र नवरात्र मेला में आयोजित विन्ध्य महोत्सव के मंच पर जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से एक ग्राम प्रधान कुल चयनित 12 ग्राम प्रधानो को वाद्ययंत्र प्रदान किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व उत्तर प्रदेश से प्राप्त प्रत्येक ग्राम पंचायतो में किसी भी कार्यक्रम के आयोजन व गांव की लोकविधा को लोगो से चिरपरिचित कराने प युवा कलाकारो को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया गया हैं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने चयनित ग्राम प्रधानो को वाद्ययंत्र दिया गया। वाद्ययंत्र में एक हारमोनियम, एक ढोलक, मजरीरा, झांझ व घुंघरू कुल 05 सेट का वाद्ययंत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने संस्कृति विभाग के इस पहल को सराहनीय बताया।

# ड्रीम 11 ने बदल दी तकदीर, किसान बना करोड़पति



मीरजापुर।किस्मत कब, कहां और कैसे पलटे, कोई नहीं जानता – और इसका ताजा उदाहरण हैं जिले के पटेहरा ब्लॉक स्थित डढ़िया मलुवा गांव निवासी दयाराम। कभी एक अधिवक्ता के मुंशी के रूप में काम करने वाले दयाराम ने सपने में भी नहीं सोचा था कि वह एक दिन करोड़पति बन जाएंगे। लेकिन ड्रीम 11 ने उनके इस सपने को एक झटके में हकीकत बना दिया ।दयाराम ने ड्रीम 11 पर लखनऊ और पंजाब के बीच हुए मैच में अपनी टीम बनाई थी – वह भी अपने बेटे के नाम से बनी आईडी पर। उनकी टीम का प्रदर्शन इतना शानदार रहा कि उन्हें सीधे तीन करोड़ रुपये का इनाम मिला। टैक्स कटने के बाद भी उन्हें करीब 2 करोड़ 10 लाख रुपये हाथ में मिले हैं ।भावुक होते हुए दयाराम बताते हैं कि यह उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा, कई पीढ़ियों से हम मेहनत करते आ रहे थे, कभी लाखों भी हाथ नहीं लगा। आज अचानक करोड़ों में पहुंच जाना, सपना जैसा लगता है।

दयाराम की यह जीत न केवल उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाई है, बल्कि पूरे गांव में उनकी एक नई पहचान बना दी है। अब गांव में हर कोई उनके नाम और कहानी को मिसाल के तौर पर मान रहा है। हालांकि, इस अपार खुशी के साथ दयाराम लोगों को एक जरूरी संदेश भी देते हैं। वह कहते हैं, यह एक बहुत जोखिम भरा खेल है, जानकारी और समझ के बिना इसमें कदम नहीं रखना चाहिए। किस्मत सबकी नहीं पलटती। दयाराम की कहानी यह साबित करती है कि जीवन में कभी भी कोई भी मोड़ ऐसा आ सकता है, जो सब कुछ बदल कर रख दे।

## डीएम ने नये सत्र में प्रवेश के लिए फॉर्म व पुस्तकें की वितरित



शाहजहांपुर/ शुक्रवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकासखंड भावल खेड़ा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जमालपुर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसण्डा में स्कूल चलो अभियान के तहत नए सत्र में प्रवेश लिए बच्चों को प्रवेश फॉर्म, नए सत्र की पुस्तकें वितरित की एवं रोली टीका लगाकर स्वागत किया। साथ ही जिलाधिकारी ने गत वर्ष में अच्छे अंकों से पास होकर अगली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को उपहार भी भेंट किए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि 01 अप्रैल से उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया है, उपस्थित सभी लोग गांवों में घूमकर बच्चों का शत-प्रतिशत एडमिशन कराएं तथा अभिभावकों को बच्चों का प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही जिलाधिकारी ने आह्वान किया कि विद्यालयों को बहुत अच्छा बनाएंगे और विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और स्कूलों में स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक सहित अन्य एक्टिविटीज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे विद्यालय आकर अच्छे से पढ़ाई करें। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में कक्षाओं का भ्रमण करते हुए निर्देश दिए कि कक्षाओं में टाइल्स, खिड़कियों में जाली एवं रंगाई-पुताई तथा विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग का कार्य एक महीने में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय जमालपुर तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसंडा के विद्यालयों में दो-दो टी वी लगाने हेतु निर्देश दिए जिससे बच्चों को डिजिटल माध्यम से भी शिक्षा मिले। जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से प्रश्न पूछे तथा उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों के नाम से वृक्षारोपण कराया जाए तथा समय-समय पर बच्चों को ले जाकर पेड़ों को दिखाएं।

# मृतक के इलाज के नाम पर तीन दिन रोका, हंगामा



जौनपुर। नगर के एक निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा मृत व्यक्ति के इलाज के नाम पर तीन दिन तक रखकर मनमानी रूपया वसूलने का मामला सामने आया है।

बीते दिनों सड़क हादसे में शुभम निषाद नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका इलाज नईगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज के दौरान शुभम की 3 दिन पहले मौत हो गई। मौत की बात तीन दिन बाद परिजनों को डॉक्टर द्वारा बताया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजन डॉक्टर के ऊपर लापरवाही आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू किया और डॉक्टर के स्टाफ द्वारा बॉडी न देने का आरोप जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिया। पुलिस ने उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जाँच पड़ताल में जुट गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के नईगंज स्थित एक निजी अस्पताल में जफराबाद निवासी शुभम निषाद की 10 दिन पहले एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको ईलाज के लिए नईगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।ईलाज के दौरान शुभम निषाद की तीन दिन पहले ही आईसीयू में मौत हो चुकी थी लेकिन डॉक्टर द्वारा धोखे में रखकर तीन दिन तक ईलाज किया और परिजनों को तीन बाद बताया कि शुभम की मौत हो चुकी है मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और दर्जनो की सँख्या में महिला व पुरुष अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर के ऊपर घोर लापरवाही लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया, घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर किसी तरह को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

वहीं पीड़ित ने डॉक्टर के ऊपर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिनों से हम लोग डॉक्टर से पूछ रहे हैं डॉक्टर द्वारा यही बताया जा रहा था कि वह अभी जिंदा है उसे आईसीयू में रखा गया है जबकि शुभम की मौत तीन दिन पहले ही हो चुका था लेकिन डॉक्टर द्वारा हम लोगों को धोखा दिया जा रहा था और मिलने भी नहीं दिया जा रहा था। प्रयः आरोप लगता हैं कि अस्पताल में आए दिन डॉक्टरों की घोर लापरवाही का मामला सामने आ रहा है लेकिन स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था है ना कोई सुविधा है मरीज के साथ पैसा वसूल किया जाता है।

## एसपी ने किया पुलिस परेड का निरीक्षण



जौनपुर।पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जानकारी न देने पर उर्वरक लाइसेंस होगा रद्द

शाहजहांपुर/जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 07-04-2025 तक जिला प्रतिनिधि उर्वरक प्रादयकर्ता कम्पनी मै0 आर0सी0एफ0 प्रेम प्रकाश तिवारी (7869789181) से सम्पर्क कर अपने लाइसेंस को पोर्टल पर अपडेट करवाना होगा। उर्वरक थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को अपने उर्वरक लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं उर्वरक प्रतिठान की लोकेशनयुक्त फोटो के साथ कार्यालय केन्द्रीय बीज विधायन संयत्र लोधीपुर में उपस्थित होकर अपने लाइसेंस को पोर्टल पर अपडेट करवायें।

संक्षेप

## मां भगवती के गुणगान के साथ माता कालरात्रि की हुई पूजा

**बरेली।** मां भगवती को समर्पित चैत्र नवरात्र में शुक्रवार को माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई।

नाथ नगरी के सभी दुर्गा मंदिरों में इन दिनों बड़ी संख्या में भक्त जन पूजा अर्चना के साथ ही साथ सामूहिक आरती में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में नौ देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, कैंट स्थित गुफा में बने मंदिर, कालीबाड़ी स्थित काली मंदिर में भक्त बड़ी संख्या में पूजा अर्चना कर रहे हैं। ज्योतिषाचार्य राकेश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी अपनी कुल रीति के अनुसार शनिवार को अष्टमी पूजन कर कन्या पूजन करेंगे।

इसी क्रम में नवमी वाले दिन मां भगवती का पूजन कर कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा देंगे। उन्होंने बताया कि उपवास करना स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम है। यदि उपवास में केवल फल ग्रहण किया जाए तो और भी श्रेष्ठ हो जाता है।

# सबको निःशुल्कऔर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले: गिरीश चंद्र तिवारी

जिला संवाददाता(vol)




**बरहज( देवरिया )।** ,भलुअनी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय करौंदी के प्रांगण में शुक्रवार को समारोह पूर्वक ह्यस्कूल चलो अभियानह्न का भव्य शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक दीपक मिश्र शाका ने स्कूल चलों अभियान का शुभारंभ करते हुए कहाकि हर

- नामांकन लक्ष्य पूर्ण करना ही उपलब्धि: शालिनी श्रीवास्तव
- भलुअनी में हुआ स्कूल अभियान का शुभारंभ

बच्चे का नामांकन अनिवार्य हो। सरकार सभी को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध हैं। प्राथमिक स्कूलों में सभी संसाधन उपलब्ध हैं। अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहाकि कलम और किताब सभ्यता की नायाब उपलब्धियां है।

सबको अनिवार्य रूप से निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। जाति धर्म वर्ण भाषा लिंग व क्षेत्र आदि के आधार पर भेदभाव न हो। आइडिया आफ इंडिया की बुनियाद में आधुनिक शिक्षा वह बुनियाद है जिसे संतों गुरुओं और महापुरुषों ने गढ़ा और उनमें अग्रणी है शिक्षा क्रांति। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने निर्देश दिए कि जिले के हर बच्चे का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आसपास के बच्चों के अभिभावकों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने सरकार की बेसिक शिक्षा नीति, जनपद की उपब्धियों की चर्चा करते हुए नामांकन लक्ष्य पूर्ण करने के लिए कहा। खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार ने विकास खंड की उपलब्धियों, श्रेष्ठ स्कूलों की चर्चा की। अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश प्राथमिक विद्यालयों में कराने की अपील की ।यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। इस अभियान के तहत हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि वे अपने उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। सम्मान

कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, सेवानिवृत को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने समां बांध दिया। संचालन दुर्गेश कांदू, संजय गुप्ता ने किया।

लोक गायक राकेश उपाध्याय ने लोग गीत प्रस्तुत किया। बाल विकास परियोजना की ओर से स्टाल लगाए गए थे। विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अन्नप्रासन और गोद भराई किया ।इस दौरान मदन मोहन मिश्र, पुष्पा सिंह, मदन पटेल, ग्राम प्रदान अजीत पटेल, अमृत राज सिंह, हेमलता, आशा देवी, संध्या शुक्ला, अमरनाथ तिवारी, जयनाथ यादव, सत्यप्रकाश, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## डीएम की उपस्थिति में हुई क्रॉप कटिंग



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में आज सदर तहसील स्थित ग्राम सोन्दा में गेहूं के फसल की कटाई करायी गई। क्रॉप कटिंग के माध्यम से गेहूं की औसत पैदावार का आंकलन किया जाता है, जिससे शासन को अवगत कराया जाता है। क्रॉप कटिंग के लिए खेत एवं स्थल का चयन रेंडमली किया जाता है ।जिलाधिकारी आज अपराह्व सोन्दा पहुंची। वहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार अपने समक्ष क्रॉप कटिंग करने का निर्देश दिया। कृषक रामकेवल गुप्ता के 0.004 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कटाई की गई जिसमें कुल पैदावार 20 किलो 200 ग्राम निकला। उक्त खेत में प्राप्त गेहूं की उपज के आधार पर उत्पादकता 47 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आंकलित की गई। इस अवसर पर तहसीलदार कृष्णकांत मिश्रा, कानूनगो अश्विनी श्रीवास्तव एवं लेखपाल मानवेंद्र सिंह सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

## किसानों की गेहूं की फसल जली

**भटनी(देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर पोखरापार मे विद्युत के जर्जर तार के सार्टसर्किट से लगी आग से आधे दर्जन किसानों के अरमानों पर पानी फिरा लगभग दस विघा रवी की फसल जल कर राख ।बताया गया है कि दिन के लगभग नौ बजे विद्युत केशार्टसर्किट से आग लग गयी ग्रामीण आग बुझाते हुए ड्रायल 112नम्बर पुलिस को सूचना दिये साथ ही अग्निशमन दल को भी ।पुलिस तो मौके पर आ गयी लेकिन अग्निशमन दल नही पहुंच पाया ।संयोग ही रहा की पछुआ हवा की गति धीमी थी नही तो आग पर काबू पाना मुश्किल था ।अग्नि की चपेट मे विनोद राय छबीला यादव साधु यादव रामभज्जू की खडी रवी की फसल जलकर राख हो गयी ।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी सलेमपुर से किसानों के क्षति का आकलन कराकर क्षतिपूर्ति कराने की माँग किया है ।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिठाइयों के नमूने लिए, जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी विधिक कार्रवाई

**देवरिया ।** जनपद में विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स का संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनय कुमार सहाय के निर्देशों के क्रम में राजीव मिश्र, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जनपद देवरिया के नेतृत्व में शिकायती प्रतिष्ठान कनक स्वीट्स पर सचल दल द्वारा कार्रवाई की गई। प्रतिष्ठान का सघन निरीक्षण करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा केक, छेना मिठाई, पतीसा तथा लड्डू के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। इस प्रकार शिकायती प्रतिष्ठान से कुल 04 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। आज की कार्रवाई में राजीव मिश्र, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रेमचंद्र, राम यादव, मानवेंद्र कुमार, घनश्याम वर्मा, राजू पाल तथा नेहा त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण शामिल रहे।

# जेडी ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य का वेतन रोका, अभिलेख उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**कुशीनगर।** संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर ने जनपद के कप्तानगंज स्थित श्री गंगा बक्श कनोडिया गॉंधी इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने यह कार्रवाई विभागीय अधिकारियों के लगातार निर्देश के बावजूद कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय का अभिलेख व आडिट न कराये जाने

- ऑडिट जांच के लिए अभिलेख उपलब्ध न कराने का मामला

के कारण की गयी है। इसके साथ ही एक पखवाड़े के भीतर अभिलेख उपलब्ध न कराने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्ति करने का निर्देश डीआईओएस को दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर सतीश सिंह द्वारा जारी पत्र संख्या - 147-50/2024-25 दिनांक - 2 अप्रैल-2025 में कहा गया है कि श्री गंगा बक्श कनोडिया गाँधी इण्टर कालेज, कप्तानगंज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी को ऑडिट जॉच के लिए कतिपय अभिलेखों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा अद्यावधि कार्यालय में वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया है। श्री त्रिपाठी का उक्त कृत्य घोर लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कार्यवाहक प्रधानाचार्य, श्री गंगा बक्श कनोडिया गाँधी इण्टर कालेज, कप्तानगंज का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित किया जाता है। साथ ही इसके संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि श्री त्रिपाठी द्वारा प्रकरण से सम्बन्धित वांछित अभिलेख 15 दिवस के भीतर कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो श्री त्रिपाठी के स्थान पर संस्था के अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का प्रभार देने के लिए संस्था के प्रबन्धक से प्रस्ताव मंगाते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## निकाली जायेगी विशाल शोभायात्रा

**आंवला, बरेली।** हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल सोमवार को हनुमत नगरी आंवला में एक विशाल शोभा यात्रा हर्षोल्लास को निकाली जाएगी।हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोभायात्रा प्राचीन देवस्थान पुरैना मन्दिर से प्रारम्भ होकर महाराणा प्रताप चौक,पुरैना ढाल, फूटा दरवाजा, गंज त्रिपोलिया, चाचा नेहरू चौराहे, स्टेट बैंक तिराहे आदि है।

# पुलिस ने बलवा ड्रिल कर शस्त्रों को चलाने का किया अभ्यास

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ग्रहण की। परेड उपरान्त अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों ( भीड़ ) को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी कर पुलिसकर्मियों को दंगा-नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस के गोले, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड,डाई मार्कर, रबर बुलेट गन,एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया कराकर प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। बलवा ड्रिल के रिहर्सल के दौरान 09 पार्टियों में एलआईयू, सिविल पुलिस, फायर सर्विस, अश्रु गैस, लाठी पार्टी, फायर पार्टी, फर्स्ट एड, फोटो एवं वीडियोग्राफी, रिजर्व पार्टी का गठन कर रिहर्सल कराया गया।

दंगा-नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार प्रशिक्षण एवं अभ्यास किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर उसमें कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें और पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान कर्मियों के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में हाटा नगर पालिका को मिला प्रथम स्थान

**कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर पर जनपद के हाटा नगर पालिका परिषद को शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया ।राज्य स्तर पर आरक्षित पुरस्कारों के लिए निकायों ने आवेदन किए थे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नगरीय सुविधाओं, साफ सफाई की व्यवस्था की मॉनीटरिंग, घाटों की सफाई सहित अन्य मानकों पर किए गए आवेदनों की जांच के आधार पर स्वच्छता ही सेवा नगर पालिका परिषद की सीटीयू वर्ग में हाटा नगर पालिका को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शासन के दिशा निर्देशन में पालिका के जिम्मेदारों एवं आम जनमानस के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाली निकायों को राज्य स्तर से नगरपालिका श्रेणी में नगरपालिका परिषद हाटा को प्रदेश में प्रथम श्रेणी स्थान प्राप्त होने पर श्रीमती मीनू सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद हाटा को ए0के0 शर्मा मंत्री नगर विकास द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता घाट प्रतियोगिताको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह सहित नपा कर्मियों एवं आम जनमानस के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना प्रथम प्राथमिकता है।

## डॉ. कमल किशोर गोयनका को दी गयी श्रद्धांजलि

**देवरिया ।** प्रख्यात साहित्यकार, कवि, कथाकार, समालोचक, सम्पादक और प्रेमचंद साहित्य के अनन्य अध्येता, अनुसंधान कर्ता, अनेक केन्द्रीय तथा प्रान्तीय संस्थाओं के पदाधिकारी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में चालीस साल तक अध्यापन करने वाले डॉ कमल किशोर गोयनका के आकस्मिक निधन से नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया परिवार संतप्त और आहत है। डॉ गोयनका नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा वर्ष 2008 में नागरी रत्न सम्मान से विभूषित किए गए थे। दूसरी बार 'गांधी संवाद' कार्यक्रम में नागरी प्रचारिणी सभा के बुलावे पर भी आये थे। डॉ गोयनका के निधन पर सभाध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें उनके बारे में अपनी बात रखते हुए डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा गोयनका जी भाषा की शुद्धता पर विशेष ध्यान देते थे। वह एक भाषा के प्रति संवेदनशील साहित्यकार थे। प्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी विजय प्रसाद ने कहा गोयनका जी साहित्य में स्पष्टवादिता के कायल थे। सरोज कुमार पाण्डेय तथा एडवोकेट बृजेश पाण्डेय ने उनके साथ बिताए कुछ पल की स्मृतियों को साझा किया। श्रद्धांजलि सभा में इन्द्र कुमार दीक्षित, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, हृदय नारायण जायसवाल, कुसुमाकर तिवारी आदि गणमान्य ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि गोयनका जी को अर्पित की। अंत में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी कि उनको अपने लोक में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस दुख को वहन करने की शक्ति दें।इस सभा में श्वेतांक मणि त्रिपाठी, उद्धव मिश्र, बृजेश पाण्डेय प्रबन्धक, रवीन्द्र नाथ तिवारी, ब्रजेन्द्र मिश्र आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बारों पर ताबड़तोड़ छापे, सात सील, 13 गिरफ्तार




**बरेली।** शहर डीडीपुरम में जो जगहें कैफे के नाम से जानी जाती थी। वहां असल में धुएं के छल्ले और जाम के दौर चल रहे थे। बृहस्पतिवार रात पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने इन कैफों पर जबरदस्त छापेमारी की, जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। कार्रवाई के दौरान तीन महिलाओं और 10 पुरुषों को हिरासत में लिया गया। वहीं सात हुक्का बार सील कर दिए गए। मौके से नौ हुक्का, 10 बोतल अंग्रेजी शराब और 11 मोबाइल बरामद किए गए।

आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी को गुप्त सूचना मिली कि डीडीपुरम में कुछ कैफे हुक्का बार में तब्दील हो चुके हैं। जहां न केवल हुक्का परोसा जा रहा है, बल्कि नाबालिगों को भी शराब मुहैया कराई जा रही है। सूचना मिलते ही टीम तैयार हुई और रात आठ बजे थाना प्रेमनगर पुलिस फोर्स के साथ ऑपरेशन शुरू किया गया ।सबसे पहले दबिश वी-लव कैफे पर पड़ी- जहां से मनी सक्सेना और दानिश सक्सेना को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद डेटली कैफे में छापा मारा गया- जहां से आरती तिवारी, रुचि पासवान, आदित्य शर्मा, अंश तिवारी, अमरजीत समेत कई लोग गिरफ्तार हुए। पुलिस ने जैसे ही एक के बाद एक कैफे पर शिकंजा कसना शुरू किया। वैसे ही आसपास के कई कैफे संचालक अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए ।इस छापेमारी में आरती तिवारी और मनी सक्सेना जैसी महिलाएं भी पकड़ी गईं, जो खुद को रसूखदार बताती थीं। आरती तिवारी भाजपा के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी और अक्सर गले में पार्टी का पट्टा डालकर रौब झाड़ती थी। वहीं मनी सक्सेना भी विवादों में रहने वाली महिला मानी जाती है। जिसने कई लोगों को अपने जाल में फंसा रखा था।

# संसार की जलन से शांति दिलाता है श्रीमद् भागवत कथा: पंडित श्रीकांत जी शर्मा

**देवरिया।** श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की कलश यात्रा शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ सालासर मंदिर रागिनी चौराहा से निकली। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अग्रवाल वाटिका पहुंची। कलश यात्रा के दौरान कनोड़िया परिवार समेत अन्य महिला पुरुष भक्ति गीतों पर डांस कर रहे थे। वही कथा व्यास श्रीकांत जी शर्मा बग्गी पर सवार थे। कथा के प्रथम दिन बाल व्यास श्रीकांत जी शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत संसार की जलन से शांति दिलाने वाला ग्रंथ है। संसार जल रहा है और इससे शांति परमात्मा ही दे सकता है। वह सर्वत्र व्याप्त है परमात्मा पास भी है और दूर भी है। वह सारे संसार में है और संसार उसमें है। ब्रह्म सब में विद्यमान है और राम तथा श्री कृष्ण वर्तमान है। यह सब में रहते हैं। लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। परमात्मा स्वयं प्रकाश है। सब कुछ उन्हीं से प्रकाशित होता है। बाल व्यास श्रीकांत जी शर्मा ने



बताया कि जब कहीं से प्रकाश नहीं मिले तो अपनी आत्मा से प्रकाश लेना चाहिये। सत्संग कीर्तन और महापुरुषों से प्रकाश मिलता है। उस प्रकाश में नारायण के दर्शन होते हैं। इसलिए सत्संग भजन और कीर्तन में लगे रहो कोई न कोई संत महापुरुष आयेगा और जीवन में रोशनी दे जाएगा। कथा व्यास श्रीकांत जी शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यानी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छा अनुसार उनके यहां पुत्री रूप में पैदा हुई थी। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी। इसलिए यह कात्यानी के नाम से प्रसिद्ध हुई। मां कात्यानी आमोद्यय फल दायिनी है। दुर्गा पूजा के छठे दिन उनके स्वरूप की पूजा की जाती है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का आरंभ की महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां के चरणों में अपना सब कुछ न्योछावर कर देता है। भक्तों की भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इन का साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है। कथा में मुख्य यजमान मंजू कानोडिया, विशाल कानोडिया, गौतम कानोडिया, विश्वनाथ कानोडिया, संजय कानोडिया, प्रदीप कानोडिया, विकास कानोडिया, कैलाश कानोडिया समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य लाभ के लिए वकीलों ने किया हवन

**बरेली।** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के हठधर्मी रवैए से नाराज वकीलों ने कचहरी परिसर में धरना - प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन के सचिव वीपी ध्यानी के स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन किया ।शुक्रवार को एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, विभिन्न मांगों को लेकर धरना - प्रदर्शन आयोजित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना ने कहा कि एसोसिएशन के पदाधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और जिसके कारण अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि बरेली बार एसोसिएशन को आज तक बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश से संबद्ध करवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है जोकि सरासर गलत है। एसोसिएशन के आय व्यय का सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इसके बाद ही वकीलों को बैठने के लिए चैम्बर आवंटित नहीं किए जा रहे हैं। जबकि बड़ी संख्या में चैम्बर खाली पड़े हैं।

## कृषि मंत्री ने 20 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**देवरिया ।** घायलों, मरीजों और प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने में अब और अधिक सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को एसपी आवास स्थित डाक बंगले में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिले के लिए 20 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और बरहज विधायक दीपक मिश्रा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि पुरानी एंबुलेंस के स्थान पर नई एंबुलेंस के संचालन से मरीजों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सेवा मिलेगी। जल्द ही और नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। नई एंबुलेंस की तैनाती से मरीजों, घायलों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में आसानी होगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 102 सेवा की 38 एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने और प्रसव उपरांत घर भेजने का कार्य कर रही हैं। वहीं, 108 सेवा की 35 एंबुलेंस बीमार और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए संचालित की जा रही हैं। कई पुरानी एंबुलेंस के प्रतिस्थापन की आवश्यकता थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है कार्यक्रम में डीपीएम पूनम, जीवीके एमआरआई ग्रीन सर्विस संस्था के रीजनल मैनेजर दिग्विजय मौर्य, जिला प्रभारी राहुल कुमार, भारतानुज विश्वकर्मा, संतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर देवरनियां थाने के दो सिपाही हुए सस्पेंड

**देवरनियां, बरेली।** पति के विवाद के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर बरेली में आए मुख्यमंत्री के सामने आत्मदाह की चेतावनी देने वाली युवती अपनी सहेली के साथ सुरक्षा घेरा तोड़कर मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने की कोशिश के दौरान पकड़ी गई। युवती की निगरानी में लगाई गए देवरनियां थाने के दोनों सिपाहियों को पुलिस कप्तान ने सस्पेंड कर जांच शुरू करा दी है ।मगर एक सवाल हवा में तैर रहा है, कि आखिर युवती की निगरानी में महिला सिपाही क्यों नहीं लगाई गई?

कोतवाली देवरनियां के गांव वसुपुरा निवासी नीलम बे प्रेम विवाह किया था,उसका अपने पति से विवाद चल रहा है।

पति पर कार्रवाई की मांग को लेकर वह दर-दर दौड रही है। कार्रवाई न होने पर उसने बरेली में मंगलवार को आए मुख्यमंत्री के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी थी, और अपनी सहेली स्नेहा के साथ सुरक्षा घेरा तोड़कर मंच पर पर पहुंचने की कोशिश की, और रोकने पर वह महिला पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की।

# भ्रष्टाचार पर एसएसपी का करारा वार चौकी प्रभारी समेत तीन निलंबित

**बरेली।** कानून का शिकंजा अब सिर्फ आम जनता पर ही नहीं, बल्कि कानून की आड़ में अपराध करने वाले वदीर्धारियों पर भी कसने लगा है। एसएसपी अनुराग आर्य ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को

- अपहरण और वसूली के आरोप में दरोगा और दो सिपाहियों पर एफआईआर दर्ज
- पुलिसकर्मियों ने निर्दोष युवक को किया था अगवा, मांगे थे दो लाख

जमीनी हकीकत बना दिया है। हालिया कार्रवाई में उन्होंने फतेहगंज पश्चिमी पुलिस चौकी की पूरी टीम को निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों पर अपहरण, धमकी और जबरन वसूली जैसे संगीन अपराधों में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है ।ताजा मामला थाना फतेहगंज पश्चिमी की पुलिस चौकी का है, यहां तैनात दरोगा बलवीर सिंह और सिपाही मोहित चौधरी व हिमांशु ने अपनी वर्दी की मयार्दा को तार-तार कर डाला। इन पर आरोप है कि इन्होंने एक निर्दोष किसान को जबरन उठा लिया और उसे मादक पदार्थों के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए दो लाख रुपये की मांग की ।घटना गुरुवार रात की है। फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, सिपाही मोहित चौधरी और हिमांशु, भिटौरा गांव निवासी किसान बलवीर के घर पहुंचे। बिना किसी वारंट के घर में घुसकर उन्होंने तलाशी ली।

सामान बिखेर दिया और फिर जबरन बलवीर को अपने साथ उठा ले गए। इसके बाद बलवीर को एक निजी आवास में बंधक बनाकर परिजनों को फोन किया। धमकी दी गई कि बलवीर स्मैक तस्करी में शामिल है और अगर उसे छुड़ाना है तो दो लाख रुपये का इंतजाम करो। परिवार सकते में आ गया, लेकिन डरने के बजाय उन्होंने मामले की शिकायत सीधे आईजी और एसएसपी बरेली से कर दी ।एसएसपी के निर्देश पर जब सीओ हाईवे मौके पर पहुंचे। तो पुलिसिया रंगबाजी करने वाले ये आरोपी खुद ही भाग खड़े हुए। बाद में पुलिस ने बलवीर को छुड़ा लिया और जब मामले की जांच हुई। तो आरोप पूरी तरह से सही निकले। फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी समेत तीनों पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है। अब आरोपी पुलिसकर्मी फरार हैं और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं।

## पति की मौत के बाद न्याय के लिए भटक रही थी पीड़िता

**बहेड़ी, बरेली।** सुकटिया याकूबगंज में हुई संदिग्ध मौत के मामले में आखिरकार कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हो गया है। पीड़िता मुन्नी पत्नी शरीफ अहमद ने अपने पति की हत्या की आशंका जताते हुए थाने से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। आखिरकार, कोर्ट में अर्जी देने के बाद न्याय की उम्मीद जगी और पुलिस को मामला दर्ज करना पड़ा।पीड़िता के मुताबिक उसकी बेटी ने 23 मार्च 2024 को गांव के नसीम और मुस्तकीम के खिलाफ थाना बहेड़ी में एक मुकदमा दर्ज कराया था।

## अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक

**देवरिया।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, मनोज कुमार नहीं रहें। दुनिया में भारत कुमार नाम से विश्वात मनोज कुमार का जनर वर्तमान में एनोटराबाद-पाकिस्तान में सन-1937 में हुआ। मनोज जी सक्षम अभिनेता के साथ-दिग्गज - निमार्ता-निर्देशक भी रहें, उत्पनरी देशमार्क फिल्मों के माध्यम से देश में जन-जन जन- में राष्ट्र ?मात्त्क की भावना को ऊंचाई और मजबूती दी। मनोज जी को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री, और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्का और , दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरि किशन गिरि गोस्वामी से मनोज कुमार बने इस महान-फि ल्म-विभुति को कुल सात फि ल्म फेयर वार्ड श्री मिलें है। हरियाली और रास्ता' 'वो कौन थीर, ₹शहीद ₹हिमालय की गोद में₹ गुमनामर, ₹दो बदन₹ पत्थर के सनम उपकार₹ ₹पूरब पश्चिम, क्रांति, आदि फिल्मे दीं !87 साल की उम्र में सदगती पाने वाले देश के सच्चे सपूत - मनोज कुमार की आत्मा जहाँ भी रहे ईश्खर पास हों.

इस अवसर पर मृत तात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर डॉ० रजनी श्रीवास्तव -डी धनन्जय पाण्डेय, जमशेद अनवर, सुनील, नितेन्द्र सोनू, मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट, नीतू रीना प्रियंका, ,उज्वल व्यंकटेश आदि उपस्थित रहें ।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

महोली/ सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के द्वारा चलाए गए रोकथाम अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के तहत महोली प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार चैबे द्वारा 1 अप्रैल की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त को बाईपास कैबा मोड़ से दो नफर अभियुक्त रियाजुल पुत्र सूबेदार उम्र 24 वर्ष, सूबेदार पुत्र सकूर उम्र 60 वर्ष निवासी अल्हना थाना महोली को सुबह गिरफ्तार किया। जिनकी निंसान देही पर घटना में प्रयुक्त एक-एक अदद डंडा बरामद किया गया। अभियुक्त गणों को विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक जय कृष्ण तिवारी, हेड आरक्षी अरुण मिश्रा, आरक्षी राज किशोर, आरक्षी नरेंद्र तोमर रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 05 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को डीएम की अध्यक्षता में तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

## गेहूं के खेतों में लगी आग फसल जलकर राख

लहरपुर/सीतापुर। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम टकेली में गेहूं के खेतों में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर नष्ट। जानकारी के अनुसार विकास खंड क्षेत्र के ग्राम टेकली में शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते दोपहर में गेहूं के खेतों में आग लग गई, तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 30 बीघा गेहूं के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया, आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण व किसान मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर की सहायता व अपने संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया और आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कल्लू यादव, महेश यादव, देशराज गौतम, मुद्रिका गौतम, कौशल गौतम, राम आसरे वर्मा,व सत्य राम वर्मा, सतीश भार्गव की 30 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया।इस संबंध में नायाब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि लगभग 30 बीघा गेहूं की फसल जल का नष्ट हो गई है नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाएगा।

## मां कालरात्रि की विधि विधान से की पूजा

लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज में नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर कथा का रसपान किया। नगर के मोहल्ला बेहटी स्थित पूर्विन देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। कथा व्यास पंडित वीरेंद्राचार्य महाराज ने गोपी, उद्धव प्रसंग कथा का वर्णन किया, उन्होंने श्री मद भगवत कथा की अमृत वर्षा करते हए कहा कि,श्रीमद् भागवत की मंगल कथा इस कलिकाल में समस्त दुखों को हरने वाली है, ईश्वर के यहां देर है अंधेर नही, आप जो भी कर्म कर रहे हैं उसका आपको वैसा ही फल मिलेगा। इसलिए सदैव ही सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें। कथा व्यास ने कहा कि इस कालि काल में मनुष्य मायाजाल में फंस कर भगवत भजन को भूलकर अपनी तृष्णा को पूरी करने का अनवरत प्रयास करता है परंतु तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती, कथा व्यास ने कहा कि आप सभी सांसारिक तृष्णा को छोड़कर प्रभु की सच्चे हृदय से आराधना करें ।इस पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव तालिब पुर रहली में गुरुवार को हुई महिला की मौत मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही घर पहुंचा तो एक बार फिर रोना धोना शुरू हो गया। परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार बंदीमाता घाट पर कर दिया। गांव निवासी रामकरन की पत्नी का शव घर के अंदर कमरे में गुरुवार सुबह लटकता मिला था। मृतका का पति बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। सूचना पाकर पति रामकरन रोता बिलखता घर पहुंचा और अपनी तीन साल की पुत्री को चिपटा कर रोता रहा। अभी तक अबोध पुत्री माँ के साथ थी जिससे रामकरन निश्चिन्त होकर काम के सिलसिले में बाहर चला जाता था।

# संवेदनशील क्षेत्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने शुक्रवार को विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने और जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना था।

प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने काजियारा चैराहा और शीशे वाली मस्जिद एवं खैराबाद में मस्जिद के पास स्थानीय लोगों से वार्ता भी की जहाँ उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्यवाही की जाए। ड्रोन कैमरों की सहायता से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों को त्वरित जानकारी मिल सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। इसके साथ ही, संदिग्ध गाड़ियों की चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फैलने वाली अफवाहों पर नजर रखने के लिए क्षेत्राधिकारी को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

### डीएम ने अफवाह से बचने और सतर्क रहने की दी लोगों को सलाह

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचना बेहद आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### जुमे की नमाज के दौरान विशेष सुरक्षा प्रबंध किये गये

प्रशासन द्वारा शुक्रवार की जुमे की नमाज के दौरान विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मजिस्ट्रेट और पुलिस बल अपनी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जिले में हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। ड्रोन कैमरों के जरिए मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में निगरानी रखी जा रही है, ताकि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही : चक्रेश मिश्रा

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने भी जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर अपनी कड़ी नजर बनाए रखी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचें। उन्होंने कहा कि जिले में सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार है। सीतापुर प्रशासन द्वारा किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य जिले में शांति और कानून-व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आम जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा है। जिलेवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। इसके अलावा, जिले में सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन



लहरपुर/सीतापुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि, क्षेत्र में इंडिया मार्का के जो नल खराब पड़े हैं गर्मी को देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए, मोहल्ला ठठेरी टोला में जो घुमंतू समाज के लोग रह रहे हैं उन सभी को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाए। लहरपुर पुलिस के पास जो भी आइजीआरएस के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र पहुंचता है तब पुलिस के द्वारा पीड़ितों पर दबाव बनाकर फर्जी तरीके से रिपोर्ट लगा कर निस्तारण कर दिया जाता है जिसकी जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाए। मोहल्ला ठठेरी टोला पूर्वी वर्मा मार्केट में नाली की सफाई कराई जाए।इसके साथ ही सेवा ई रिक्शा यूनियन लखनऊ मंडल के द्वारा ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुख्य गेट डॉक्टर धनीराम भार्गव के मकान के सामने जो भी ई रिक्शा खड़े होते हैं उनसे बस के कंडक्टर, बस मैनेजर व बस के कर्मचारियों द्वारा जबरन सवारियां उतार ली जाती हैं और ई-रिक्शा चालकों को आए दिन मारा पीटा जाता है जिसकी निष्पक्ष जांच कराए जाये। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से छैल बिहारी मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, राजा बाबू, वरुन कुमार, सूरज यादव विकास निषाद, राजकुमार वर्मा, नुरुल हक, रिजवान खां, डब्लू गुप्ता, आकाश, बुनियाद हुसैन, रेवन खान आनंद पटेल हरप्रीत सिंह, पंकज गोस्वामी, राजू जायसवाल संजय, पवन, रोहित सहित काफी संख्या में महिलाएं और संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण



सफीपुर, उन्नाव। सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ओपीडी, पर्चा काउंटर, दवा वितरण कक्ष एवं डिलीवरी वार्ड का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर का राज्य पिछड़ा आयोग विनोद कुमार पटेल ने औचक निरीक्षण कर पर्चा काउंटर, ओपीडी, दवा कक्ष, प्रशव वार्ड आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां उन्हें सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। इस दौरान राज्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ने सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार वर्मा से अन्य उपलब्धियों पर चर्चा की एवं महत्वपूर्ण आंकड़े बताए गए।इस मौके पर डॉक्टर ब्रजेश, राम सहोदर, ऋचा श्रीवास्तव, प्रीति शर्मन, फौजिया रहमान, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बालक कार्यक्रम प्रबंधक, ए आर ओ, समस्त फार्मासिस्ट एवं स्टाफ नर्स उपस्थित रहे।

# तहसीलों से वांछित सूचनाओं के लिए प्रारूप शीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें: डीएम

सीतापुर। कर एवं निबन्धन अनुभाग-7 द्वारा जारी वर्तमान मूल्यांकन सूची के पुनरीक्षण के संबंध में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्किल रेट निर्धारण हेतु मानकों के अनुसार सूची समय से उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि प्रान्तीय मार्ग, लिंक मार्ग, जिला मार्ग, ओडीआर, एमडीआर,आबादी के निकट एवं विकसित गांवों से संबंधित गाटों का चिन्हीकरण की पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। इसके साथ ही अन्य मानकों का भी दर निर्धारण में विशेष ध्यान रखा जाये।

उन्होंने एआईजी स्टाम्प को निर्देश दिये कि तहसीलों से वांछित सूचनाओं हेतु प्रारूप शीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बैनामों में जीपीएस युक्त फोटोग्राफ अवश्य लगायी जाये तथा सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित स्टाम्प शुल्क का नियमानुसार भुगतान किया जाये। स्टाम्प कमी से संबंधित सभी जांचों में जांच अधिकारी जीपीएस युक्त फोटोग्राफ, जिसमें दिनांक व समय भी प्रदर्शित हो, जांच आख्या के साथ अवश्य लगाया जाये। नगर पालिकाओं से संबंधित तथा अर्द्धनगरीय क्षेत्रों के गाटे भी सूचीबद्ध करते हुये नियमानुसार सर्किल दरें निर्धारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि दर निर्धारण एवं वृद्धिकरण में सभी सुसंगत नियमावलियों, शासनादेशों का पूर्णतया पालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान ए0आई0जी0 स्टाम्प जगदम्बा शुक्ला ने दर निर्धारण एवं वृद्धिकरण के संबंध में अपनाये जाने वाली प्रक्रिया के विषय में सभी को जानकारी दी तथा वांछित प्रपत्रों, सूचनाओं, नियमों आदि के विषय में भी विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, उपजिलाधिकारी महोली उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, उप निबंधक सदर राजीव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा-शिक्षा, चिकित्सा और विकास के ढांचे को मजबूत किया गया



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर वर्ग का तेजी से विकास हुआ है। आम जनमानस को बगैर भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने घर-घर संपर्क अभियान के दौरान कहीं। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के साथ सीतापुर विधानसभा के नगर मंडल के शक्ति केंद्र तानसेनगंज बूथ संख्या 243, 244 पर घर-घर संपर्क किया।

घर-घर दस्तक देने के साथ भाजपा कार्यकताओं ने लोगों को भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां के पत्रक वितरण किया। इस दौरान भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद लोगों में विश्वास जगा है। पारदर्शी तरीके से सरकार की योजनाओं का लाभ निचले पायदान के अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, विकास के ढांचे को मजबूत किया गया है। पूर्व की सरकारों ने प्रदेश को जो बदहाल बनाया था, उसे बदहाली को दूर करने का काम किया गया है। बगैर किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी दवा से लेकर राशन तक की व्यवस्था भाजपा सरकार ने की है। केंद्र की नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर सबका विश्वास जीतने का काम भाजपा ने किया है।

# देश निरंतर उन्नति कर रहा है: नीरज सिंह



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के आगामी अभियानों को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे तथा कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई।

कार्यक्रम के शुरूवात मे भाजपाइयों द्वारा भाजपा के महापुरुषों दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी। के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्राज्वलन किया गया। तदुपरांत जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह ने अपने उद्बोधन की शुरूआत करते हुए पुनः नियुक्त पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आगामी अभियानों में सभी पदाधिकारियों को बढ़ चढ़कर भाग लेना है एवं एक कार्यकर्ता को दूसरे कार्यकर्ता की ताकत बनकर बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक अभियान की सफलता का प्रयास करना है उन्होंने बताया कि 2014 से पूर्व देश का माहौल क्या था देश में चारों तरफ हाहाकार मचा था और तुष्टिकरण का दौर चल रहा था और 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश निरंतर उन्नति कर रहा है और अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरो का संरक्षण कर रहा है। नए भारत में सनातन के सम्मान का विशेष महत्व है। जिला प्रभारी ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी से एक होकर संगठन के निदेर्शों का पालन करने के लिए आवाहन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन में आगामी अभियानों जिसमें मुख्य रूप से पार्टी स्थापना दिवस,अंबेडकर जयंती, गांव संपर्क अभियान, वन नेशन वन इलेक्शन पर आधारित कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया साथ ही इनको सफलतापूर्वक आयोजित होने के लिए समस्त जिला पदाधिकारीगण एवं मंडल अध्यक्षों व पार्टी पदाधिकारियों को कार्य विधि से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सभी पदाधिकारी से आगामी 2027 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को जिले की सभी नौ विधानसभाओं को जीतने के लिए स्वयं को तैयार कर पार्टी के निदेर्शों को पालन करने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा ,नीरज वर्मा झल्लर, अजय विश्वकर्मा, कंचन प्रभा पांडे, नैमिष रत्न तिवारी,जया सिंह, सुधीर सिंह, रोहित सिंह, राजन गुप्ता, पंकज पांडे, सहित जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व मन की बात के प्रभारी उपस्थित रहे।

# राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण




पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम मगरायर में स्थित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पूरी तरह से बंद मिला, जिससे एसडीएम ने गहरी नाराजगी जताई ।गौरतलब है कि सरकार द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए क्रय केंद्रों की स्थापना की जाती है ताकि किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल सके। मगरायर केंद्र के बंद मिलने से स्पष्ट है कि किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। एसडीएम रणवीर सिंह ने अधिकारियों को फटकार लगाई और क्रय केंद्र प्रभारी से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को समय से उनकी उपज का मूल्य मिल सके, ऐसे में क्रय केंद्रों का बंद रहना गंभीर लापरवाही है और जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्र समय से खुले ताकि किसानों को सेवा सुचारू रूप से मिल सके। एसडीएम ने अन्य केंद्रों की भी जांच करने की बात कही है ।किसानों में भी इस लापरवाही को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और उन्होंने जल्द से जल्द क्रय केंद्र संचालन में सुधार की मांग की है।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार से मिला

सीतापुर। जस्टिस फॉर राघवेंद्र की मुहिम चला रहे संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने शुक्रवार को महोली जाकर मृतक पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों से मुलाकात कर मोर्चे द्वारा जनसहयोग से एकत्रित राशि 51 हजार रुपए परिवार को सौंपी व भरोसा दिलाया कि संयुक्त मोर्चा सरकार से 50 लाख रुपये आर्थिक मुआवजा व राघवेंद्र की पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग पुरजोर तरीके से सरकार से व राज्यपाल से करेगा। संगठन संयुक्त रूप से कुल 1 लाख रुपये का सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा किसान नेता शिव प्रकाश सिंह पिंदर सिंह सिद्धू सचेन्द्र दीक्षित श्रवण कुमार बाजपेयी उदय प्रताप त्रिवेदी मनोज शुक्ला सविता बाल्मीकि प्रमिला बंसल कमल शुक्ला राहुल अरोड़ा आदि थे।

## तत्सत सेवा संस्थान का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

सीतापुर। तत्सत सेवा संस्थान के वार्षिकोत्सव का आयोजन विशंभर दयाल विद्यालय श्यामनाथ में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तत्सत सेवा संस्थान के अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथियों व विशिष्ट का स्मृति चिन्ह व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विशिष्ट



अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी ,महंत सन्तोष दास को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण सम्मानित किया गया। तत्सत सेवा संस्थान के अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव को राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल का रंगमंच प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक पुरी के द्वारा नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। राजा टोडरमल संस्था के पदाधिकारीयों व सदस्यों ने रंगमंच के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर राजन गुप्ता नैमिष रत्न तिवारी, नगर अध्यक्ष पंकज पांडे, एसडीओ हरीश गौर, समाजसेवी गोपाल टंडन, मोनिका आनंद, टोडरमल संस्था के जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव, महिला नगर अध्यक्ष नीलम गोड, पिछड़ा वर्ग महिला अध्यक्ष नगर इंदू रानी, अवनीश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित्।

## उर्स पर कव्वाली का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। बड़े ही धूमधाम से सरकार पीराशाह रहमतुल्लाह अलैह की बारगाह पर गागर व चादर पोशी कर एक दिवसीय सालाना उर्स पाक के मौके पर कव्वाली प्रोग्राम का कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर स्थित पीराशाह सरकार की मजार पर सालाना उर्स मनाया गया साथ ही सरकार के आस्ताने पर मेला प्रबंधक अकील अहमद व प्रतिनिधि वसीम अहमद, आदिल खान, एवं शाही पेश इमाम मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती, मौलाना शरीफ बरकाती, कारी नसरुद्दीन, ने हुजूर पीराशाह की बारगाह में गागर व चादर पेश किया। जिसके बाद कव्वाली का सिलसिला जारी हुआ जिसमें कव्वाल जाफर नियाजी लखनऊ व कव्वाल फराज नियाजी बरेली ने अपने कलामो से महफिल सजा दी। और आए हुए जायरीनों ने रात भर लुप्त लिया। वहीं सरकार के आस्ताने पर रात भर लोगों द्वारा जियारत का सिलसिला जारी रहा। जवाबी कव्वाली में कव्वाल जाफर नियाजी लखनऊ ने कलाम पेश किया कि ताज दारे हरम निगाहें करम हम गरीबों के दिन भी सवर जायेंगे। कव्वाल फराज नियाजी बरेली ने कलाम पेश किया कि पीराशाह की शादी है हर वली बराती है। जिसपर जायरीनों ने खूब झूमे। साथ ही लोगों ने मेला में खरीदारी कर झूला का का आनंद लिया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही।

## भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनाई



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत ऊगू के मोहल्ला शुक्लाना स्थिति माता काली मंदिर परिसर मे प्रति वर्ष की भांति सार्वजनिक रूप से चल रही भागवत कथा के छठे दिवस मे कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। भागवताचार्य संदीप शुक्ला ने श्री कृष्ण जन्म के उद्देश्य से लेकर कंस वध तक की कथा सुनाते कहा कि धर्म की स्थापना के लिए जब जब धरा पर राक्षसों पापियों का अत्याचार बढ़ता है तब तब भगवान का अवतार होता है ।भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर पूतना जैसी राक्षसी और कंस का वध करके पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और सन्देश दिया कि अत्याचारी चाहे जितना बलवान हो लेकिन उसका घमंड और पाप कर्म उसका विनाश करा देते हैं। भागवत कथा में आये भक्तों को धर्म की राह पर चलने की सीख दी। इस मौके पर हर्ष शुक्ला अनुज दीक्षित अवधेश दीक्षित, प्रदीप कस्यप पप्पू कस्यप, सुशील कस्यप, संदीप कस्यप, दिपांशू रावत आदि मौजूद रहे।

## गजेंद्र सिंह सेंगर मंडल अध्यक्ष बने, शिक्षकों में हर्ष

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल ( पूर्व माध्यमिक ) शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्य समिति उत्तर प्रदेश द्वारा विधि सम्मत निर्णय के क्रम में गजेंद्र सिंह सेंगर को मंडल लखनऊ का मंडल अध्यक्ष एवं संयोजक नियुक्त किया गया। गजेंद्र सिंह सेंगर विकासखंड बिछिया जनपद उन्नाव में उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं शिक्षक समस्याओं पर सदैव अपनी आवाज बुलंद करने के लिए जाने जाने वाले गजेंद्र सिंह सेंगर को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, उपाध्यक्ष राकेश बघेल जिला मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई समेत संगठन के विभिन्न विकास खंडों की कार्यकारिणी ने प्रांतीय कार्यकारिणी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित है। संगठन में इस निर्णय को लेकर अत्यंत हर्ष का माहौल है प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन को अब और मजबूती मिलेगी और शिक्षक समस्याओं को लेकर हमारी जंग जारी रहेगी प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार ने हर्ष जताते हुए कहा है कि मंडल अध्यक्ष के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के शिक्षकों की हर समस्या को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र समेत समस्त पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नवागत तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

पुरवा, उन्नाव। शुक्रवार को नवागत तहसीलदार रामशंकर ने सुबह तहसील पहुंचकर कार्यभार संभाला। इसके पहले वह सफीपुर तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। आपको बता दें कि दो दिन पहले ही जिलाधिकारी गौरांग राठी ने प्रशासनिक फेरबदल किया था। हमारे संवाददाता से वार्ता के दौरान नवागत तहसीलदार रामशंकर ने बताया कि शासन की मंशानुरूप आम जनमानस की समस्यायों का त्वरित निराकरण कराना प्राथमिकता रहेगी। आपको बता दें कि इससे पहले साक्षी राय तहसीलदार थी जिनका तबादला जिलाधिकारी के आदेश पर बांगरमऊ हो गया है। इसी कड़ी में दो नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय और कृष्णानंद बाजपेई को भी पुरवा में नवीन तैनाती दी गई है।

संक्षेप

## विधिक साक्षरता शिविर में दी जानकारियां

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने जिला कारागार विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान एडीजे/सचिव के अलावा अधीक्षक मुकेश कुमार, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राहुल गौतम द्वारा निरूद्ध बन्दियों को उनके अधिकार एवं विधिक साक्षरता से विस्तृत रूप से अवगत कराकर वातार्लाप कर उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया।

बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। शिविर का संचालन कारापाल जीवन सिंह ने किया। इस मौके पर उप कारापाल जयनारायण भारती, न्यायालय से रोहित राठौर, विकास उपस्थित रहे।

## मेला देखने गये युवक की बाइक चोरी

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना निवासी अमित पुत्र सुरपाल सिंह ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि बीते गुरूवार की रात 11.30 बजे वह सदनशाह दरगाह पर उर्स देखने के लिये आया हुआ था। यहां उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 2817 गिन्नौट बाग की पार्किंग में खड़ी कर दी थी। वह जब कुछ ही समय बाद वापिस आया तो देखा कि उसकी मोटरसाईकिल उक्त जगह पर नही है। आस पास के लोगों से काफी पूछताछ व खोजबीन की, लेकिन कहीं नही मिली। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामला दर्ज करने की गुहार लगायी है।

## अधिशाषी अधिकारी ने नपा की टीम सहित किया निरीक्षण

**ललितपुर।** नवरात्रि पर्व व रामनवमी पर्व के चलते नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा नगर के समस्त मंदिरों का निरीक्षण किया गया। संबंधित स्वास्थ्य नायकों एवं सफाई कर्मचारियों को मंदिरो के आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये है, वहीं मास, मीट, अण्डा आदि दुकान संचालकों को दुकान बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि देवी मंदिरों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था उचित रखी जाये साथ ही स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया गया अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मास, मीट, अण्डा आदि दुक दुकान संचालकों को निर्देशित करें कि मंदिर आने-जाने वाले मार्ग पर मास, मीट, अण्डा आदि की दुकानों का संचालन करना बंद कर दें, यदि किसी भी प्रकार की मास, मीट, अण्डा की दुकान का संचालन करना पाया जाता है तो संबंधित दुकानदार पर जुमार्ना वसूल करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# जल निगम के प्रबंध निदेशक ने किया योजनाओं का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ डॉ. राजशेखर, (आई0ए0एस0) द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन कीयोजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय

**●अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी राकेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता (वि0यां), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी जे0के0 गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर अवनीश सिंह एवं फर्म के प्रतिनिध आकाश सिंह, सुभाष विश्नोई उपस्थित रहे।कड़ेसराकलां-मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना के निरीक्षण के समय डब्ल्यू0टी0पी0 संचालित पाया गया। उक्त योजना के दो ग्रामों कड़ेसराकलां एवं मुकटौरा में पेयजल आपूर्ति चालू पायी गयी।

कड़ेसराकलां-मऊ योजना अन्तर्गत 11 एमएलडी क्षमता के डब्ल्यू टीपी बेतवा नदी पर इण्टेक वैल एवं 22 ग्रामों में लगभग 8000 गृह पेयजल संयोजन, 05 सी0डब्ल्यू0आर0 एवं 10 ओ0एच0टी0 का निर्माण किया गया, योजना अन्तर्गत सभी 22 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। बदनपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के निरीक्षण में योजना में निर्मित 7 एमएलडी क्षमता का डब्ल्यू टीपी संचालित पाया गया एवं ग्राम कड़ेसराखुर्द के निरीक्षण में ग्राम में नियमित जलापूर्ति होती पायी गयी। बदनपुर ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत शहजाद बांध पर एक नग सीपी टैंक, 7 एमएलडी क्षमता के डब्ल्यू0टी0पी0, 04 नग सी0डब्ल्यू0आर0 एवं 08 नग ओ0एच0टी0 के द्वारा योजना के 31 ग्रामों में 6010 नग गृह पेयजल संयोजनों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

समीक्षा एवं निरीक्षण उपरांत उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## नपा की पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद से शहर में आने वाले वाहनों से पार्किंग के नाम पर जबरन की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाना पार्षद को मंहगा पड़ गया। पार्षद ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रास्ते में रोककर ड्राईवर से जबरन अवैध वसूली करने और गालियां देते हुये मारपीट करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस प्रकरण में पार्षद की ओर से दी गयी तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। तहरीर में वार्ड संख्या 15 से पार्षद मनमोहन चैबे ने बताया कि वह गुरूवार को सुबह करीब 8 बजे उसके निजी वाहन संख्या यू.पी.94 टी 5836 को लेकर उसका ड्राईवर सुमेर सिंह झांसी से गल्ला मण्डी की तरफ आ रहा था, तभी देवेन्द्र राजपूत पुत्र वीरन राजपूत, उसके साथी जाविद खान, रामबाबू साहू उर्फ राधे, आदर्श, दीपक राजा ने एकरा होकर बीच सड़क पर उनका वाहन जो कि ड्राईवर चला रहा था को रोक लिया और नगर पालिका की पार्किंग के नाम पर 100 रुपये मांगने लगे। बताया कि देवेन्द्र राजपूत के कहने लगा कि नगर पालिका की पार्किंग का ठेका उसके पास है। उन्होंने जब 31 मार्च 2025 को ठेका खत्म होने की बात कही तो उसके ड्राईवर से गालियां देते हुये मारपीट की गयी। पार्षद की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 308 (4), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# कृषि निर्यात निगरानी समिति की समीक्षा



**बांदा।** उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति वर्ष 2019 संसोधित 2024 के तहत मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की समीक्षा आयुक्त ने की। सहायक कृषि विपणन अधिकारी गंगादयाल ने कृषि निर्यात नीति के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए नीति से संबंधित किसानों, एफपीओ, निर्यातकों को कृषि निर्यात नीति के तहत दिए जाने वाले निर्यात और निर्यात की दशा में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्लस्टर के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि और क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर बढ़ने की दशा में 6 लाख रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इसके साथ ही निर्यात उन्मुक्त क्लस्टर के पास स्थापित नवीन प्रसंस्करण इकाईयों के लिए कुल प्रसंस्करण उत्पाद के 40 प्रतिशत निर्यात करने पर निर्यातक के टर्नओवर का 10 प्रतिशत अथवा 25 लाख जो भी कम हो पांच वर्षों तक दिया जाएगा। कृषि उत्पादों एवं इनके प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात पर परिवहन अनुदान वास्तविक भाड़े का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 20 लाख रुपये प्रतिवर्ष दिया जाएगा। कृषि निर्यात, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में डिग्री सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जाने पर राजकीय संस्थानों में इसकी वार्षिक फीस का 50 प्रतिशत अथवा 50 हजार रुपये प्रति छात्र दिया जाएगा साथ ही राजकीय संस्थानों को कोर्स चलाने पर 50 लाख का अनुदान एकमुस्त दिया जाएगा।

निर्यात क्लस्टर में अच्छी कृषि पद्धतियों अथवा समकक्ष प्रमाणीकरण के लिए व्यय का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1.5 लाख प्रतिवर्ष की व्यय प्रतिपूर्ति किए जाने का प्राविधान है। बैठक में हमीरपुर जनपद के एफपीओ गुहांड तुलसी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक ने घनौनी लाल मिश्र का जीआई टैगिंग कराए जाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा सर्वे एवं डाक्यूमेंटेशन कराए जाने की कार्रवाई का अनुरोध किया। आयुक्त अजीत कुमार ने संबंधित विभागों को इस बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए और बांदा से भी मीट अनुलग्नक एक में शामिल कराने के लिए निर्देश दिए। महोबा के जीआई उत्पाद महोबा देशावरी पान के प्रोपाइटर राजकुमार चैरसिया ने पान के निर्यात के लिए क्लस्टर गठन करने के बारे में आवश्यक क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर से कम किए जाने का सुझाव दिया। बैठक में संयुक्त कृषि निदेशक, सहायक कृषि विपणन अधिकारी, सहायक प्रबंधक एपीडा भारत सरकार, खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी डॉ गौतम कुमार, डीडी पशुपालन डॉ राहुल कुमार राय असिस्टेंट प्रोफेसर, डीडीएम नाबार्ड संदीप व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हाई-वे पर गुण्डागर्दी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol

ललितपुर। बुधवार की रात नेशनल हाईवे पर बीघा खेत टोल और उसके पास युवकों ने जमकर हंगामा काटा, कार पर पत्थर मारा और बाइक सवार दो युवकों की जमकर पिटाई की। बुधवार की रात करीब 11 बजे बांसी निवासी राहुल कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से नेशनल हाईवे 44 पर बीघा खेत टोल प्लाजा से थोड़ी दूर पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने से निकल रहा था, कि उसी दौरान दूसरे बाइक से भिडंत हो गयी, दूसरी बाइक पर सवार युवक पास के ही गांव के थे। पास के गांव के युवकों ने अपने क्षेत्र का प्रभाव दिखाते हुए बांसी के इन बाइक सवार युवकों की जमकर धुनाई कर दी, किसी तरह जान बचाकर बचे इन युवकों की बाइक घबड़ाहट में डिवाइडर से टकरा गई, पहले ही मारपीट में लहुलुहान इन युवकों के सिर में गम्भीर चोटें आयी एक के सिर में 17 टाके आए वह अभी भी जिला अस्पताल में भर्ती है, अन्य दो युवक गुरुवार और शुक्रवार को उपचार के बाद अपने गांव बांसी आ गये हैं। पास के गांव के जिन युवकों ने इन लोगों के साथ मारपीट की थी वह टोल के पास आकर खड़े हो गये और वहां से गुजर रही एक कार पर पत्थर मारा जिसकी शिकायत डायल 112 पर कार वालों ने दर्ज करायी है।

इतना उपद्रव करने के बाद भी इन युवकों का मन नहीं भरा और इसी दौरान ललितपुर से स्कूटी से बांसी आ रहे बांसी निवासी सचेन्द्र कुमार और अनेन्द्र कुमार की युवकों ने रोक कर जमकर पिटाई कर दी जिससे एक का कान कट गया दूसरे के हाथ और पीट में गम्भीर चोटें आई है।

आधा घंटा चली इस मारपीट की घटना टोल के कैमरो में भी कैद है, सचेन्द्र ने बताया कि उनके साथ अकारण मारपीट होती रही लेकिन टोल पर मौजूद दर्जनों लोगों में कोई उन्हें बचाने नहीं आया।

इस घटना की तहरीर सचेन्द्र कुमार ने पुलिस चैकी मंडी को दी, पुलिस ने आरोपियों को भी पकड़ लिया और चैकी में बैठाने के बाद छोड़ दिया। पुलिस मामले को सुलटाने में जुटी जबकि इन युवकों द्वारा हाइवे पर जमकर गुंडागर्दी की।

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर पुलिस अलर्ट



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा व चैकी प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में मीटिंग कर, वक्फ बिल, जुम्मे की नमाज तथा उर्स

**●धर्म गुरुओं के साथ सकारात्मक विचार विमर्श हेतु गोष्ठी करने के लिए किया गया निर्देशित**

मेला के सम्बन्ध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना, चैकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वक्फ बिल के दृष्टिगत जनपद में विरोध प्रदर्शन की सम्भावना के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार समुचित पुलिसबल सुरक्षा प्रबन्ध किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विशेष सुमदाय के विभिन्न संगठनों, पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन, अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार रोकने के दृष्टिगत उनके धर्म गुरुओं के साथ सकारात्मक विचार विमर्श हेतु गोष्ठी करने हेतु निर्देशित किया।

वक्फ बिल/जुम्मे की नमाज तथा उर्स मेला के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति व कानून- व्यवस्था बनाये रखने हेतु, अराजकतत्वों की सतत रूप से कड़ी निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने आदि के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों को मिश्रित एवं भीड़-भाड़ आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन पैदल गस्त करने तथा पैदल गस्त की फोटों ऑनलाइन पोर्टल पर समय से फीड करने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जुमे की नमाज के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रातंर्गत शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस फोर्स को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा के प्रबंध किये गये एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में ड्रॉन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे आदि से सतत निगरानी की गयी।

## कबड्डी खिलाड़ी आफरीन का चयन, अमेठी में प्रशिक्षण



**बांदा।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश खेल भवन लखनऊ के निर्देशन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के तत्वाधान में आयोजित 12 से 15 वर्ष तक के बालक, बालिका कब्बड्डी खिलाड़ियों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 5 से 20 अप्रैल तक छात्रावास अमेठी में होगा। इसके लिए बुंदेलखंड बांदा स्टेडियम से आफरीन का चयन हुआ है। आफरीन अमेठी प्रशिक्षण के बाद आगरा हॉस्टल में अभ्यास करेगी। चित्रकूटधाम मंडल के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस प्रशिक्षण के बाद आफरीन को आगरा हॉस्टल में रहने का मौका मिलेगा। बांदा कब्बड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव व प्रशिक्षक ने बताया कि आफरीन 9 वर्ष की आयु से कब्बड्डी खेल रही है। उसने अपना खेल का हुनर दिखाते हुए इस मुकाम को हासिल किया है। सभी जनपद वासियों और कबड्डी खिलाड़ियों खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। विदाई समारोह में कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव, कब्बड्डी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, ज्ञान चंद्र शुक्ला, अंकित कुशवाहा, प्रवीण पांडेय, हॉकी कोच फरजाना ने मल्यार्पण, शाल, ट्रैक शूट किट, एवं मुंह मीठा कर कर भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में कब्बड्डी स्टेडियम खिलाड़ी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## बालू ट्रैक्टर धीमा चलाने के विवाद में कई चोटिल

**बांदा।** बालू भरे ट्रैक्टर की तेज रफ्तार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना थाना मटौंध क्षेत्र के ग्राम इंद्रापुरवा दुरेड़ी की 3 अप्रैल लगभग शाम 5 बजे की है। पीड़िता कपूरी वर्मा और एक दर्जन से अधिक लोगों ने एसपी अंकुर अग्रवाल को शिकायती पत्र देकर कहा कि नीरज तिवारी, बउवा तिवारी, लल्लन, पवन, रमेश व संतराम समेत लगभग गांव के 15 लोग आये। इन्होने माया, छोटू, लालाभाई व छुट्टू के साथ मारपीट की। पीड़िता ने कहा कि नीरज तिवारी के हांथ में तमंचा था। विवाद उस समय शुरू हुआ जब बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर को धीमी गति से चलाने के लिए कहा गया। पीड़िता ने बीती शाम को भी भूरागढ़ पुलिस चैकी को सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नही की गयी और न ही घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोप है कि अगले दिन सुबह 8 बजे आरोपी नीरज तिवारी गांव आया और कार्रवाई कराने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# पोषण और अनुश्रवण समिति की बैठक



**बांदा।** विकास खंड में संचालित अनेक योजनाओं और जिला पोषण समिति व शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीएम ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए। सुपरवाइजर आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर पोषण ट्रैकर में जरूरी फीडिंग समय से पूरी कराएं। उन्होने खंड विकास अधिकारियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पुताई का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से कराए जाने के निर्देश दिए।

डीएम ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को बचे आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण के निर्देश दिए। उन्होने पोषण पखवाड़ा के तहत 8 अप्रैल से सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच एवं सैन्य बच्चों की पहचान किए जाने और उनका टीकाकरण के बारे में रिपोर्ट तैयार करने के साथ जागरूक करने के निर्देश दिए। डीएम ने खंड विकास अधिकारियों को स्कूलों में टाइल लगाने, दिव्यांग शौंचालय का कार्य शीघ्र पूरा कराने, चहारदीवारी विहीन स्कूलों में निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होने खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों का समय से निरीक्षण करें और इस दौरान पेयजल की उपलब्धता और छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति कराने के साथ ही छात्र नियमित रूप से ड्रेस में आने तथा बच्चों की उपस्थिति समय से लेन के निर्देश दिए। उन्होने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना का सर्वे कार्य मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा काएं। कहा कि फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में प्रगति लाई जाए। निर्देश दिए कि जो पंचायत सहायक कार्य में रूचि नही ले रहे उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य जिल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डीजे की आवाज का विरोध करने पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने की मारपीट

**ललितपुर।** पहली अप्रैल को देर रात डी.जे. पर तेज धमक के साथ गानों पर खुली तलवारें, फरसा व बांका इत्यादि लेकर लहराते हुये जमकर डांस किया गया। डीजे की आवाज कम करने की बात कहने पर दर्जन भर से अधिक लोगों द्वारा खुलेआम हथियार लहराते हुये झूठे मुकद्में में फंसाने के साथ-साथ हमलावर होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में पीड़ित ने

**●पीड़ित ने लगाया सोने की चेन व नकदी छीन ले जाने के गंभीर आरोप**

अगले दिन दर्जन भर से अधिक लोगों पर घर आकर मारपीट करने और जान से मारने के साथ ही सोने की चेन व रुपये छीन ले जाने का आरोप लगाया है। हालांकि खुलेआम लहराये गये हथियारों की वीडियोग्राफी होने के बावजूद भी इस के प्रकरण में पुलिस ने चुप्पी साध रखी है।

शहर के मोहल्ला आजादपुरा लेडियापुरा देहरे मंदिर के पास रहने वाले मनोज कुमार ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि 1 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपने परिवार समेत घर में था। तभी पड़ौस में रहने वाले कुछ लोग अपने साथ 15-20 अज्ञात लोगों के साथ हाथों में लाठी-डण्डा, तलवार, फरसा इत्यादि लेकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके घर में घुसकर उसके व उसके परिजनों से मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान उक्त लोग उसके गले से सोने की चेन व रुपये भी छीन ले लिये और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने बताया कि उसने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बना ली, जो कि उसके फोन में सुरक्षित है।

मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गयी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। आगे बताया कि इसी बात से क्षुब्ध होकर अगले दिन सुबह करीब 8 बजे उक्त सभी लोग एक बार फिर एकराय होकर आये और गालियां देते हुये शिकायत करने पर जान से मारने को आमादा हो गये। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं और मोहल्ले में काफी आतंक बनाये हुये हैं, जिससे उनके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर एफआईआर दर्ज कर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## अग्निकांड से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी

**ललितपुर।** पराली जलाने से बचें किसान, तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्निकाण्डों से बचाव को लेकर जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण अक्षय त्रिपाठी ने जनमानस से बचाव हेतु अपील करते हुए सचेत किया कि गर्मी बढ ? के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। बहुत छोटी-छोटी सावधानियां अपना कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। इस राम्बन्ध में बताया कि रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली बायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें।

## राम नवमी के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च



**बांदा।** जुमे की नमाज और रामनवमी को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। डीआईजी राजेश एस और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने रात को शहर में फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। पुलिस की मीडिया सेल सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की लगातार निगरानी कर रही है। भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। जिले में कानून व्यवस्था को चुश्त बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष रणनीति बनाई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर होटल, लॉज और धर्मशालाओं की चेकिंग कर रहे हैं। अराजक तत्वों पर निगाह रखने के लिए एलआईयू भी पूरी तरह सतर्क है। बताते चलें कि वक्फ संसोधन बिल को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्कता बरत रहा है और पूरा ध्यान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन सभी तरह के जरूरी कदम उठा रहा है। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी। मस्जिदों के आस-पास पुलिस की कड़ी निगरानी रही। सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गये थे।

## मासूम से गांव के युवक ने की हैवानियत, गिरफ्तार

**ललितपुर।** थाना जखौरा पुलिस चैकी बांसी अंतर्गत एक गांव में में गुरुवार की रात करीब 11 बजे एक 6 वर्षीय बालिका जवारों की आरती के बाद अपने दरवाजे बच्चों के साथ थी। इसी दौरान गांव की एक युवक आया और अपनी बाइक पर घुमाने के बहाने बैठा ले गये। घर वालों की जब बच्ची नहीं दिखाई दी तो घर वालों ने बच्ची को खोजना शुरू किया। करीब 12 बजे बच्ची अंधेरे की तरफ से आते दिखी। उसके हाथ में 10 रुपये का नोट था, घर वालों को देखकर रोने लगी। जब घर वालों ने पूंछा कि क्या हुआ तब बच्ची बताया कि गांव में रहने वाला राहुल यादव चाचा ले गये थे, ये 10 रुपये दिये और यहीं छोड़कर चले गए कह रहे थे कि चुप रहना। घर वालों ने देखा तो बच्ची के कपड़ो में खून लगा था। बच्ची के घर वालों ने युवक के घर वालों से शिकायत तो उन्होंने टाल दिया कि सुबह देखेंगे, तब रात एक बजे घर वाले बांसी पुलिस चैकी पंहुचे। मौके पर पंहुची पुलिस ने युवक की तलाश की तो गाँव में ही थोड़ी पर युक्त युवक किसी के छत पर लेटा था उसकी बाइक रास्ते में रखी थी, पुलिस ने रात में ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिग के पिता की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 65 (2) व पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# परीक्षा को बोझ न समझ उत्सव की तरह मनायें : डीआईओएस




**महोबा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वाधान में आयोजित परीक्षा पर्व अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संवेदीकरण सह अभिविन्यास कार्यक्रम में बच्चों में परीक्षा तनाव विषय पर पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा के सभागार में जनपद स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता कार्यक्रम के जनपदीय नोडल और जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह ने की जबकि मुख्य वक्ता बीएसए राहुल मिश्रा रहे। गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तदुपरान्त जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।इस दौरान जीजीआईसी प्रधानाचार्या सरगम खरे ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।मुख्य वक्ता बीएसए राहुल मिश्र ने बच्चों में परीक्षा के तनाव को दूर करने से संबंधित महत्वपूर्ण मंत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का यह दायित्व है कि समय से पाठ्यक्रम पूरा कराके उसका पुनराभ्यास कराएं। परीक्षा के पूर्व तनाव प्रबंधन की कक्षा भी संचालित करें, बच्चों से मित्रवत व्यवहार करके उनकी समस्याओ कों जानने का प्रयास करें इसके अलावा एक अच्छे मार्गदर्शक के रूप में उनकी और उनके माता पिता की भी काउंसिलिंग करें। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए, हम एक अच्छा वातावरण तैयार कर निरंतर अभ्यास और उनकी रूचि के अनुरूप मार्गदर्शन देकर उन्हें परीक्षा के तनाव से बचा सकते हैं, हम अभिभावकों, छात्र एवं छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें प्रेरित करें कि परीक्षा को बोझ न समझें बल्कि उत्सव की तरह मनाएं। गोष्ठी को जगदेव वर्मा, सीमा यादव, रणधीर कुमार राणा, सुनील कुमार सरोज, नेहा सोनी आदि ने भी सम्बोधित किया। गोष्ठी का संचालन प्रधानाचार्या सरगम खरे ने किया। गोष्ठी में जीआईसी प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार, विभाग के पीईएस अधिकारी ज्ञानवन्त सिंह तोमर, भानु प्रताप, सतीश मिश्र, दयाराम वर्मा समेत राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या, डाइट प्रवक्ता, शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# एनडीए और मजबूत

वक्फ़ संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पास कर दिया है। अब विधेयक पर राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही कानून बन जायेगा। वक्फ़ संशोधन विधेयक दरअसल एक सियासी मुद्दा बन गया है। इस कानून के बहाने जहां विपक्ष अपने वोट बैंक को साध रहा है। सरकार किसी भी आवंछित दबाव में आने के बजाय मजबूती और निहायत सूझ-बूझ के साथ न सिर्फ विधेयक को संसद में पेश किया बल्कि खुद ही जेपीसी के हवाले कर इस पर सभी संबंद्ध पक्षों से व्यापक संवाद किया, उनकी आपत्तियों एवं सुझावों को सुना और सभी पक्षों और सहयोगी दलों के सुझावों को समाहित करते हुए बिल पेश किया और संसद से पारित करा लिया। विपक्ष और मुस्लिम संगठनों की तमाम धमकियों के बावजूद नीतीश कुमार की जेडीयू, चन्द्र बाबू नायडू की टीडीपी और चिराग पासवान की पार्टी पूरी मजबूती से सरकार के साथ खड़ी रही। गौरतलब है कि बीजेपी भले मुस्लिम वोट बैंक से नहीं डरती है लेकिन जेडीयू, टीडीपी और एलजेपी जैसी पार्टियों को मुस्लिमों का भी समर्थन मिलता रहा है। ऐसे में इन पार्टियों और इनके नेताओं को मुस्लिम संगठनों ने वोट बैंक का डर दिखाया था, लेकिन सरकार की मजबूती और रणनीति के सामने वोट बैंक का डर धरा रह गया। वक्फ़ संशोधन विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ़ में सुधार होगा या नहीं, किसका फायदा




होगा, किसको नुकसान, इसका जवाब समय आने पर मिलेगा। लेकिन जो इसके सियासी परिणाम हैं वे जरूर सामने आयेंगे। सबसे पहले तो यह कि विपक्षी इंडिया गठबंधन पूरी तरह मुस्लिम पॉलिटिक्स पर उतर आया है। इससे मुसलमानों के बीच उसका समर्थन बढ़ेगा, लेकिन यह समर्थन पहले से ही था। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यह एकजुटता देखने को मिली थी। लेकिन बीजेपी को नुकसान मुस्लिम एकजुटता से नहीं बल्कि दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में संविधान बदलने को लेकर जो भ्रम फैलाया गया था, उससे नुकसान हुआ। इस तरह देखा जाये तो इंडिया गठबंधन को मुस्लिम वोटों को जोड़े रखने में मदद मिलेगी और शायद इसका कुछ असर बिहार के चुनाव पर पड़े भी लेकिन मुस्लिम पॉलिटिक्स के कारण जो व्यापक हिन्दू एकजुटता बनेगी उससे अंततः इंडिया अलायंस और उसके घटक दलों को नुकसान ही होगा। जहां तक भाजपा, एनडीए और नरेन्द्र मोदी की सरकार को लेकर सवाल है, तो 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें घटने के बाद मोदी की सरकार के कमजोर होने के जो कयास लगाये जा रहे थे। मोदी के दबाव में काम करने की जो बात कही जा रही थी उससे अब पूरी तरह पर्दा उठ गया है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनावी जीत के बाद भाजपा का मनोबल पहले से ही बहुत ऊंचा है। अब वक्फ संशोधन विधेयक के पास होने के बाद जिनको भी मोदी सरकार के कमजोर होने का गुमान या भ्रम था, वह अब दूर हो गया है। मोदी सरकार पहले की ही तरह या कहें उससे कहीं अधिक मजबूत है और बड़े व कड़े फैसले लेने में सक्षम है। इस महा विवादित कानून को पास कराने के बाद सरकार अब लंबा कदम बढ़ायेगी और एक देश-एक चुनाव सहित ऐसे तमाम मुद्दों पर आगे बढ़ेगी जो देश के लिए जरूरी हैं लेकिन विवादित या सियासी जोखिम होने के कारण सरकारें सुधार की पहल करने से डरती हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन सहयोगियों के साथ तीसरी बार सरकार बनाने में जरूर सफल हो गयी थी लेकिन भाजपा की सीटें कम होने के कारण हार के मनोविज्ञान से पार्टी ग्रस्त हो गयी थी। दूसरी तरफ विपक्ष तीसरी बार हार कर भी लड्डू बांट रहा था। विपक्षी खेमे में जश्न जैसा महौल था। कांग्रेस तो लोकसभा में आधिकारिक विपक्ष की हैसियत पाकर जरूरत से ज्यादा ही उछल रही थी। राहुल गांधी सरकार को उखाड़ फेंकने, विपक्ष में होकर भी सरकार चलाने और न जाने कितनी अतार्किक बातें करने लगे थे। लेकिन अब स्थिति बदल गयी है। भाजपा का मनोबल फिर से आसमान पर है। सरकार फिर से मोदी स्टाइल में ही चल रही है। इस कारण आने वाले समय में यह सरकार देशहित में और कड़े एवं बड़े फैसले लेगी। जहां तक वक्फ कानून की बात है, तो यह अब सर्वोच्च अदालत में है। अब अदालत तमाम सांविधानिक पहलुओं पर विचार करेगी और उसके बाद ही इस कानून का भविष्य तय होगा।

---

**विचार**

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

# अर्थव्यवस्था पर डोनॉल्ड ट्रंप का टैरिफ बम

**डॉ. अनिता राठौर**




> अमरीका की प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी का मानना है कि इस टैरिफ बम के चलते अमरीका पर मंदी के 35 फीसदी आसार गहरा गए हैं क्योंकि इस टैरिफ बम के कारण हर अमरीकी परिवार पर करीब 35 हजार रुपए सालाना मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन इस टैरिफ बम के फोड़े जाने के बाद से अमरीका के सरकारी खजाने में 46 लाख करोड़ रुपए का इजाफा होगा।

अमरीका के हिसाब से 2 अप्रैल 2025 को दिन में, जबकि भारतीय समयानुसार 3 अप्रैल के तड़के 2 बजे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार दुनिया पर वह टैरिफ बम फोड़ दिया, महीनों से वह अपने जिस टैरिफ बम से दुनिया को डरा रहे थे। व्हाइट हाउस ने इस दिन को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे कहा है। इस मौके पर व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में ट्रंप ने भारत का दो बार जिक्र करते हुए कहा कि भारत के मामले में निर्णय मुश्किल रहा। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया है जबकि हम अमूमन अमरीकी सामान पर औसतन 52 फीसदी का टैरिफ लगाते हैं। इस तरह देखा जाये तो अमरीकी राष्ट्रपति भले चुने जाने के पहले से ही रेसीप्रोकल टैक्स यानी जैसे को तैसा अंदाज में टैक्स लगाए जाने की बात करते रहे हों, लेकिन भारत पर उन्होंने हमारे मुकाबले आधा टैक्स ही लगाया है और इसे सही ही 'डिसकाउंटेड टैक्स' कहा है। भारत के इतर अमेरिका ने यही टैक्स चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% लगाया है। फिलहाल अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके द्वारा अमरीका पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके साथ ही दूसरे देशों से अमेरिका में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल की रात 12 बजे के से लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है। आठ अप्रैल के बाद से अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूलते हैं। ट्रंप का मानना है कि दुनिया के ज्यादातर देशों ने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा है, जिसे आज यानी 2 अप्रैल 2025 से वह खत्म करने की शुरूआत कर चुके हैं। हालांकि अमरीका आज भी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनामी है, लेकिन ट्रंप के मुताबिक अतीत में अमरीकी हुक्मरानों की गलत नीतियों के कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन गया है, लेकिन अब अमेरिका अमीर बनेगा, दुनिया में सबसे अमीर देश। ट्रंप कहते हैं, 'आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि हो सकता है यह कई लोगों को अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।'

**सामयिक**

हालांकि विशेषज्ञों का ऐसा मानना नहीं है। अमरीका की प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी का मानना है कि इस टैरिफ बम के चलते अमरीका पर मंदी के 35 फीसदी आसार गहरा गए हैं क्योंकि इस टैरिफ बम के कारण हर अमरीकी परिवार पर करीब 35 हजार रुपए सालाना मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन इस टैरिफ बम के फोड़े जाने के बाद से अमरीका के सरकारी खजाने में 46 लाख करोड़ रुपए का इजाफा होगा। मतलब साफ है कि अमरीकी सरकार सम्पन्न होगी, लेकिन इस बम के नतीजे से अमरीकी नागरिकों की क्रयशक्ति में कमी आयेगी। जहां तक भारत को अमरीका के इस टैरिफ शिकंजे से होने वाले नुकसान की बात है तो हम पर इससे करीबी 35 अरब रुपये का बोझ बढ़ेगा। हालांकि इससे भारत को फायदा भी हो सकता है। भारत का जिन 10 देशों के साथ सबसे ज्यादा व्यापार है, उनमें से अकेले अमरीका ही वह देश है, जिसके साथ हमारा व्यापार फायदे में हैं बाकी सब देशों के साथ हम व्यापार घाटे हैं। लेकिन अमरीका ने जिस तरह से टैरिफ बढ़ाया है उसे देखते हुए कई देश मसलन चीन ही भारत से ज्यादा आयात की सोच रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मतलब यह कि यह टैरिफ बम हमारे लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। वैसे अमरीका सिर्फ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ही टैरिफ बम का सहारा नहीं ले रहा बल्कि इसे एक औद्योगिक रणनीति के तौर पर भी आजमाना चाहता है।

यही वजह है कि अमरीका ने कहा है कि अगर कोई कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडक्ट बनाना होगा। इससे न केवल अमरीकियों को रोजगार मिलेगा बल्कि इस टैरिफ बम से अमेरिका का नए सिरे से औद्योगिक विकास भी होगा। नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे। यह मन के भीतर का निष्कर्ष नहीं टैरिफ बम के फायदों का खुला नारा भी यही है। ट्रंप का मानना है कि कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी है। अब ऐसा नहीं चलेगा अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। ट्रंप ने इसी टार्गेट के मद्देनजर 2 अप्रैल 2025 को अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन बताया है, उनके मुताबिक, 'आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का दिन है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं।' वैसे इसका सबसे बड़ा शिकार कंबोडिया हुआ है। अमरीका अब कंबोडिया से आयातित वस्तुओं पर 49 फीसदी और चीन से आयात होने वाले सामान पर 34 फीसदी शुल्क वसूलेगा। अन्य देशों में यूरोपीय संघ से 20 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया से 25 प्रतिशत, वियतनाम से 46 प्रतिशत, ताइवान से 32 प्रतिशत, जापान से 24 प्रतिशत थाईलैंड से 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया से भी 32 प्रतिशत, मलेशिया से 24 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम से 10 प्रतिशत, से दक्षिण अफ्रीका से 30 प्रतिशत, ब्राजील से 10 प्रतिशत बांग्लादेश से 37 प्रतिशत, सिंगापुर से 10 प्रतिशत, इजरायल से 17 प्रतिशत और फिलीपींस से 17 प्रतिशत तथा चिली 10 प्रतिशत टैरिफ वसूलेगा।

अमरीकी राष्ट्रपति इसे अपना एक कठोर निर्णय मानते हैं लेकिन वह यह भी कहते हैं कि उनके पास इसका कोई विकल्प भी नहीं था। उनके मुताबिक व्यापार के मामले में मित्र देश, शत्रु से भी ज्यादा बदतर हैं। ट्रंप कहते हैं, 'हम बहुत से देशों को सब्सिडी देते हैं और उन्हें आगे बढ़ाते हैं तथा उन्हें व्यापार में बनाए रखते हैं (ट्रंप ने खास तौरपर यह बात अपने विशेष व्यापार भागीदार विशेष रूप से मेक्सिको और कनाडा के बारे में कही) लेकिन अब इन्हें अपने लिए काम करना होगा। हम अब अमेरिका को पहले स्थान पर रख रहे हैं। क्योंकि व्यापार घाटा अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है।' इस तरह अमरीका की नजर से देखें तो उसकी यह कार्यवाही किसी तरह की मनमानी नहीं बल्कि मजबूरी है, लेकिन संकट के बीच ही भारत को रास्ता बनाना होगा।

**सोशल मीडिया**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की, भारत, बांग्लादेश के साथ रचनात्मक व जन केंद्रित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी.



# रचनात्मक आदतें

रचनात्मकता जीवन में आनन्द का रस घोल देती है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

**अंतर्दृष्टि**

# हर दिन होगा रामलला का सूर्य तिलक

आगामी 6 अप्रैल 2025 से अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का हर रोज सूर्य तिलक होगा। यह फैसला मंदिर निर्माण समिति ने लिया है। इसके तहत करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को सुशोभित किया करेंगी। समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्र के मुताबिक हर दिन सूर्य तिलक की प्लानिंग अभी अगले 20 सालों तक के लिए की गई है। गौरतलब है की पिछले साल रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल, 2024 को पहली बार रामलला का राजतिलक सूर्य की किरणों से किया गया था, जिसे 'सूर्य तिलक' कहा गया। इसकी वैज्ञानिक तकनीक मुख्य रूप से प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन के सिद्धांतों पर आधारित है।



राम नवमी (6 अप्रैल) पर विशेष

**कैसे किया गया सूर्य तिलक?**

सबसे पहले संग्रहण लेंस, कंडेंसर लेंस, और दर्पणों की मदद से सूर्य की किरणों को एक नियत स्थान पर केंद्रित किया गया, यह सूर्य की स्थिति की सटीक खगोलीय गणना और इंजीनियरिंग का कमाल था। जिससे दर्पणों और लेंसों को एक खास कोण पर स्थापित किया गया, जिससे सूर्य की किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित हुई। इस समूची प्रक्रिया में सौर संरेखन और भारतीय खगोल शास्त्र के सटीक ज्ञान का प्रयोग किया गया। पहले ऐसा करना हर वर्ष रामनवमी के दिन के लिए प्रस्तावित था। लेकिन इस बार की रामनवमी से अगले 20 सालों तक हर दिन ऐसा होगा।



**क्या पहले भी ऐसा कहीं हुआ?**

मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त किये जाने के पहले तक ओडिसा स्थित कोणार्क के सूर्य मंदिर के मुख्य गर्भगृह तक भी सूर्य की पहली किरणें पहुंचती थीं, लेकिन यहां किसी प्रतिमा के मस्तक पर सटीक तिलक नहीं होता था। इसी तरह महाराष्ट्र के कोराडी मंदिर में भी सूर्य की किरणें एक विशेष दिन गर्भगृह में प्रवेश करती हैं। ऐसे ही मदुरै के मीनाक्षी मंदिर (तमिलनाडु) में भी सूर्य की रोशनी गर्भगृह तक पहुंचती है। बृहदेश्वर मंदिर (तंजावुर) में भी विशेष संरेखण के जरिये शिवलिंग पर एक निश्चित समय सूर्य की रोशनी गिरती है। लेकिन इन सभी मंदिरों में किसी मूर्ति के सटीक मस्तक पर तिलक होने की तकनीक पहले कभी नहीं थी, जिस तरह की तकनीक से रामलला के मस्तक को सुशोभित किया गया। ऐसी विशिष्ट तकनीक पहली बार प्रयोग की गई। इससे पहले की सारी तकनीकें प्रकाश संरेखण के जरिये सूर्य की किरणों को गर्भगृह पहुँचाने तक ही सीमित थीं।

**दुनिया और कहां हुआ ऐसा?**

अबू सिंबल मंदिर (मिस्र) में हर वर्ष 22 फरवरी और 22 अक्टूबर को सूर्य की किरणें सीधे फराओ रामसेस द्वतीय की मूर्ति पर पड़ती हैं। लेकिन मूर्ति के मस्तक जैसे किसी एक विशेष स्थान पर सटीक ढंग से महज कुछ मिनटों के लिए सूर्य की किरणें नहीं गिरतीं जैसे कि अयोध्या के राम मंदिर में प्रतिष्ठित राम लला की मूर्ति पर गिरती हैं।

**यह कितनी बड़ी तकनीक है?**

यह तकनीक वास्तव में इंजीनियरिंग और खगोलशास्त्र का संगम है। इस तकनीक में खगोलशास्त्र, भौतिकी और प्रकाश विज्ञान का एक साथ उपयोग किया गया है। वास्तव में यह दुर्लभ संरेखण यानी रेयर एलाइनमेंट, बेहद सटीक काल गणना और दर्पण-लेंस प्रणाली के बेहतरीन समन्वय का नतीजा होती है। पहली बार किसी मंदिर में यह सूर्य किरण तिलक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बना है। सूर्य तिलक बेहद जटिल तकनीकी है। केवल किसी खास दिन, केवल कुछ निश्चित क्षणों के लिए इसे सुनिश्चित करना भी बड़ी विशेषज्ञता है।

**हर दिन सूर्य तिलक कैसे संभव होगा?**

चूंकि आगामी रामनवमी यानी 6 अप्रैल से हर दिन सूर्य तिलक होना प्रस्तावित है, इसलिए मन में ऐसे सवाल उठने स्वाभाविक हैं कि जिस दिन सूर्य उगने के समय बारिश हो रही होगी, धुंध और कोहरा छाया होगा उस दिन यह सब कैसे संभव होगा? जानकारों के मुताबिक अगर किसी दिन बारिश, बादल या मौसम की खराबी के कारण सूर्य दिखाई नहीं देगा, उस दिन यदि सूर्य तिलक की तकनीक पूरी तरह से प्रत्यक्ष सूर्यप्रकाश पर निर्भर होगी तब तो उस दिन संभव नहीं होगा सूर्य तिलक। चूंकि खगोलीय घटनाएं स्वाभाविक रूप से मौसम पर निर्भर होती हैं, इसलिए दुनिया के किसी भी स्थान पर 100 फीसद ऐसा करना प्राकृतिक ढंग सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। लेकिन इसे बिना प्रत्यक्ष सूर्योदय के भी 100 फीसदी विभिन्न वैज्ञानिक तकनीक से संभव है।

**कृत्रिम विकल्प से संभव है**

यदि मंदिर प्रशासन चाहे, तो कुछ वैकल्पिक तकनीकी समाधान अपनाए जा सकते हैं जैसे आर्टिफिशियल लाइटिंग सिस्टम। जिस तरह से सौर ऊर्जा संयंत्रों में सोलर लैंप का उपयोग किया जाता है, उसी तरह एक विशेष प्रकार की प्रकाशीय व्यवस्था यहां भी की जा सकती है। यह एलईडी या लेजर तकनीक का उपयोग कर सूर्य के प्रकाश का कृत्रिम रूप तैयार कर सकती है, जिससे तिलक की परंपरा जारी रह सके। रिफ्लेक्टर मिरर सिस्टम से भी यह संभव है। यदि किसी दिन प्रत्यक्ष सूर्योदय न हो तो इसके लिए पिछले दिनों के एकत्रित प्रकाश का उपयोग किया जा सकता है।

**होलोग्राम तकनीक**

एक अन्य विकल्प थ्री डी प्रोजेक्शन या होलोग्राम तकनीक भी हो सकती है, जो तिलक के प्रभाव को ठीक वैसे ही दिखायेगी जैसा वास्तविक सूर्य तिलक के दौरान होता है। हालांकि मंदिर प्रशासन ने अब तक किसी आपातकाल में कृत्रिम विकल्प अपनाने की घोषणा नहीं की है, लेकिन भविष्य में यदि भक्तों की माँग बढ़ती है, तो कृत्रिम रोशनी या वैकल्पिक तकनीकों को शामिल किया जा सकता है।

**और भी तकनीक हैं**

कई बार ऐसा भी होता है कि मौसमी परिस्थितियों के चलते सामान्यतः सूर्य उगता हुआ नहीं दीखता, लेकिन वैज्ञानिक तथ्य यही है कि तब भी सूरज बादलों के पार उगा होता है और उसकी रोशनी किसी न किसी रूप में धरती में आ रही होती है? यानी नियत समय पर तब भी सूर्य अपनी जगह पर उग चुका होता है और सूरज भले ही बादलों में छिपा हो, लेकिन उसकी रोशनी किसी न किसी रूप में धरती पर आ रही होती है। वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से इस रोशनी का इस्तेमाल सूर्य तिलक के लिए संभव है। इसके लिए आधुनिक प्रकाशीय तकनीकों (ऑप्टिकल टेक्नोलॉजीज) और सौर ऊर्जा संग्रहण प्रणालियों का उपयोग किया जा सकता है। ऑप्टिकल सेंसर और रिले मिरर के साथ साथ सूर्य ट्रैकिंग सेंसर के जरिये जब सूरज उगा हुआ न दिखे तब भी यह संभव है। क्योंकि ये सेंसर सूर्य की स्थिति को ट्रैक करते हैं, भले ही वह बादलों के पीछे छिपा हो। ऐसे में सूर्य की हलकी सी रोशनी को भी ये सेंसर विशेष दर्पण प्रणाली की मदद से मूर्ति के मस्तक तक पहुंचा सकते हैं। इस तकनीक में फाइबर ऑप्टिक्स का भी उपयोग किया जा सकता है और सूरज की धुंधली रोशनी को भी केंद्रित किया जा सकता है। लब्बोलुआब यह कि वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से बादलों के बावजूद सूर्य तिलक संभव किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए सौर ट्रैकिंग, रिले मिरर, ऊर्जा संचयन जैसी लेजर तकनीकों का उपयोग करना होगा।

## आप की बात

### नियोजित विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### प्रगति के लिए जरूरी है ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 31 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 2 वारंटी व 14 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 31 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## पौधरोपण अभियान का किया शुभारम्भ

गोसाईगंज-अयोध्या। एकाक्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम भगोला में प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी के देखरेख में पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधरोपण का शुभारंभ वयोवृद्ध कृष्ण कुमार तिवारी ने किया और पौध संरक्षण की अपील की ।सया पीजी कालेज के पूर्व बीपीएड प्रवक्ता दिनेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए पौधरोपण आवश्यक है।इससे प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। प्रकाश चंद्र तिवारी ने भी प्राकृतिक आपदा को रोकने और अधिक से अधिक बरसात के लिए पौधरोपण को अहम बताया। प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी ने कहाकि पौधरोपण कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

# त्रिदिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** का.सु. साकेत महाविद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी जी ने मुख्य अतिथि एस. पी. सिटी मधुवन कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सी. ओ. सिटी आशुतोष तिवारी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा अवैतनिक मंत्री आनन्द सिंघल और सदस्य अनिल अग्रवाल का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। अवैतनिक मंत्री आनन्द सिंघल जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राध्यापकों और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि आशुतोष तिवारी ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। मुख्य अतिथि मधुवन कुमार सिंह ने बताया कि हमारे जीवन में जितना महत्व पढ़ाई का है उससे कहीं ज्यादा खेल का है। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जीवन बहुत कीमती होता है। जिन्दगी में अगर आगे बढ़ना है तो दौड़ते रहो, दौड़ते रहो, दौड़ते रहो।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें विजयी छात्र/छात्रा इस प्रकार हैं- 10000 मीटर दौड़ (छात्र) में प्रथम- सनन्दन, द्वितीय- सचिन, तृतीय- रामबाबू ; साइकिल दौड़ (छात्रा) में प्रथम- प्रियंका, द्वितीय- शिवानी, तृतीय- अन्नू ; साइकिल दौड़ (छात्र) में प्रथम- शनि गिर, द्वितीय- त्रिभुवन प्रजापति, तृतीय- अभिमन्यु वर्मा ; 400 मीटर दौड़ (छात्र) में प्रथम- शनि गिरी, द्वितीय- विपिन कुमार, तृतीय- अमन कुमार ; साइकिल रेस (तृतीय श्रेणी कर्मचारी) में प्रथम- मालिक राम यादव, द्वितीय- अनूप शुक्ल, तृतीय- रजनीश श्रीवास्तव ; कुर्सी दौड़ (तृतीय श्रेणी कर्मचारी) में प्रथम- रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, द्वितीय- मालिक राम यादव, तृतीय- पंकज पाठक । रस्साकसी (तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) का भी खेल हुआ। म्यूजिकल चेयर (प्राध्यापिका) में प्रथम -डॉ. छाया सिंह, द्वितीय- डॉ. निधि मिश्रा, तृतीय- डॉ. अनामिका माथुर ; म्यूजिकल चेयर (प्राध्यापिक) में प्रथम- डॉ रवि कुमार चैरसिया, द्वितीय - प्रो.अशोक कुमार मिश्र, तृतीय-प्रो. शिवकुमार तिवारी रहे ।अन्त में मुख्य अतिथि ने विजयी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने स्मृति चिह्न देकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रणय कुमार त्रिपाठी, सचिव डॉक्टर पूनम जोशी, उप सचिव प्रोफेसर आशीष प्रताप सिंह, मुख्य नियन्ता द्वय डा.अशोक कुमार मिश्र व डॉक्टर बी के सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी द्वय डॉ. संतोष कुमार व डॉ. रवि कुमार चैरसिया, प्रोफेसर योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, प्रोफेसर शिवकुमार तिवारी, डॉ जनमेजय तिवारी, डॉ रामलाल विश्वकर्मा, डॉ रमेन्द्र द्विवेदी, डॉक्टर आशीष विक्रम डॉक्टर हरनाम सिंह लोधी, डॉ निधि मिश्रा, डॉ ऋचा पाठक, डॉ अनामिका माथुर, डॉ शिप्रा सिंह, डॉ धीरज मिश्र, डॉ संदीप वर्मा, डॉक्टर विपिन कुमार सिंह, डॉक्टर उमाकांत यादव, डॉ प्रशांत पाण्डेय, डॉ .अविनाश तिवारी, डॉ. संतोष सरोज, डॉ. लवलेश मिश्र, दिनेश कुमार , बृजेश कुमार, आदि की उपस्थिति रही।

## नवरात्र पर्व पर भजन संध्या का आयोजन

**हैदरगज-अयोध्या।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंगल कामनाओं के साथ नित्य भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। देर रात तक चलने वाले जागरण कार्यक्रम में भारी हुजूम महिलाओ पुरुषो का जुट रहा है। महिला पुरुष गायक कलाकार अपने धार्मिक गीतों का जलवा बिखेर रहे हैं ।तो श्रोता धार्मिक गीतों के साथ जम कर अहलादीत हो रहे हैं । पूर्व सांसद एमएलसी डॉक्टर हरिओम पांडे ने कहा ऐसे अवसरों पर धार्मिक ज्ञान अर्जन का लाभ उठाना चाहिए।

थाना क्षेत्र हैदरगंज स्थित कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पी जी कालेज सराय मनोधर के प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठ माता दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिवस से प्रतिदिन दैनिक हवन पूजन का कार्यक्रम चल रहा है ।शाम के समय 6 बजे से प्रतिदिन भजन संध्या कार्यक्रम चल रहा है ।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद व विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पाण्डेय के पुत्र संस्थान के निदेशक अवनीश पाण्डेय द्वारा किया।

भजन संध्या में प्रतिदिन दूर -दराज आए विभिन्न कलाकारों पुनीत दुबे, अजय प्रताप सिंह बुलेट ,रानी सिंह,एकता सिंह, द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है ।

## बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाते मिले नाबालिंग, 16 ई-रिक्शा सीज



**बाराबंकी।** बिना लाइसेंस, फिटनेस के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ परिवहन विभाग ने कठोर कार्यवाही शुरू कर दी है। अभियान के दौरान प्रवर्तन दलो की टीमो द्वारा अयोध्या-लखनऊ-बाराबंकी हाइवे समेत शहर के विभिन्न चैराहो पर संचालित ई-रिक्शा व ऑटो को सीज किया। आज शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बिना परमिट, लाइसेन्स व बिना फिटनेस के 16 ई-रिक्शा को सीज किया। इस दौरान कुछ नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिलने पर सख्त हिदायत देते हुये ई-रिक्शा को जब्त किया गया। अभियान की जानकारी लेने पर एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि सड़को पर बिना लाइसेंस, फिटनेस के अपंजीकृत ई-रिक्शा का संचालन रोकने के लिये विशेष अभियान चलाया गया है। जोकि 30 अप्रैल 2025 तक निरंतर जारी रहेगा।

## 2 स्थानों पर लगी आग में नष्ट हुई 27 बीघा गेहूं की फसल

**बहराइच ।** उप जिलाधिकारी नानपारा ने बताया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत अपरान्ह लगभग 01:30 बजे ग्राम जमालुद्दीन जोत में हुई अग्नि दुर्घटना में लगभग 07 बीघा गेहूँ की खड़ी फसल तथा अपरान्ह लगभग 2.30 बजे ग्राम एलासापुर अगैया में लगभग 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व, पुलिस व अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच कर आग को नियन्त्रित कर बुझाया गया। उन्होंने बताया कि अग्निकाण्ड में किसी प्रकार की पशु व जनहानि नहीं हुई है। अग्निकाण्ड में हुई क्षति का आंकलन राजस्व कर्मियों से कराया जा रहा है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह अप्रैल के प्रथम शनिवार 05 अप्रैल 2025 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# घर- घर जाकर समस्याओं का समाधान करेगा नगर निगमः गिरीश पति त्रिपाठी



**अयोध्या।** जन समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारी संग महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने "स्थानीय सरकार आपके द्वार" अभियान छेड़ने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत वार्ड वार भ्रमण कर महापौर जन संवाद करेंगे और समस्याओं का संकलन कर उसका त्वरित समाधान कराने की पहल करेंगे। शुक्रवार को उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया को कार्यक्रम की बाबत जानकारी दी। श्री त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मकसद अयोध्या के प्रत्येक नागरिकों की समस्याओं को उन्हीं के द्वार पर जाकर सुनना और यथा संभव समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरूआत 10 अप्रैल से होगी। इस दौरान प्रति सप्ताह एक अथवा दो वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम की टीम कैंप लगाकर जलकर एवं गृहकर, प्रकाश, जलापूर्ति, सीवर लाइन, सफाई, नाली-खड़ंजा की समस्या, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र आदि समस्या का समाधान करेगी। इस अभियान में स्वयंसेवी संस्था राम का घर सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि अब तक राम का घर टीम ने 385 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है, उन्हें स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। राम का घर टीम की अध्यक्ष एकता भटनागर ने बताया कि पहले चरण में 10 अप्रैल को स्वास्थ्य सुरक्षा विशेषज्ञ के रूप में 58 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर टीम के मुख्य संयोजक आलोक सिंह राणा, सचिव दीपक पांडे, देवकाली मंडल प्रभारी स्वप्निल श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंशुमन मित्रा भी मौजूद थे।

### कन्या पूजन के रूप में पांच गरीब बच्चियों के पढ़ाई की ली समस्त जिम्मेदारी

अयोध्या। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्या पूजन के रूप में पांच दुर्बल वर्ग की बच्चियों की पढ़ाई की समस्त जिम्मेदारी जिसमें बच्चियों की कॉपी ,किताबें , बस्ता, ड्रेस , स्कूल फीस आदि रामलली बाल शिक्षा निकेतन नियावा के प्रबंधक शुभम कृष्णा चैबे ने उठाया ।

# एक ही रात में चार घरों में लाखों रुपये की चोरी



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर टंडवा गांव में एक ही रात में चोरों ने सात घरों में चोरी की घटना को अनजाम दिया जहां तीन घरों में तो चोरों को कोई खास सफलता नहीं मिली लेकिन चार घरों से चोरों ने लाखों रुपए का जेवर और नगदी उड़ा दिया घटना की सूचना पर पहुचीं

- एसपी देहात, क्षेत्राधिकारी क्राइम ब्रांच के साथ फॉरेंसिक टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण
- पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का किया गठन

खंडासा पुलिस तो हड़कंप मच गया पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत सिंह क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी थाना अध्यक्ष संदीप सिंह क्राइम ब्रांच के साथ फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर अलग-अलग एंगल से सच का संकलन किया थाना अध्यक्ष खंडासा अभिषेक सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन कर दिया गया है और घटना के सभी पहलुओं की बारीकी जांच की जा रही है उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है तथा शीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जाएगातीन चार अप्रैल की रात रामनगर के टडवा गांव में चोरों ने सभी घरों के छत के उपर से घर के अंदर घटना को अंजाम दिया।और घर में रखे जेवरात और नगदी पर हांथ साफ किया। सबसे खास बात यह रही कि रामनगर गांव में गांव के चार कोनों पर स्थित चार घरों को मुख्य रूप से निशाना बनाया गया जहां पर बड़ी संख्या में जेवरात और नगदी की चोरी का मामला प्रकाश में आया है घटना की सूचना पर मिल्कीपुर से भाजपा विधायक चंद्रभान पासवान ने पीड़ित परिवारों के घर पहुंच कर सान्त्वना व्यक्त करते हुए और घटना के जल्द खुलासा करने का प्रशासन को निर्देश दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल सिंह के घर से हार, माथबेंदी, झाला अंगूठी ,पायल आदि के साथ सात हजार रुपये नगद, मुकेश कुमार के यहाँ दो मंगल सूत्र हार अंगूठी बाला हार समेत 45 हजार रुपये नगद तथा संतोष और मुकेश के यहाँ क्रमशः आठ हजार और दस हजार रुपये नगदी के साथ पाव जेब झाला अंगूठी बाला हार व अन्य जेवरात चोरी हुए हैं। तथा गुडडू, अनंतराम ललई के यहाँ चोरी के प्रयास में घुसे चोरों ने बाक्स को उठा कर बाहर फेंक दिया जिसमें कपड़े और मामूली सामान ही था। गाँव के चार कोनों पर स्थित अलग-अलग घरों में हुई चोरी की घटना के बाद सुबह जब ग्रामीण अपने घर पर उठे तो अपने-अपने घरों की दशा देखकर वह हक्का-बक्का रह गए इसके बाद सर्वप्रथम मुकेश कुमार पुत्र रामकुमार ने पुलिस को मामले की जानकारी दी मुकेश कुमार का परिवार मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रभानु पासवान का बेहद करीबी रहा है। घटना की सूचना के बाद विधायक भी घटनास्थल पर पहुंच गए पुलिस मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है घटना में घुमंतू प्रजाति के लोगों के साथ-साथ स्थानीय चोरों की होने की संभावना जताई जा रही है थाना अध्यक्ष खंडासा संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है तथा शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा इसके लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। वहीं इस प्रकार की घटना के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। तथा ग्रामीणों में इसी बात की चर्चा है।

### चोरों ने दो मंजिला मकान को बनाया निशाना

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक परिवार को निशाना बनाया। रायबरेली नेशनल हाईवे स्थित तेंधा बाजार में हरिराम अग्रहरि के घर में चोरी की वारदात हुई। मिली जानकारी के मुताबिक 3/4 अप्रैल की रात को परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो रहे थे। हरिराम के बेटे सुमित अग्रहरि दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। चोर पड़ोसी सतनारायन अग्रहरि के खाली मकान की छत से होते हुए घर में घुसे। चोरों ने कमरें में रखे बक्से का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया। चोर दो सोने की चैन, पांच जोड़ी पायल, तीन पुरुषों की अंगूठी, दो महिलाओं की अंगूठी, एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी झाला, पांच सेट बिछिया और एक लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। सुबह करीब 5 बजे सुमित की नींद खुली तो उसने चोरी की जानकारी परिवार को दी।

परिवार ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने परिवार के सदस्यों से पूछताछ की है। हरिराम बर्तन की दुकान चलाते हैं और उनके बेटे अवधेश फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पड़ोसी के खाली मकान से चोरों ने बेंच लगाकर छत के रास्ते से वारदात को अंजाम दिया। हाईवे के किनारे होने के बावजूद चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। वही खण्डासा थाना क्षेत्र के राम नगर टंडवा गांव में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। मुकेश कुमार और संतोष कुमार के घर से चोर लाखों रुपये का सामान चुरा ले गए। चोरों ने हर्ष और राहुल के घर कोई निशाना बनाया। घटना के समय कुछ लोग अपने दरवाजे पर सो रहे थे। कुछ लोग दरवाजे के सामने कमरे में थे। सुबह घटना की जानकारी परिजनोंको हुई और सीखने चिल्लाने लगे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अयोध्या बलवंत चैधरी पहुंचे।

## कानून एंव सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रशासन दिखा अलर्ट



**बाराबंकी।** जिले में कानून एंव सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने अधिकारियो व पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजार मे फ्लैग मार्च किया। ईद के बाद की जुम्मे की नमाज व चैत रामनवमी त्योहार पर शांति-सद्भाव बनाये रखने व कानून-सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त रखने को लेकर सिटी स्कूल से सट्टी बाजार, नेबलेट चैराहा तक डीएम ने फ्लैग मार्च निकाला। तथा सड़को व शहर मे जाम की स्थिति का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान एडीएम अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हल्दी प्रोसेसिंग प्लांट का शुभारम्भ



**बहराइच ।** विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम बोझिया में स्थापित हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट का उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने पंतजलि आयुर्वेद लिमिटेड हरिद्वार के प्रतिनिधि सत्यव्रत के साथ हल्दी ब्वायलिंग, पैकेजिंग व ड्राईंग यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसंद, नानपारा के एसडीओ कृषि सुधीर कुमार मिश्रा व सदर बहराइच के उदय शंकर सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक सूर्यबलि व संदीप, बिल मिलिंडा गेट्स फाउण्डेशन टेक्निकल सपोर्ट यूनिट लखनऊ के अरविन्द मिश्रा, प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ प्रियेश चंदन, वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड के सीईओ विपिन मौर्य व निदेशक मंजू देवी, तथा सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के निदेशक अखिलेश प्रताप सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषकगण मौजूद रहे। जनपद के कृषकों द्वारा उत्पादित हल्दी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा-निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से 28 दिसम्बर 2024 तहसील एवं ब्लाक मिहींपुरवा के 03 एफपीओ ग्राम गंगापुर की प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड व सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा ग्राम जरही की वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड व बाबा रामदेव की कम्पनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के साथ हल्दी उत्पादन तथा विपणन का एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया था।

# डीएम ने नई निर्माण योजनाओं के लिए खाली पड़ी भूमि का किया चिन्हांकन

**बाराबंकी।** जनपद मे नई निर्माण योजनाओ के लिये खाली पड़ी भूमि का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने चिन्हाकन किया। जिसमें सर्वप्रथम जनपद में बनने वाले नए एनआईसी भवन की भूमि का चिन्हांकन किया

- नए एनआईसी भवन, पुलिस गेस्ट हाउस, नया ट्रांसपोर्ट नगर, लेबर अड्डा हेतु भूमि चिन्हांकन



गया। जोकि पूर्व में बने एनआईसी भवन के ठीक बगल स्थित है। इसी तरह डीएम ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के बगल उद्यान पार्क के पीछे पड़ी खाली भूमि का चिन्हांकन नई वीवीआईपी शूट बनाए जाने के लिए किया गया है।

इस वीवीआईपी शूट से पहले एक द्वार का निर्माण कराया जाएगा। जिसके अंदर मात्र वीवीआईपी वाहनों की एंट्री होगी। अन्य सभी वाहन इस द्वार के बाहर पार्क किए जाएंगे। इसी तरह डीएम ने छाया चैराहे के पास जमुरिया नाले की ढाल के पास खाली पड़ी भूमि का चिन्ह्यांकन लेबर अड्डा बनाने के लिए किया। तो वही वहीं डीएम ने शुक्लई के पास नए ट्रांसपोर्ट नगर बसाए जाने के लिए भूमि का चिन्हांकन किया और आलापुर के पास स्थित गोकुल नगर के एचपी पेट्रोल पंप के ठीक बगल पड़ी खाली भूमि का चिन्हांकन पुलिस गेस्ट हाउस बनाए जाने के लिए किया है। निरीक्षण के दौरान एसपी दिनेश कुमार सिंह, एडीएम अरुण कुमार, एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, एआरटीओ अंकिता शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खेलो इण्डिया योजना से खिलाड़ियों में खेलों के प्रति बढ़ा रुझान

**बहराइच ।** मानव इस भूमण्डल का सबसे महत्त्वपूर्ण प्राणी है। मानव में अन्य प्राणियों की अपेक्षा सोचने-समझने, चिन्तन करने की शक्ति अधिक होती है किन्तु मस्तिष्क के विकास के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक शक्ति होना भी जरूरी है। जीवन की पहली आवश्यकता स्वस्थ शरीर है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक श्रम, व्यायाम, योग एवं खेलकूद आवश्यक है। खेल चाहे किसी भी तरह का हो उससे शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ प्रतिस्पर्धा गहराई से जुड़ा है। खेल एक शारीरिक क्रिया है, जिसके तरीके और नाम अलग हैं। खेल मनुष्य के अन्दर प्रेरणा, साहस, उत्साह, अनुशासन, स्वस्थ स्पर्धा और एकाग्रता लाता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के वृद्धि तथा विकास के साथ ही खेल देश के लिए भी उपयोगी है। खेल मनुष्य में अच्छी भावना, समानता और सामूहिकता का भाव लाता है। खेल समाज के हर उम्र के पुरुषों महिलाओं को पसंद होता है, चाहे गाँव का गुल्ली डंडा हो या उच्चवर्ग का कहा जाने वाला क्रिकेट। आज गाँवों, कस्बों, नगरीय के स्कूल कालेजों सहित हर स्तर पर खेल स्पधाएं हो रही हैं और युवा खेल स्पधाओं में खुलकर भाग ले रहे हैं। भारत सरकार द्वारा खेलों के विकास के लिए हर तरह की सुविधा दी जा रही है। खेलो इंडिया नीति के तहत ही जा द्वी जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि आज "टोक्यो ओलम्पिक 2020" एवं पेरिस ओलम्पिक 2024 में विभिन्न खेलों में भारत ने पूर्व में हुए ओलम्पिक में प्राप्त मेडल्स की अपेक्षा इस बार के ओलम्पिक में सबसे अधिक मेडल्स जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया है। जहाँ युवक/युवतियाँ अभ्यास करते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 19 जनपदों में 16 खेलों के खिलाड़ियों के लिए 44 छात्रावासों का संचालन करते हुए भोजन, आवासीय सुविधा, शिक्षा, चिकित्सा, खेलकिट व उपकरण की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। आवासीय क्रीडा छात्रावासों में खिलाड़ियों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रदेश के आवासीय क्रीडा छात्रावासों में रहने के लिए खिलाड़ियों का जिला, मण्डल एवं राज्य स्तरीय ट्रायल्स में चयन करके उदीयमान खिलाड़ियों को 15 दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में खेल कराकर खेल विशेषज्ञों की समिति द्वारा चयन किया जाता है। चयनोपरान्त क्रीडा छात्रावास में प्रवेश देकर खिलाडियों को सम्बन्धित खेल में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

खेलों के विकास के लिए प्रदेश में 3 स्पोर्टस कालेज संचालित किये जा रहे हैं। जिनमें गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज गोरखपुर, सैफई स्पोर्टस कालेज सैफई, इटावा है। इन स्पोर्टस कालेजेज में क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल, वालीवाल, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक, कुश्ती, तैराकी, कबड्डी, जूडो, लॉनटेनिस, बैडमिन्टन आदि खेलों में खेल विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को वैज्ञानिक एवं अत्याधुनिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन स्पोर्टस कालेजेज से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित किया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण मद में 4 करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी करते हुए 11 करोड़ रुपए कर दिया है। जबकि वर्तमान सरकार के पूर्व मात्र 7 करोड़ रुपए ही थी। उसी तरह मुख्यमंत्री जी ने खिलाड़ियों के भोजन, किट, शिक्षा, चिकित्सा आदि मदों में भी बढ़ोत्तरी कर उन्हें सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

प्रदेश में खेलों का विकास गाँव स्तर से राज्य स्तर तक युवाओं एवं खिलाड़ियों का चिन्हाकन कर खेलों में प्रतिभागिता वृद्धि, खेल कौशल में उत्कृष्टता लाने एवं स्थानीय परम्परागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति का पुनर्गठन किया गया है जो प्रदेश की समस्त तहसीलों, जनपदों, मण्डलों तथा राज्य स्तर पर लागू किया जा रहा है। इस नियमावली से प्रदेश में गाँवों से लेकर राज्य स्तर तक सभी खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी प्रतिभा को निखारते हुए खेल कुशल बनाया जा रहा है। खेलों इण्डिया के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा "एक जिला, एक खेल" योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 75 जनपदों में खेलो इण्डिया सेंटर संचालित किये गये हैं।

## निजी भूमि के क्रय विक्रय व राजस्व अभिलेखों के परिवर्तन पर लगी रोक हुई समाप्त

**बहराइच ।** सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद बहराइच मे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 (जरवल-बहराइच सेक्शन) का चारलेन चैड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। नगर मजिस्ट्रेट बहराइच ने बताया कि जरवल से बहराइच तक के चारलेन चैड़ीकरण मे तहसील कैसरगंज के 57 तथा तहसील महसी के 4 ग्राम प्रभावित हैं। जिन ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है उनमे धारा 3ए का प्रकाशन 19 मार्च 2025 को भारत के राजपत्र मे हो चुका है ।नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि चारलेन चैड़ीकरण/निर्माण से प्रभावित ग्रामों की निजी भूमियों के क्रय/विक्रय व राजस्व अभिलेखों मे परिवर्तन/अकृषिक (धारा-80) घोषित करने के सम्बन्ध मे रोक लगाई गयी थी जो 03 अप्रैल 2025 को (तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पे सिपाह, आदमपुर व मुस्तफाबाद को छोड़कर) समाप्त कर दी गयी है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त के सम्बन्ध मे तहसील कैसरगंज, महसी व बहराइच के उप जिलाधिकारियों व उप निबन्धकों आदेश भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब निजी भूमियों के क्रय/विक्रय व राजस्व अभिलेखों में परिवर्तन/अकृषिक (धारा-80) घोषित करने पर कोई रोक नही है।

## वक्फ संशोधन बिल देश के संविधान पर प्रहारः दयानन्द शुक्ला

**रूदौली-अयोध्या।** संसद में पेश हुआ वक्फ संशोधन बिल भारत के संवैधानिक ढांचे पर करारा प्रहार है ।आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने भाजपा सरकार द्वारा संसद में पेश वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों को कमजोर करने की साजिश करार देते हुए कहा कि भाजपा और उसके आनुषांगिक संगठनों ने लगातार अल्प संख्यक समुदाय और वक्फ बोर्ड के विषय में भ्रामक बातें फैलाई है ।श्री शुक्ला ने कहा कि संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने स्पष्ट कर दिया है कांग्रेस समाज में दूरियां फैलाने वाली नफरत और झूठ फैलाने वाले हर कानून का जोरदार विरोध करती है ।संसद और देश चलाने के लिए हमारे पास भारतीय संविधान का मूल मंत्र है।

## ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

अयोध्या। थाना कुमारगंज अंतर्गत कुमारगंज- खंडासा मार्ग पर बीज विधायन संयंत्र के पास एक ट्रक की चपेट में आकर राम आशीष पुत्र महात्म्य (65) निवासी ग्राम जिगनाही थाना खंडासा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सूचना पाकर 108 पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज से 5 किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय वाले मार्ग पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीज के पास कुमारगंज से कोयला लदी ट्रक से साइकिल से कुमारगंज आ रहे 65 वर्षीय राम आशीष के टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना सड़क पर चल रहे कई लोगों ने 108 और 112 पर दिया परंतु आधे घंटे तक सड़क के किनारे घायल लावारिस की सूचना जब थाना अध्यक्ष कुमारगंज को दी गई तब उनकी फटकार के बाद ही 108 एंबुलेंस पहुंची और उसे ले जाकर स्वास्थ्य केंद्र इनायतनगर में भर्ती कराया।

## 4 जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 4 अभियुक्त राममिलन पुत्र जगजीवन, लक्ष्मी प्रसाद उर्फ मुगनू पुत्र रामतेज निवासीगण ग्राम खमौली थाना टिकैतनगर, मो0 एहरार पुत्र मो0 इब्राहिम निवासी ग्राम आल्हनमऊ थाना टिकैतनगर, विजय बहादुर पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम भिखनापुर मजरे चमरौली थाना दरियाबाद को ताश के 52 पत्ते, मालफड़, जामातलाशी के कुल 530 रुपए नकद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

संक्षेप

## तमंचा कारतूस जब्त आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्पणा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अयोध्या प्रसाद पुत्र रघुन प्रसाद दीक्षित निवासी मांठागांव मजरे महिया सेन्दुरिया थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को गांव गोड़हरी के पास से समय करीब 5:25 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग कई बीघे फसल खाक

डलमऊ रायबरेली। बिजली के तारों में हुई शार्ट सर्किट के चलते कई



बीघे फसल जलकर राख हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की लपटों ने कई बीघे गेहूं की फसल को अपनी चपेट में लेकर किसानों का भारी नुकसान कर दिया। डलमऊ तहसील क्षेत्र के भीरा गोविंदपुर गांव में गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे खेतों से गुजरे बिजली के तारों में अचानक शार्ट सर्किट होने लगी जिसके चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि चंद मिनटों में ही लगभग 20 बीघे गेहूं की फसल को जलाकर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसानों की खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से जल कर खाक हो चुकी थी। शार्ट सर्किट से खेतों में लगी आग से किसान प्रमोद श्रीवास्तव, राजाराम, राम सजीवन, शिवरतन, शिवकुमार, दीपक, दिलीप कुमार, कुश कुमार, शिव दर्शन सहित करीब एक दर्जन किसानों के खेतों में शार्ट सर्किट से आग लगने के चलते लाखों का नुकसान हो गया है किसानों का कहना है कि फसल काटने का समय नजदीक है ऐसे में उनकी गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है जिसके कारण उनका भारी नुकसान हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र ने बताया कि 60 सर्किट से गेहूं की फसल को हुए नुकसान के आकलन के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को आदेशित किया गया है पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## त्रैमासिक बैठक में प्रगति पत्रिका का विमोचन

रायबरेली। आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका प्रगति के मार्च-2025 अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर -कमलों द्वारा किया गया। इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की। बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, सचिव महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन.तिवारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# वसूली का अड्डा बना शारदा नहर पुल

## महाकुंभ के दौरान वसूली मामले में हो चुका है टेंडर निरस्त



रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सख्ती के बाद भी मिल एरिया थाना क्षेत्र के शारदा नहर पुल पर वसूली का खेल खेला जा रहा है जो बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। महाकुंभ के दौरान जबरन वसूली को लेकर वहां पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। उसके बाद भी स्थानीय प्रशासन सुधारने का नाम नहीं ले रहा है।जिससे कहीं न कहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल करने का काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका की तरफ से वसूली के लिए टेंडर दिया गया था मगर महाकुंभ के दौरान अवैध वसूली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इसके बाद अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने संज्ञान लेकर उस टेंडर को निरस्त कर दिया था। उसके बाद भी वहां पर वसूली का खेल बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पालिका के द्वारा वहां पर राजस्व की बढ़ोतरी के लिए दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनका काम है कि जो मानक या नगर पालिका की तरफ से जो गाइडलाइन तय की गई है उसके तहत आने जाने वाले वाहनों से पैसे वसूले और उनको उस अमाउंट की रसीद दें। सूत्रों की माने तो वहां पर नगर पालिका के दोनों कर्मचारी सांठ गांठ करके अपने गुर्गों से वसूली के खेल को अंजाम दे रहे हैं।

उन लोगों के द्वारा खाली वाहनों को दौड़ा कर जबरन पैसा वसूला जाता है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक के द्वारा एक गाड़ी को मलिक मऊ चैराहे पर रोका जाता है और उससे पैसा वसूला जाता है।

महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें बाहरी गाड़ियों से जबरन वसूली की जा रही थी वीडियो वायरल होने के बाद अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह के द्वारा उस ठेके को निरस्त कर दिया गया था और दो लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

गाड़ियों को दौड़ा कर वसूली को लेकर जब अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह से बात की गई तो वो लखनऊ में होने का हवाला दिए मगर उसके बाद कहा कि वायरल वीडियो भेजिए अगर ऐसा है तो उन लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाऊंगा।

# जागरूकता से ही देश होगा गंदगी मुक्त : डॉ. अभय सिंह



रायबरेली। एम्स रायबरेली में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभय सिंह के नेतृत्व में एक टीम एसजेएस रायबरेली पहुंची जहां पर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। आज के कार्यक्रम की थीम स्कूल हेल्थ हाइजीन रही। एम्स रायबरेली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभय सिंह ने स्कूल में बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया कि स्कूल में, मोहल्ले में व घर में स्वच्छता कैसे रखनी है ताकि बीमारी न फैले और हम स्वस्थ रहें। उन्होंने बच्चों को हेल्थी हाइजीन के बारे में बताया। उन्होने कहा कि अगर हम अपने आस पास सफाई रखेंगे तो हमारा देश गंदगी मुक्त हो जाएगा। एम्स रायबरेली की टीम ने एसजेएस पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया। इसके अलावा स्कूली बच्चों के लिए एक क्विज का भी आयोजन किया। एम्स के नर्सिंग प्रिंसिपल श्री नरेन्द्र सिंह ने भी बच्चों को स्वच्छ्ता के संबंध में जागरूक किया।

एसजेएस पब्लिक स्कूल्स के सचिव (प्रशासन) अग्रज सिंह ने एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभय सिंह को मोमेंटो देकर उनका आभार व्यक्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने एम्स के नर्सिंग प्रिंसिपल नरेन्द्र सिंह को मोमेंटो देकर उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एम्स के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सहित एम्स के तमाम नर्सिंग स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एम्स में एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक नोडल ऑफिसर डॉ. सुयश सिंह के नेतृत्व में पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आरबीएसके की टीम से कार्य योजना के संबंध में जानकारी ली तथा अब तक आरबीएसके की टीम कितने विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया उसके संबंध में भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से पूछा तथा कहा कि सुव्यवस्थित ढंग से कार्य योजना बनाकर जनपद में संचालित सभी प्राइमरी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में आरबीएसके की टीम जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करें साथ ही सभी बच्चों का हेल्थ कार्ड भी बनाएं एवं उसमें बच्चों की चिकित्सा संबंधी सभी जानकारी उसमें अंकित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों की डिटेल सहित सभी विद्यालयों में वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



रायबरेली। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव के पिता के निधन के उपरांत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के मखदूमपुर गाँव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मनुष्य के कृतित्व से उसका जीवन परिचय प्राप्त होता है। व्यवहार कुशल और अच्छे जीवन शैली के साथ अपना जीवन व्यतीत करने वाले मृतात्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें। वहीं सदर विधायक अदिति सिंह ने पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव के पिताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन अत्यंत सहज और सरल था। उन्होंने अपने परिवार का भरण पोषण करने के साथ अच्छी शिक्षा प्रदान की। उन्हीं के संस्कार से पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव भी सहज सरल होकर जनपद में पार्टी को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत की, जिसका परिणाम इनके कृतित्व में झलकता है। सदर विधायक ने कहा कि जीवन शैली ही व्यक्ति के न रहने के उपरांत समझी और स्वीकार की जाती है। इस अवसर पर गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## गिरीश नारायण पांडे के निधन की सूचना पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष

लालगंज रायबरेली। जीवन पर्यंत भाजपा की सेवा करने वाले पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे के निधन पर परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने स्व गिरीश पांडे और उनकी धर्मपत्नी वीणा पांडे के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पुष्पांजलि के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लालगंज मे पूर्व मंत्री श्री पांडे और उनकी पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने पांडे परिवार से मुलाकात की। इस दौरान स्वर्गीय श्री पांडे के तीनों पुत्र अनिन्ध, अनूप पांडे, और अजय पांडे मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने कहा कि उनका पूर्व मंत्री से पारिवारिक रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा और सरकार परिवार के साथ है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि गिरीश नारायण पांडे का भाजपा की विकास यात्रा में जनसंघ से लेकर अब तक योगदान अविस्मरणीय है। पार्टी उनकी विरासत को आगे लेकर जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह अब तक पारिवारिक रिश्ते थे, उसी तरह हम परिवार को आगे भी साथ लेकर चलेंगे। उपमुख्यमंत्री ने स्व पांडे के घर के अंदर पारिवारिक जनों से भी मुलाकात की और सभी को ढांढ़स बंधाया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शोक जताते हुए कहा कि पांडे दंपति के असमय निधन पर हम सब दुखी एवं व्यथित हैं। हम सब की संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। उनके साथ में, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पार्टी प्रभारी पीयूष मिश्रा मौजूद थे। इसके अलावा आरएसएस के धर्म जागरण संयोजक सुशील शुक्ला, कैलाश बाजपेई, निखिल पांडे, विजय वाजपेई, मंटू बाजपेई, गोविंद मिश्रा, कौशलेंद्र कंचन, चंदन त्रिवेदी, शिव प्रकाश पांडे सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक खुद को जलाकर फैलाता है ज्ञान की रोशनी

## रिटायर शिक्षकों का सम्मान और उन्नयन गोष्ठी का आयोजन




रायबरेली। एक शिक्षक अपने कार्य से कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है। बस उसका माध्यम बदल जाता है। शिक्षक अपने को तपाकर पूरे जीवन ज्ञान की रोशनी फैलाता रहता है। ब्लॉक से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के लिए हमेशा ही विद्यालयों के दरवाजे खुले हैं। वे विद्यालय में जाकर अपनी मर्जी के हिसाब से पढा सकते हैं और कुछ अपने अनुभव शिक्षकों को दे सकते हैं। उक्त विचार खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल वर्मा ने बीआरसी सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। राही ब्लॉक के सभागार में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षा उन्नयन गोष्ठी के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा रहे। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त सेवानिवृत होने वालों में अंजू त्रिपाठी कंपोजिट विद्यालय सनही, विपत्ति कुमारी उच्च प्राथमिक विद्यालय खनुवा, माधुरी द्विवेदी उच्च प्राथमिक विद्यालय भदोखर, अमिता श्रीवास्तव उच्च प्राथमिक विद्यालय भदोखर, रामनारायण प्राथमिक विद्यालय चकबल्लीहार, विमला श्रीवास्तव उच्च प्राथमिक विद्यालय आंटी नौंगवा, कृष्णा देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे गोड़ियन, प्रमोद कुमारी यादव कंपोजिट विद्यालय झकरासी आदि रहे। सभी को सम्मान में अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं रामचरितमानस दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक द्विवेदी ने किया। अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम जिस दिन से सेवा में आ जाते हैं, उस दिन से सेवानिवृत्त की तिथि तय हो जाती है लेकिन हमारे साथियों का काम समाज शिक्षा की अलख जगाना है जो कि सदैव जारी रहता है।

# अपमानजनक टिप्पणी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के आवाहन पर राणा सांगा के ऊपर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौंपा। शुक्रवार को दिए गए ज्ञापन में राणा सांगा के प्रति सपा सांसद के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा गया है कि प्रखर राष्ट्रभक्त राणा सांगा के प्रति की गई टिप्पणी से महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है। जो निंदनीय है। ज्ञापन में सपा सांसद के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराने एवं उनकी संसद सदस्यता समाप्त किए जाने की मांग की गई है। ऐसा न किए जाने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद राष्ट्रीय जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करेगी।

# राम नवमी पर विहिप ने निकाली बाइक रैली



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कूरेभार के द्वारा प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पूर्व शुक्रवार शोभायात्रा का आयोजन कर बाइक रैली निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ प्रखण्ड कार्यालय सुदनापुर चैराहा पर किया गया यात्रा सुदनापुर गांव से होते हुए भगवानपुर, नटौली, खरसोमा बाजार के रास्ते फुलौना चैराहे से वापस आकर सुदनापुर में समाप्त हुई। इस दौरान कार्यकताओं के द्वारा लगाए गए जय श्री राम के गगनचुंबी नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में जिला विभाग संगठन मंत्री विकास कुमार मौजूद रहे। विहिप के कूरेभार प्रखंड अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर रैली निकालने का मकसद लोगों को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों और सिद्धांतों की याद दिलाना होता है। इसके साथ ही, यह समाज में एकता और भक्ति का संदेश भी देता है। राम नवमी के पूर्व ध्वज यात्रा निकाली जाती है। प्रखंड उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि हिंदु धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसीलिए इस तिथि पर सभी राम जन्म उत्सव मनाते हैं एवं पवित्र नदियों में स्नान करके पुण्य के भागीदार होते है। इस मौके पर नरेंद्र मिश्रा, राम लाल पाल, अवधेश शर्मा, चन्द्र प्रकाश तिवारी, लालजी तिवारी, कमलेश तिवारी, रीना आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौत

## पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध दर्ज किया नामजद मुकदमा

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। वर्चस्व की लड़ाई एवं पुरानी रंजिश के चलते युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। मामले में पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बृहस्पतिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के मुडिला डीह गांव के राकेश विश्वकर्मा (22) अपने चचेरे भाई शुभम के साथ घर के बाहर सड़क पर खड़ा था। तभी दो बाइक पर सवार पास बदमाश आए।

बदमाशों ने पिस्टल एवं तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर करने लगे। गोली लगने से राकेश गिर गया। तभी शुभम ने दौड़कर लोगों की घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर आए। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।



बदमाश असलहा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। राकेश की हत्या के पीछे लोगो मैं चर्चा है कि बीते 26 दिसंबर 2024 को हसनपुर तैनी गांव की डेरी पर दूध देने जा रहे अखंड नगर थाने के उड़री गांव के हिस्ट्री सीटर मोनू यादव पर गोली चली थी। चर्चा है कि राकेश की हत्या के पीछे पुरानी रंजिस एवं क्षेत्र के में वर्चस्व की लड़ाई को मान रहे हैं। मृतक के पिता दयाराम विश्वकर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोस्तपुर थाने के गोरई गांव के हिस्ट्री सीटर सागर यादव, अखंड नगर थाने के उड़री गांव के हिस्ट्रीशीटर मोनू यादव एवं इसी गांव के नीरज यादव, और दोस्तपुर थाने के पलिया देवापुर गांव के अंकित यादव एवं अंबेडकर नगर जिले के बवाना थाने के अजय निषाद के विरुद्ध हत्या की वारदात में शामिल होने तथा दोस्तपुर थाने के। मकरहा गांव के संजय सिंह के विरुद्ध हत्या की साजिश रचने के मामले में नामजद केस दर्ज किया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए गठित की गई पुलिस टीम संभावित स्थलों पर दविश दे रही है।

## अमृत सरोवरों में पानी नदारद

गौरीगंज, -अमेठी सरकार द्वारा जारी महत्वाकांक्षी योजना के तहत खुदाए गए अमृत सरोवर तालाबों मे जहां पानी नदारद है तो वहीं अधूरे पडे कार्य भ्रष्टाचार की कलई खोल रहे हैं यही नहीं तालाबों की आड में सिर्फ सरकारी धन का बंदरबांट किया गया जिम्मेदार अधिकारीगण बेखबर हैं। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित दर्जनो ग्राम पंचायतों मे अमृत सरोवर तालाबों की दुर्दशा देखते ही बनती है यदि कहीं कुछ कार्य भी हुए तो वह भी आधे अधूरे पडे हैं मानक के विपरीत कहीं कुछ काम कराये भी गए तो कहीं खुदाई कार्य ही पूर्ण नहीं हो सके हालात यह है कि अमृत सरोवर तालाबों के अधूरे पडे काम जिसके चलते ना ही उसमे पानी है ना ही बैठने की व्यवस्था आदि सुविधाए नदारद होकर बार बार खुदाई कराकर कागजी खानापूर्ति कर धन का बंदरबांट जारी रहता है पानी के बिना सूखे पडे तालाब जहां पशु पक्षी पानी की तलाश मे भटकते रहते हैं सूत्रो की माने तो आदर्श तालाब बनाने की आड मे सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया विभागीय जिम्मेदार अधिकारीगणों की उदासीनता के चलते कार्य पूर्ण ना होकर अधूरे पडे हुए हैं यदि उच्च अधिकारीगणों द्वारा मौका निरीक्षण कर जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। इस संबंध मे सीडीओ अमेठी ने बताया कि जैसे बरसात आएगी वैसे ही पानी भर जाएगा फिलहाल मानक के विपरीत कराए गए कार्यों की जांच के उपरांत अनियमता पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सीएमएस ने कराया सुंदरकांड, हुआ भोज का आयोजन



सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के मृदुभाषी, सरल, सौम्य व सुलभ सीएमएस डॉ एस.के. गोयल के बीते 31 मार्च को सकुशल सेवानिवृत होने पर बढ़ैयावीर आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। आमंत्रित अतिथियों ने प्रसाद रूपी भोजन का ग्रहण किया। डॉ. श्री गोयल ने कहा कि ईश्वर की अनुकम्पा, अपने बड़ों एवं अनुजों तथा इष्ट मित्रों के अपार प्रेम स्नेह आशीर्वाद और आप सभी विभागीय सहकर्मियों के सहयोग से मेरा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के रूप में कार्यकाल निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्विघन रूप से बीते 31 मार्च को समाप्त हुआ। आप सभी के आशीर्वाद एवं सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद प्रकट करते है और ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा से कृतज्ञता व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे कृतार्थ किया। आप सभी का पुनः हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रबंधक ने किया पुरस्कृत



सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ग्रेट मिशन स्कूल सूरापुर में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक बीव केव अग्रहरि द्वारा विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। यह अवसर विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के प्रति कृतज्ञता और उनकी कड़ी मेहनत को मान्यता देने का था। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त किए थे, जिनमें प्रतीक मौर्य, नित्या मिश्रा, अनन्या सोनी, राधा तिवारी, दिव्यांशी मौर्य, अक्षत सिंह, अक्षत चैरसिया, युविका आयुष, अजफर अहमद, मानवी मौर्या, अंजना पाल, काव्या अग्रहरि, यशिका बरनवाल, फहीम अहमद, सृष्टी बरनवाल, सौम्या अग्रहरि, प्रियल सोनी, निकुंज मिश्रा, तेजस, अर्पिता प्रजापति, और कुनाल यादव शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की स्टाफ सदस्य दीप्ति बरनवाल, आफरिन, रंजना अग्रहरि, नैन्सी सोनी, प्रीती मौर्या, काजल नाग ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। समारोह के समापन पर, विद्यालय के प्रबंधक श्री बीव केव अग्रहरि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराते हुए उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और कठिनाइयों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत करते रहें।

## गेहूं खरीद क्रय केंद्र पर पहले दिन माला पहनाकर किसानों का हुआ स्वागत

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के राजकीय गेहूं क्रय केंद्र जयसिंहपुर प्रथम व द्वितीय पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। पहले दिन 3 किसानों ने गेहूं क्रय केंद्र पहुंच कर अपने गेहूं की तौल करायी। किसानों के गेहूं खरीद के लिए राजकीय गेहूं क्रय केंद्र को एक अप्रैल से आदेश दिया गया था। तहसील क्षेत्र में रबी विपणन वर्ष 2025- 26 का गेहूं क्रय केंद्र संचालित हो रहा है। इस बार गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य 2425 रूपया प्रति कुंतल रखा गया है। शुक्रवार को क्षेत्र के दजीर्पुर निवासी अमरजीत वर्मा ने 27 कुन्तल 50 किलो, रमेश कुमार वर्मा ने 32 कुंतल 50 किलो और सुरेश कुमार ने कुल मिलाकर 60 कुंतल तौल करायी। केन्द्र प्रभारी अनिल कुमार ने किसान को माला पहनाकर स्वागत किया। इसी के साथ गेहूं खरीद का शुभारंभ हो गया। विज्ञापन प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि किसानों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। किसान पहले किसान मित्र एप पर किसान जाकर अपनी खेतौनी का पंजीकरण करवाएं। उसके बाद राजकीय गेहूं क्रय केंद्र पर तौल के लिए लेकर आएं।

## द्वारिकागंज से टेंढुई राजमार्ग चौड़ीकरण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने शुक्रवार अयोध्या-प्रयागराज मार्ग के चैड़ीकरण कार्य का द्वारिकागंज क्रॉसिंग के पास भूमिपूजन कर इसकी शुरूआत की। उन्होंने बताया कि सड़क चैड़ीकरण से जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। लगभग 3.6 किमी सड़क चैड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग की तरफ से किया जाएगा। भूमिपूजन के बाद प्रयाग अयोध्या रेलखंड के द्वारिकागंज रेलवे क्रॉसिंग से टेढुई तिराहे के बीच जेसीबी की मदद से विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। उपस्थित अधिशासी अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि सात मीटर चैड़े इस राजमार्ग के दोनों तरफ डेढ़ डेढ़ मीटर सड़क को और चैड़ा किया जाएगा। जिसकी लागत 10.55 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि छह महीने में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। आगे बताया कि टेढुई और द्वारिकागंज रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण का भी प्रस्ताव है। जिसे इस कार्य से अलग कर दिया गया है टेढुई का प्रस्ताव पास हो चुका है। द्वारिकागंज की स्वीकृत अभी नहीं हो पाई है। जल्द ही मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर कटका मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा जिला पंचायत सदस्य नंदन चैबे, ब्लॉक प्रमुख कूरेभार प्रतिनिधि नवनीत सिंह, कटका प्रधान सुभाष सिंह मिंटू, गुड्डू सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुख्यात सुरेंद्र जाट साथी सहित मुठभेड़ में जखमी

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** हाईवे पुलिस ने बीतीरात औद्योगिक क्षेत्र से मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है और पुलिस अभिरक्षा में इनका इलाज चल रहा है। पिछले दिनों हाईवे क्षेत्र की शिवासा

- **हाईफाई कॉलोनियों में चोरी की घटनाओं अंजाम देने में माहिर है दोनों बदमाश**

एस्टेड और कृष्णा ऑर्चिड में इन दोनों ने अपने साथियों के साथ चोरी की बड़ी वारदातों का अंजाम दिया था। इन दोनों घटनाओं को लेकर पुलिस को इनकी तलाश थी। एसएसपी द्वारा इन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। वारदात में प्रयुक्त कार, आभूषण और नगदी बरामद हुई है।एसपी सिटी अरविन्द कुमार ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की वारदातों में शामिल दो बदमाश एक मोटरसाइकिल से आगरा की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो वे इंडस्ट्रियल एरिया की ओर भागने लगे। पीछा करने पर वे जयगुरूदेव जूनियर हाई स्कूल के पीछे मजार रोड के समीप बाइक से गिर पड़े और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए।

पुलिस ने घायल बदमाश सुरेन्द्र जाट पुत्र बलराम सिंह निवासी विनोद नगर मढावली थाना मण्डावली जिला पूर्वी दिल्ली हाल पता 103 गनेश नगर पाण्डव नगर काम्पलेक्स थाना मण्डावली पूर्वी दिल्ली, घनश्याम वाटला पुत्र रामचन्द्र वाटला निवासी मस्जिद वाली गली दूधिया मन्दिर के पास मौहल्ला पहाडगंज चैकी रम्पुरा थाना रूद्रपुर कोतवाली जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) को हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला



अस्पताल भेजा। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के एक सोने की डबल चैन का हार व एक जोडी सोने के कालों के झाले व 2660 रुपए, एक हीरे की अँगूठी, दो तमंचा, एक मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर की बरामद की है। घायल बदमाश ने पूछताछ बताया कि हम अपने साथी देवेन्द्र गुर्जर पुत्र स्व. सरदार सिंह निवासी ग्राम झुप्पा थाना जेबर जनपद गौतमबुद्ध नगर हाल पता डब्ल्यू जैड 63 सन्तनगर तिलक नगर थाना तिलकनगर पश्चिमी दिल्ली व महेश कुमार पुत्र यादराम निवासी 1136 अटाली नियर लालदास बाबा थाना छायसा जिला फरीदाबाद (हरियाणा) के साथ आई 20 कार की प्लेट को उतारकर उसके स्थान पर एएफ नम्बर की प्लेट लगाकर मथुरा शहर में दिन में मौका मिलने पर बन्द मकान के गेट का ताला तोडकर चोरी करते है। और चोरी में बरामद माल को आपस में बाटकर उसी से अपना खर्चा चलाते है।

बीते साले 15 अक्टूबर को दिन में कृष्णा आर्चिड व दिनांक 31 दिसम्बर 24 को दिन में शिवासा स्टेट में बन्द मकान से चोरी की घटना को कबूल किया है। इनका एक साथी पहले ही पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका है जबकि वारदात में प्रयुक्त कार बरामद हो चुकी थी। सुरेन्द्र जाट के विरुद्ध दो दर्जन से अधिक अलग अलग राज्यों में मुकदमे पंजीकृत हैं। जिनमें मुख्य रूप से दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उतराखण्ड और उत्तर प्रदेश के है। वहीं घनश्याम बाटला के विरुद्ध लगभग आधे दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं जो उतराखण्ड और उत्तर प्रदेश से हैं।

## सांसद हेमा करेंगी विविध कार्यक्रमों में शिरकत

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी छह दिवसीय दौरे पर मथुरा आ रही है। वह चार अप्रेल को सांय काल आएंगी और 09 अप्रेल तक रहेंगी। शुक्रवार को आगमन के बाद शनिवार को प्रातः 11 बजे बीएसए कॉलेज के निकट उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। दोपहर 12 बजे नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र वेटरनेरी यूनिवर्सिटी (औरंगाबाद शहरी) व औरंगाबाद ग्रामीण 2 नवीन विद्युत उपकेन्दों के लोकार्पण करेंगी। रविवार को प्रातः 10:30 बजे श्री राजाधिराज द्वारकाधीश मन्दिर में दर्शन करने जाएंगी। सांय 5 बजे से 7 बजे तक इस्कॉन द्वारा आयोजित पचासवी वर्षगाठ महोत्सव समारोह में शामिल होना है। सोमवार को प्रातः 11 बजे दिशा बैठक की अध्यक्षता, कलैक्ट्रेट सभागार में करेंगी। मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पांचजन्य ओडिटोरियम, डैम्पियर नगर में आयोजित स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार कार्यकम में प्रतिभाग करेंगीं।

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी, पुलिसकर्मियों ने किया पूर्वाभ्यास



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की सलामी ली, व शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को दौड़ लगवाई साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही करवाई गई। परेड के पश्चात एसएसपी ने पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया, जिसमें क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद पुलिस लाइन, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जाने अनजाने कभी किसी का दिल न दुखाएं: आचार्य मधुरम

**टूंडला।** नगर में एटा रोड़ पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है, जिसमें शुक्रवार को आचार्य मधुरम महाराज ने माता कुंती भीष्म स्तुति, शुक्र पूजन की कथा वर्णन किया गया। जिसे सुन भक्तगण भाव विभोर हो गये। श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य मधुरम महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि आज के समय में भाग दौड़ की जिंदगी से मनुष्य परेशान है, परमात्मा के लिए कुछ क्षण जरुर निकालना चाहिए। इससे परमात्मा की आप व आपके परिवार में कृपा दृष्टि बनी रहती है। प्रत्येक मनुष्य को दीन दुखियो की मदद अवश्य करना चाहिए, इससे परमात्मा भी खुश होते है। कभी भी जाने अन जाने किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए। इससे आपके व आपके परिवार में कभी खुशहाली नहीं आ सकती। इस दौरान मधुरम महाराज ने माता कुंती भीष्म स्तुति, शुक्र पूजन की कथा वर्णन किया। यह कथा सुन श्रद्धालुगण मंत्र मुग्ध हो गये। कथा पंडाल में सांय को प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मुख्य यजमान महेश चंद्र उपाध्याय, मीरा उपाध्याय, यज्ञपति सुरेश चंद्र उपाध्याय शकुंतुला देवी रामप्रकाश उपाध्याय गुड़िया उपाध्याय दौलतराम उपाध्याय ममता उपाध्याय आलोक उपाध्याय वंदना उपाध्याय आदि सैकड़ों धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## हिंदी रंगमंच दिवस पर नौटंकी कलाकार कमलेश को खलीफा फूल सिंह यादव सम्मान



**आगरा।** नागरी प्रचारिणी के पुस्तकालय में आयोजित ह्यजनमानस का दर्पण है हिंदी रंगमंचह्न विषयक संगोष्ठी में हिंदी के वरिष्ठ समीक्षक और केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर रामवीर सिंह ने कहा कि जैसा दर्शक का जनमानस होता है और जो समाज में परिलक्षित होता है, वैसा ही उस क्षेत्र का रंगमंच विकसित होता है। गोष्ठी में मथुरा की नौटंकी कलाकार कमलेश लता आर्य को खलीफा फूल सिंह यादव सम्मान से सम्मानित किया गया।यह गोष्ठी सांस्कृतिक संस्था रंगलीला, शीरोज हैंगआउट' और ब्रज की पहली महिला पत्रकार प्रेमकुमारी शर्मा स्मृति संगठन द्वारा हिंदी रंगमंच दिवस पर संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी।मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर सिंह ने आजादी के आंदोलन और आजादी की प्राप्ति के बाद समाज के उद्देश्यों की आपूर्ति की मांग करने वाले भारतीय समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय जैसा जनता का मानस था, वैसा ही वह नाटकों में परिदर्शित हो रहा था। उन्होंने कहा कि जैसा भारत वह चाहते थे वैसा ही सपना उन्होंने अपने नाटकों में देखा। हिंदी भाषी पट्टी चूंकि सबसे बड़ी भौगोलिक पट्टी थी, इसलिए उसका नाटक भी उतने ही विहंगम रूप में दिखाई देता रहा।

## वक्फ संशोधन विधेयक सांसद नवीन जैन ने सराहा, गरीब मुस्लिमों को लाभ मिलेगा

**आगरा।** राज्यसभा सदस्य नवीन जैन वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पारित होने का स्वागत करते हुए कहा है कि यह विधेयक देश में पारदर्शिता, न्याय और सुशासन को बढ़ावा देगा।मुसलमानों में अहमदिया, बरेलवी जैसे पिछड़े और अति पिछड़े मुस्लिमों की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। एक बयान में श्री जैन ने कहा कि वक्फ के नाम पर सरकारी ही नहीं मुसलमानों की संपत्तियों पर भी अवैध कब्जे किए गए, जो अब नहीं हो सकेगा। इसी कारण से कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को इस क्रांतिकारी और ऐतिहासिक सुधार के लिए बधाई एवं धन्यवाद।सांसद नवीन जैन ने बताया कि असली मुस्लिम तो वक्फ संशोधन के समर्थन में हैं। यही कारण है कि वक्फ संशोधन का कोई सार्वजनिक विरोध नहीं हो रहा है। धारा 370 हटाने पर भी कोई विरोध नहीं हुआ था। स्पष्ट है कि आम मुस्लिम वक्फ में संशोधन चाहता है। इस संशोधन के माध्यम से वक्फ संपत्तियों पर एकाधिकार समाप्त होगा और इनका वास्तविक एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह विधेयक अवैध कब्जों पर रोक लगाएगा। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर इसे वक्फ संपत्ति घोषित करने की प्रवृत्ति समाप्त होगी। इससे गरीब मुस्लिम समुदाय को वास्तविक लाभ मिलेगा और उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। विधेयक यह भी सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग केवल धार्मिक और जनहितकारी कार्यों में हो, न कि कुछ गिने-चुने व्यक्तियों के स्वार्थ की पूर्ति के लिए।

## चोर लाखों की नगदी और जेवरात ले उड़े



**आगरा।** घर में सो रहे पति- पत्नी को कमरे में बंद कर चोर लाखों रुपये की नगदी और सोने के आभूषण चुराकर ले गए। मामला थाना कागारौल क्षेत्र के ग्राम मसैल्या का है।बताया जाता है कि दूधाधारी इंटर कॉलेज में वरिष्ठ प्रवक्ता जुगेंद्र सिंह, ठेकेदार चंद्रवीर सिंह और सुभाष चाहर अपने पिता के साथ गांव मसैल्या में रहते हैं। गांव में ज्यादातर सुभाष और उनके पिता ही रहते हैं। बाकी दोनों भाई का आना- जाना रहता है। पीड़ित चंद्रवीर ने बताया कि उनके पिता दंगल देखने के लिए गांव से बाहर गए हुए थे। घर में छोटा भाई सुभाष और उसकी पत्नी ही थे। रात में चार-पांच बदमाश घर में घुसे और जिस कमरे में सुभाष और उसकी पत्नी सो रहे थे, उसे बाहर से बंद कर दिया । चोरों ने इसके बाद पूरे घर में तांडव मचाया। सारा सामान इधर से उधर डाल दिया। अलमारियां तोड़कर उसके अंदर रखे करीब 5.70 लाख रुपये नगद और करीब 15-20 लाख रुपये के जेवरात चुराकर ले गए।चंद्रवीर ने बताया कि हाल ही में उन्होंने आलू बेचा था, जिसकी नगदी घर में ही रखी हुई थी। साथ ही तीनों भाइयों के जेवरात भी वहां रखे हुए थे। उनका कहना है कि यह चोरी नहीं बल्कि डकैती है। उनको आशंका है कि घर में घुसने वाले बदमाश पहले से रेकी कर रहे होंगे। चोर खाली बक्से आदि खेतों में भी फेंक गए।सुबह चोरी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वह चोरों की तलाश में जुट गई है।

## रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारी पूर्ण, कल धूमधाम से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**मथुरा।** श्री राम जन्म महोत्सव समिति द्वारा 6 अप्रैल रविवार को निकाली जाने वाली रामनवमी शोभा यात्रा महोत्सव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।इसे लेकर एक बैठक प्राचीन श्री राम मंदिर घीया मंडी में आयोजित हुई मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि 06 अप्रैल 4:00 स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से विराट शोभायात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया यात्रा का प्रारंभ संत महात्मा एवं राम भक्त द्वारा भगवान श्री राम की आरती के साथ होगा।वहीं समिति की अध्यक्ष राजेंद्र बंसल ने बताया शोभा यात्रा में 8 झांकी घोड़े और बैंड बाजे के साथ श्रद्धालु शोभायात्रा में साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि 20 फीट का जय श्री राम का झंडा व भव्य स्वरुप में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनायी गयी है।

# विप्रा बोर्ड के अध्यक्ष मंडलायुक्त ने 1474 करोड़ के ऐतिहासिक बजट पर लगायी मुहर

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण बोर्ड ने 1474 करोड़ के सालाना बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजटपिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुकाबले 139 प्रतिशत है। जो पिछले बजट से 292 करोड़ रुपये अधिक है।शुक्रवार को मथुरा वृंदावन विकास

- **पिछले साल के मुकाबले इस बार प्राधिकरण का सालाना बजट 292 करोड़ रुपये अधिक**
- **उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक**




प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मंडलयुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम बोर्ड के अध्यक्ष मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह के समक्ष पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय और खर्च का लेखा जोखा रखा गया। इसमें 1182 करोड़ के पिछले बजट में विभिन्न परियोजनाओं पर हुए खर्च और आय के साधनों की जानकारी दी गई। इसके बाद वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। प्राधिकरण के सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस साल मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का बजट 1474.51 करोड़ का प्रस्तावित है। इसमें पूंजीगत प्राप्ति 603.92 करोड़ तथा राजस्व प्राप्ति 870.59 करोड़ की है। इस तरह 1474.51 करोड़ का यह बजट विगत वर्ष के स्वीकृत बजट से 139.82 प्रतिशत का प्रस्तावित है। इसमें मुख्य रूप से ग्राम रहीमपुर एवं छाता क्षेत्र में प्रस्तावित दो नई आवासीय योजनाओं में विभिन्न श्रेणी के भूखण्डों/भवनों के विक्रय को पंजीकरण, प्राधिकरण की योजनाओं में विक्रय की गई सम्पत्तियों से किश्तों/फी-होल्ड की प्राप्ति एवं डिपोजिट कार्यों की प्राप्त धनराशियाँ सम्मिलित हैं। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के इस बजट में पूंजीगत व्यय 757.22 करोड़ तथा राजस्व व्यय 689.81 करोड़ प्रस्तावित किया है जो कुल 1447.03 करोड़ रुपये होगा। यह व्यय राशि विगत वर्ष के स्वीकृत बजट से 139.81 प्रतिशत प्रस्तावित है।इसमें से भू-अर्जन मद पर 369.22 करोड़, रूक्मणी विहार, हनुमत विहार, गोविन्द विहार एवं ग्राम रहीमपुर/छाता क्षेत्र में आवासीय योजनाओं में विकास पर 190. 50 करोड़ तथा 46.50 करोड़ के निर्माण कार्यों के अतिरिक्त दुर्बल/अल्प आय वर्ग के भवन निर्माण में 25.00 करोड़ एवं लगभग 128.00 करोड़ की विभिन्न विभागों से प्राप्त धनराशि से डिपोजिट कार्य तथा नगरीय/क्षेत्रीय अवस्थापना विकास निधियों में 125.00 करोड़ के विकास कार्य पर खर्च होंगे। बजट के अलावा कुछ अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। इससे पूर्व मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने मंडलायुक्त का बुके देकर अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट अब तक का सर्वाधिक धनराशि का एक ऐतिहासिक बजट है। बैठक में जिलाधिकारी सीपी सिंह, नगर आयुक्त शशांक चैधरी, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, बोर्ड के सदस्य नवीन मित्तल और डा डीएन गौतम आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च



**फिरोजाबाद।** वक्फ बोर्ड बिल पास होने के बाद शहर में प्रथम शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो जिसको लेकर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। मीटिंग के दौरान उनके द्वारा संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील की गई कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर फेसबुक, इंस्टाग्राम व युट्यूब के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। वहीं जनपद फिरोजाबाद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संसद में वक्फ बोर्ड बिल पास होने के बाद पहले जुमे की नमाज को देखते हुए शहर में अलर्ट जारी किया गया था। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों संवेदनशील स्थानों, मुख्य बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित अपर पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक उत्तर दक्षिण रामगढ, रसूलपुर मय भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया। और संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात कर, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई, साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी से सतत निगरानी की गई। पुलिस की सतत निगरानी से शहर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# दबंगों के आतंक से दहशत में आया सर्राफा व्यापारी

## दबंगों ने तीन बार बोला हमला, इसके बावजूद दरोगा ने मुंह बंद रखने की दी चेतावनी

**आगरा।** लगातार सुर्खियों में रहने वाले थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में दबंगों का आतंक कम नहीं हो रहा है। पुलिस की कार्रवाई से बेखबर होकर दबंगों द्वारा जमकर जुल्म की इंतिहा की जा रही है। कस्बा फतेहपुर सीकरी

- **पीड़ित ने डीसीपी से लगाई कार्रवाई की गुहार**

का व्यापारी विगत 15 दिन से दबंगों के उत्पीड़न से कराह रहा है, इसके बावजूद उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह होने लगी है कि उसे अपना व्यापार समेटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।बताया जाता है कि राम अवतार जायसवाल निवासी कलार गली द्वारा गुरुवार को डीसीपी पश्चिम अतुल शर्मा को दिए प्रार्थनापत्र में दबंगों के उत्पीड़न को लेकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित के प्रार्थनापत्र के अनुसार, कलार गली में उसका सरार्फा का व्यापार है। जिस दुकान में वह दुकानदारी करता है, उसका वह केयर टेकर भी है। उसकी दुकान की सम्पत्ति पर न्यायालय में वाद विचाराधीन है, जिस पर न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी किए हैं। न्यायालय के आदेशों को दरकिनार करते हुए क्षेत्र के एक दबंग भूमाफिया द्वारा गुपचुप तरीके से तहसील किरावली स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में सांठगांठ करते हुए उक्त जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। जबकि न्यायालय के आदेश से रजिस्ट्रार कार्यालय को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया था।

राम अवतार के आरोपों के मुताबिक फर्जी बैनामा होते ही दबंग भूमाफिया ने अपना आतंक दिखाना शुरू कर दिया। जिस दिन बैनामा कराया गया, उसी रात मौके पर गैंग बनाकर आ धमका। जमकर गाली गलौज, अभद्रता, मारपीट करते हुए दुकानों के बाहर लगे कैमरों को तोड़



दिया। राम अवतार के परिवार को बुरी तरह धमकाते हुए मुंह खोलने कर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से बेखौफ दबंग भूमाफिया ने 26 मार्च को फिर से घटना की पुनरावृत्ति कर दी। राम अवतार ने दुबारा से थाने पर शिकायत दी, लेकिन दबंगों के कथित प्रभाव में नतमस्तक थाना पुलिस ने कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी। इसके बाद विगत 30 मार्च को लगातार तीसरी बार राम अवतार के पूरे परिवार से जमकर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। तीनों घटनाओं से राम अवतार का परिवार दहशत में आ गया।

पीड़ित राम अवतार ने बताया कि थाने पर लगातार शिकायत की जाती रही लेकिन थाना पुलिस हर बार टरकाती रही। उसके द्वारा दबंगों के खिलाफ थाने पर शिकायत किए जाने से थाने का एक दरोगा बुरी तरह बौखला गया। बीते बुधवार को दुकान पर आकर बुरी तरह धमकाने लगा। उसने कहा कि तुम्हारी दुकान नहीं खुलेगी। अगर दुकान खोलने की हिम्मत की तो अच्छा नहीं होगा। दुकान के कैमरे भी नहीं लगने चाहिए। अगर उसकी दुकान में ही नहीं खुलेगी तो फिर उसकी दुकान में रखा सरार्फा के सोने चांदी के आभूषण की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। वर्तमान स्थिति में उसके सामने रोजी रोटी का भी संकट खड़ा हो गया है। दर दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वयं की गेहूं की कटाई, किसान हैरान



**मथुरा।** उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ने तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम भाई एवं अडूकी में क्रॉप कटिंग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ने स्वयं की गेहूं की कटाई तथा गेहूं को लाठी से कूटा, तो वहां मौजूद किसान और अधीनस्थ भी हैरान रह गए। उप जिलाधिकारी सदर ने गेंहू की उपज के संबंध में किसान से जानकारी ली। उन्होंने गांव भाई एवं अडूकी में जाकर गेंहू की फसल का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी सदर ने स्वयं जरीब के माध्यम से 10 मीटर का समबाहु त्रिभुजाकार प्लॉट निर्धारित करते हुए किसानों से अपने सामने कॉप कटिंग कराई तथा स्वयं क्रॉप कटिंग / गेहूं की कटिंग की। निरीक्षण करते समय उपस्थित किसानों से विभिन्न फसलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बाजार में होने वाले घाटे व मुनाफे के बारे में किसानों से वार्ता भी की।

## हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान

**मथुरा।** आगरा कमिश्नरेट की डायल 112 में तैनात हेड कांस्टेबल ने थाना सदर बाजार के औरंगाबाद स्थित बल्देव पुरम कॉलोनी में किराए के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिपाही द्वारा आत्महत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी तत्काल मृतक के परिजनों को दी।बीबी नगर जिला बुलंदशहर और हाल निवासी सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद बलदेव पुरम कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह पुत्र संतराजा सिंह का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। घर का दरवाजा न खुलने पर क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना इलाका पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने अंदर से दरवाजा बंद होने पर कोई अंदर से प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा को कड़ी मशक्कत के बाद खोल कर अंदर घुसने पर शव को लटका देख सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस ने मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों को दी। बताया जाता है कि मृतक सिपाही घर में अकेला था और पत्नी मायके अलीगढ़ में रुकी हुई थी। वर्तमान में मृतक आगरा कमिश्नरेट की डायल 112 में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि राजवीर 2011 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे। इनकी 12 साल पहले शादी हुई थी। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं। सिपाही राजवीर सिंह के द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। जहां वह शव को देखकर बिलख बिलख कर रोने लगे। थाना सदर बाजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया ।

# विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, बैठक के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के अर्न्तगत विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न प्रकार निर्देश दिये गये हैं, जिसमें उन्होने कहा कि अभिलेखों में पंजीकृत कुल बच्चों के सापेक्ष वास्तविक बच्चों का आयु वजन एवं लम्बाई के आधार पर परीक्षण व मुल्यांकन करते हुये पोषण टेकर पर नवीन चिन्हित सैम श्रेणी के बच्चों को पंजीकृत कराया जायें, जो बच्चे सैम एवं मैम श्रेणी में पंजीकृत है, उनको स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक 06 दवायें दिलवाकर सुधारीकरण की स्थिति में यथाशीघ्र लाया जायें, उन्होने निर्देश दिये कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ड्राई राशन का वितरण प्रत्येक लाभार्थी में पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो, इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जायें, उन्होने



बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह कम से कम 10 आंगनबाडी केन्द्र एवं प्रत्येक मुख्य सेविका कम से कम 20 आंगनबाडी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायें।बैठक के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के अर्न्तगत आंगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य व बाल मैत्रिक शौचालय, आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, पेयजल एवं पानी की टंकी आदि कार्य इस माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें, इन्फ्रा किट-जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र इन्फ्रा किट से आच्छादित होना चाहिए, बैठक में अनुपस्थित मुख्यसेविका सुनीता देवी, एका के वेतन काटने व स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये, पोषण टेकर पर फीडिंग कार्य पूर्ण न होने पर सीमा मुख्यसेविका, जसराना को स्पष्टीकरण निर्गत करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए कि ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए खराब हैण्डपम्पों की सूची प्राप्त करें तथा खराब हैण्डपम्पों को तत्काल प्रभाव से रिबोर कराना सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पडे, बैठक के दौरान उन्होने कहा कि पशुओं के पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी करायें और लोगों को लू से बचने के लिए ओ0आर0एस0 घोल की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा सहित सम्बन्धित सीडीपीओ व सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहें।




संक्षेप

## एक से 15 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग होगी आयोजित

मुंबइ। दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी सेवन्स लीग का पहला चरण रग्बी प्रीमियर लीग के नाम से यहां एक से 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। देश में रग्बी का संचालन करने वाली रग्बी इंडिया और जीएमआर स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को इस प्रतियोगिता की घोषणा की। इसका आयोजन मुंबई फुटबॉल एरिना में किया जाएगा। आयोजकों ने एक विज्ञप्ति में कहा, खेल के सबसे बड़े सितारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक रग्बी सेवन्स कैलेंडर पर एक समर्पित विंडो बनाई गई है। प्रतियोगिता में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी भारत के छह शहरों पर आधारित फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें 15 दिनों में कुल 34 मैच खेले जाएंगे।

## इंग्लैंड के ओली स्टोन को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलना संदिग्ध

लंदन। भारत के खिलाफ इस साल 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन चोटिल होने के कारण बाहर होने के कगार पर है। इस 31 साल के गेंदबाज को यह चोट उनकी काउंटी टीम नॉटिंघमशर काउंटी के घरेलू सत्र शुरू होने से पहले अबुधाबी में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान लगी। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा चार अगस्त तक चलेगा। स्टोन ने अब तक पांच टेस्ट मैचों में 17 विकेट लिये है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2024 में अगस्त-सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के हवाले से शुक्रवार को बताया, स्टोन को मार्च में नॉटिंघमशर के सत्र पूर्व अबुधाबी दौरे के दौरान उनके दाहिने घुटने में काफी तकलीफ हुई थी। आईसीसी की इस रिपोर्ट के मुताबिक स्टोन का लक्ष्य अगस्त तक वापसी करने का है। उन्होंने कहा स्कैन (जांच) से पता चला है कि सर्जरी की आवश्यकता है, जो इस सप्ताह के अंत में होगी। वह इस सर्जरी के कारण 14 सप्ताह तक मैदान से दूर रहेंगे। वह इसके बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान ईसीबी और नॉटिंघमशर दोनों की मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे। स्टोन चोटिल सूची में टीम के दूसरे तेज गेंदबाज हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज मार्क वुड इस साल की शुरुआत में चोटिल होकर बाहर हो गए थे।

## इटली में खेली जाएगी होपमैन कप मिश्रित प्रतियोगिता

बारी (इटली)। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

## ईस्पोर्ट्स केआईवाईजी में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरुआत करेगा

नयी दिल्ली। ईस्पोर्ट्स बिहार में चार से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेल (केआईवाईजी) में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरुआत करेगा। केआईवाईजी 2025 इस टूर्नामेंट का सातवां चरण है जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहर (पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय) करेंगे। इस दौरान निशानेबाजी, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग की ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन नयी दिल्ली में होगा।

# लखनऊ ने मुंबई को दिया 204 रन का लक्ष्य

### मिचेल मार्श ने 31 गेंद में 60 जबकि एडेन मारकम ने 38 गेंद में 53 रन का योगदान दिया, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने चार ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट लिया





एजेंसी

लखनऊ। आईपीएल के 16वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 204 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में टक ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 8 विकेट खोकर 203 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 60 और ऐडन मार्करम ने 53 रन बनाए। मुंबई ने 3 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 25 रन बना लिए हैं। टीम से नमन धीर और सूर्यकुमार यादव पिच पर हैं। आकाशदीप ने विल जैक्स और शार्दूल ठाकुर ने रायन रिकेलटन को कैच कराया। मुंबई ने तीसरे ओवर में दूसरा विकेट भी गंवा दिया। शार्दूल ठाकुर ने ओवर की दूसरी बॉल पर रायन रिकेल टन को कैच कराया। रिकेलटन 10 ही रन बना सके। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। विल जैक्स को आकाश दीप ने ओवर की चौथी गेंद पर कैच कराया। जैक्स 5 ही रन बना सके।

मुंबई ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 9 रन बनाए। टीम से विल जैक्स और रायन रिकेलटन ओपनिंग करने उतरे। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने पहला ओवर फेंका। लखनऊ सुपरजायंट्स ने 20वें ओवर में 15 रन बनाए। इसी के साथ स्कोर 203 रन तक पहुंच गया। टीम से मिचेल मार्श ने 60 और ऐडन मार्करम ने 53 रन बनाए। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या ने 5 विकेट लिए। ट्रेंट बोल्ट, अश्वनी कुमार और विग्नेश पुथुर को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने चौथा और पांचवां विकेट लिया। उन्होंने ओवर की चौथी गेंद पर डेविड मिलर और पांचवीं गेंद पर आकाशदीप को कैच कराया। मिलर ने 14 गेंद पर 27 रन बनाए। आकाश खाता भी नहीं खोल सके। 19वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट भी गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर अब्दुल समद को कैच कराया। समद ने 2 गेंद पर 4 रन बनाए। 18वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। हार्दिक पंड्या ने ओवर की पांचवीं बॉल पर ऐडन मार्करम को कैच कराया। मार्करम ने 38 गेंद पर 53 रन बनाए। 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऐडन मार्करम ने फिफ्टी लगा दी।

उन्होंने विग्नेश पुथुर के खिलाफ सिंगल लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। 16वें ओवर में लखनऊ ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। अश्वनी कुमार ने आयुष बडोनी को कैच कराया। बडोनी ने 19 गेंद पर 30 रन बनाए। लखनऊ सुपरजायंट्स ने 16वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। ऐडन मार्करम ने अश्वनी कुमार के खिलाफ दूसरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की 150 पूरी की। इसी ओवर में मार्करम ने आयुष बडोनी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। लखनऊ ने 11वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। हार्दिक पंड्या ने ओवर की चौथी बॉल पर ऋषभ पंत को मिड ऑफ पर कॉर्बिन बॉश के हाथों कैच कराया। पंत 6 गेंद पर 2 ही रन बना सके। कढछ के मेगा ऑक्शन में पंत सबसे महंगे थे, वे 27 करोड़ रुपए में बिके थे। 9वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। हार्दिक पंड्या ने ओवर की पांचवीं बॉल पर निकोलस पूरन को कैच कराया। पूरन ने 6 गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 12 रन बनाए।

लखनऊ के ओपनर मिचेल मार्श 7वें ओवर की छठी बॉल पर आउट हुए। उन्हें विग्नेश पुथुर ने अपनी ही बॉलिंग पर कैच किया। मार्श ने 31 गेंद पर 60 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। छठे ओवर में लखनऊ के ओपनर मिचेल मार्श ने फिफ्टी लगा दी।

उन्होंने अश्वनी कुमार के खिलाफ 2 रन लेकर 27 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में उन्होंने ऐडन मार्करम के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। टीम ने पावरप्ले में बगैर नुकसान के 69 रन बनाए। लखनऊ से मिचेल मार्श और ऐडन मार्करम ओपनिंग करने उतरे। मुंबई से ट्रेंट बोल्ट ने पहला ओवर फेंका। ओवर में 6 रन बने। एमआई के लिए 100वें आईपीएल मैच पर सूर्यकुमार यादव को स्पेशल जर्सी मिली। जिस पर पीछे की ओर 100 नंबर लिखा है। गुरुवार को कोलकाता के रिंकू सिंह ने 50वां कढछ मैच खेला था।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। दोनों टीमों ने एक-एक बदलाव किया। टक से रोहित शर्मा इंजरी के कारण नहीं खेल रहे। उन्हें घुटने में चोट लगी है। लखनऊ में एम सिद्धार्थ की जगह आकाश दीप को मौका मिला। लखनऊ और मुंबई के बीच आईपीएल में 6 मैच खेले गए। 5 में लखनऊ और महज 1 में मुंबई को जीत मिली। लखनऊ में दोनों टीमें दो बार आमने-सामने हुईं। दोनों बार लखनऊ को ही जीत मिली। मुंबई को लखनऊ के खिलाफ इकलौती जीत 2023 सीजन के एलिमिनेटर में मिली थी। निकोलस पूरन इस सीजन एलएसजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वे 2 फिफ्टी और एक मैच में 44 रन बना चुके हैं।

वहीं रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किए गए शार्दूल ठाकुर लखनऊ के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट झटके हैं। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 104 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने आखिरी मैच में कोलकाता के खिलाफ 9 गेंदों में नाबाद 27 रन की पारी खेली थी। वहीं गेंदबाज अश्वनी कुमार मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अपने आखिरी और एकमात्र मैच में कोलकाता के खिलाफ 3 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट झटके थे। लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच बॉलिंग-फ्रेंडली है। यहां स्पिनर को ज्यादा मदद मिलती है। यहां लो स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। इस स्टेडियम में कुल 15 आईपीएल मैच खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 7 और पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने भी 7 मैच जीते। 1 मैच रद्द भी हुआ।

## सप्तक तलवार ने पहला गोल्फ खिताब जीता

एजेंसी



ग्रेटर नोएडा। स्थानीय गोल्फर सप्तक तलवार ने अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में शुक्रवार को यहां पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर पेशेवर करियर का पहला खिताब अपने नाम किया। छब्बीस साल के तलवार ने अपने घरेलू जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट कोर्स पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 67-72-69-67 के कार्ड के साथ कुल 13 अंडर 275 का कार्ड खेलकर एक शॉट से जीत दर्ज की। वह तीसरे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर थे।

तलवार 2021 में पेशेवर बनने के बाद से पीजीटीआई में दो बार उपविजेता रहे हैं। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट को जीतने पर तलवार को 22.50 लाख रुपये का इनाम मिला। वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गये। तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर रहे दिल्ली के अर्जुन प्रसाद (68-69-69-70) और चंडीगढ़ के युवराज संधू (70-67-69-71) क्रमशः 12-अंडर 276 और 11-अंडर 277 के स्कोर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर**

जोहानिसबर्ग। भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया। जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे। प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी ने दसवें होल में बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर बैक नाइन पर शेष आठ होल पर पांच बर्डी के साथ अच्छी वापसी की। उन्होंने इसके बाद दूसरे होल में भी बर्डी बनाई। प्रणवी के अलावा अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (71) ने अपना राउंड पूरा किया था और वह संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत और त्वेसा मलिक का दिन खराब रहा। दोनों ने चार ओवर 77 का स्कोर किया और वे संयुक्त 107वें स्थान पर हैं। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## टेनिस खिलाड़ियों ने की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग

वाशिंगटन। नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ उन 20 प्रमुख टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने चारो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रभावित करने वाले फैसलों में उनकी बात को अधिक तवज्जो देने की मांग की है। इन खिलाड़ियों ने इस संबंध में चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के प्रमुखों को पत्र लिखा है। यह पत्र 21 मार्च को लिखा गया था जिसकी एक प्रति एसोसिएटेड प्रेस के पास है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के प्रमुख क्रेग टिली, फ्रेंच ओपन के स्टीफन मोरेल, विंबलडन के सैली बोल्टन और अमेरिकी ओपन के ल्यू शेर को संबोधित इस पत्र में इस महीने होने वाले मैड्रिड ओपन के दौरान खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और चारों ग्रैंड स्लैम के प्रमुखों के बीच बैठक करने का अनुरोध किया गया है। इस पत्र में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं।

## चेन्नई व दिल्ली के मैच में नूर और कुलदीप की निर्णायक भूमिका

एजेंसी



चेन्नई। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं जबकि रूतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी एमएस धोनी को दी जा सकती है।

गायकवाड़ को पिछले रविवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में कोहनी में चोट लगी थी और सीएसकेक के कप्तान का इस मैच में खेलना संदिग्ध है। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का उपयोग करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है। अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स को आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से मध्यक्रम में मजबूती मिली है। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है।

शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके। चेन्नई के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है। धोनी ने उन्हें रुतुराज गायकवाड की जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजने का फैसला किया था लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे हैं। दिल्ली की टीम में फाफ डु प्लेसी की मौजूदगी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज लंबे समय तक चेन्नई की टीम का हिस्सा रहा था और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। उनके अनुभव का जेक-फ्रेजर मैकगर्क, ट्रिस्टिन स्टब्स और अभिषेक पोरेल जैसे बल्लेबाजों को मदद मिलेगी।

## विश्व मुक्केबाजी कप : हितेश का खिताब पक्का



एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन हितेश शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए 70 किग्रा के **मुकाबले** में फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5-0 से हराकर विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। भारतीय मुक्केबाज ने ब्राजील के फोज डू इगुआकु में हो रहे इस आयोजन में शुरुआत में ओलंपियन ट्रोरे के खिलाफ सतर्क रुख अपनाया, लेकिन जवाबी हमला करने के मौके की हमेशा तलाश में रहे। हितेश इस रणनीति से मुकाबले की गति को नियंत्रित करने में सफल रहे। उन्हें तीसरे और अंतिम दौर में पेनल्टी मिली लेकिन पूरे मुकाबले में उनका दबदबा बना रहा। फाइनल में उनके सामने इंग्लैंड के ओडेल कामरा की चुनौती होगी। अन्य भारतीयों में जादूमणि सिंह मंडेंगबाम ने पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलेव को कड़ी टक्कर दी लेकिन 50 किग्रा सेमीफाइनल में 2-3 (विभाजित निर्णय) से हार गए। विशाल को 90 किग्रा सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुल्लाव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सचिन को 60 किग्रा मुकाबले में पोलैंड के पावेल ब्राच से शिकस्त मिली।

**नीरज 24 मई को स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे**



नयी दिल्ली। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा। खेल क ी संचालन संस्था वि श्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने कॉन्टिनेंटल टूर के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था। इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में वार्षिक टूर्नामेंट बनाना चाहते हैं। एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार आएगा। सागू ने पीटीआई से कहा यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। वह इस टूर्नामेंट को अपने गृह राज्य में करवाना चाहते होंगे। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है। हरियाणा के पानीपत के करीब खांद्रा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने 2012 से 2015 तक पंचकुला के ताऊदेवी लाल स्टेडियम में ट्रेनिंग ली थी। चोपड़ा ने हाल में दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी जान जेलेजनी को अपना कोच बनाया है और उनके 16 मई को दोहा डायमंड लीग प्रतियोगिता में अपना सत्र शुरू करने की उम्मीद है। पंचकुला में होने वाला यह टूर्नामेंट इस सत्र में नीरज की दूसरी प्रतियोगिता होगी।

# भूकंप से तबाह म्यांमा की मदद करेगा भारत

## प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख से मुलाकात की



बैंकाक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को म्यांमा की मौजूदा सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत हाल में आए भूकंप से तबाह पड़ोसी देश की और अधिक मदद करने को तैयार है। उन्होंने इसके साथ ही म्यांमा संघर्ष के समाधान के लिए विश्वसनीय और समावेशी चुनाव पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के नेताओं की शिखर बैठक से इतर म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख से मुलाकात की। यह प्रधानमंत्री मोदी की वरिष्ठ जनरल मिन के साथ पहली बातचीत थी, जो फरवरी 2021 में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई आंग सान सू की की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता में आए थे।

दोनों नेताओं की 35 मिनट की बैठक का एक बड़ा हिस्सा ऑपरेशन ब्रह्मा पर केंद्रित था, जिसे भारत ने 28 मार्च को म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद राहत कार्यों के लिए शुरू किया है। इस भूकंप में 3,100 से अधिक लोग मारे गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने विश्वसनीय और समावेशी चुनावों सहित म्यांमा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शीघ्र बहाली के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमा के नेता से कहा कि भारत पूर्व की तरह विश्वास को बढ़ावा देने तथा शांतिपूर्ण, स्थिर और लोकतांत्रिक म्यांमा की दिशा में म्यांमा द्वारा और म्यांमा के नेतृत्व में किये जाने वाले बदलाव के सभी प्रयासों का समर्थन करेगा। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक म्यांमा में जारी जातीय हिंसा से मानवीय क्षति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी शांति केवल समावेशी वार्ता के जरिए ही प्राप्त की जा सकती है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमा के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। हाल में आए भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर एक बार फिर संवेदना व्यक्त की। भारत इस कठिन समय में म्यांमा के अपने भाइयों और बहनों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। हमने भारत और म्यांमा के बीच द्विपक्षीय संबंधों, विशेषकर कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचा विकास आदि क्षेत्रों पर भी चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ जनरल ने राहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

# भारतीय मूल की सिंगापुरी रंगोली कलाकार को किया गया पुरस्कृत



सिंगापुर। सिंगापुर में रहने वाली भारतीय मूल की कलाकार विजयलक्ष्मी मोहन समेत पांच व्यक्तियों को अपने कौशल और परंपराओं को सिंगापुर के विभिन्न समुदायों व युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया है।

संस्कृति, समुदाय एवं युवा मंत्री एडविन टोंग ने नेशनल गैलरी सिंगापुर में नेशनल हेरिटेज बोर्ड (एनएचबी) के स्ट्यूवर्ड ऑफ इंटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज अवार्ड के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। एनएचबी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु के त्रिची से संबंध रखने वाली 66 वर्षीय रंगोली कलाकार विजयलक्ष्मी ने पांच वर्ष की आयु में सममित (सिमेट्रिकल) और ज्यामितीय (ज्योमेट्रिकल) आकृतियों के साथ सजावटी डिजाइनों से युक्त भारतीय लोक फर्श कला की 5,000 वर्ष पुरानी शैली को अपनाया और रंगोली कलाकार बन गईं। तमिलनाडु के त्रिची में पली-बढ़ीं विजयलक्ष्मी ने अपनी मां से यह कला सीखी, जो हर सुबह उनके घर के दरवाजे पर रंगोली बनाती थीं। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने विजयलक्ष्मी के हवाले से कहा, दक्षिण भारत में, हम कोलम नामक एक सफेद रंग का डिजाइन बनाते हैं। हम गणितीय सिद्धांतों व ज्यामितीय डिजाइनों पर आधारित पैटर्न बनाते हैं। विजयलक्ष्मी 1992 में सिंगापुर आ गई थीं और 2005 में यहां की नागरिक बन गईं। हर सुबह 6:30 बजे, विजयलक्ष्मी अपने घर के दरवाजे के बाहर चावल के पाउडर से एक जटिल रंगोली बनाती हैं। विजयलक्ष्मी के अलावा मलय ड्रम निर्माता मोहम्मद याजीज मोहम्मद हसन, पेरानाकन शैली के जौहरी थॉमिस क्वान, चीनी चाय की दुकान पेक सिन चून और तेओच्यू पेस्ट्री की दुकान थाई मोह चान को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रत्येक विजेता को पुरस्कार के रूप में 5,000 सिंगापुर डॉलर की नकद धनराशि प्रदान की गई तथा वे 20,000 सिंगापुर डॉलर तक की परियोजना के अनुदान के लिए पात्र हैं। यह पुरस्कार 2019 में शुरू किया गया था।

संक्षेप

## कांग्रेस ने शुरू किया मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह के नाम पर शुक्रवार को एक फेलो प्रोग्राम की शुरुआत की, जिसके तहत देश भर से 50 पेशेवरों का चयन किया जाएगा और उन्हें पार्टी के भीतर प्रशिक्षित करके भविष्य के नेता के रूप में तैयार किया जाएगा। पार्टी के विभाग ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस ने इस कार्यक्रम घोषणा की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राहुल गांधी अब समय आ गया है कि भारत के सबसे प्रतिभाशाली दिमाग राजनीति में अपनी शक्ति लाएं। डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम पेशेवरों के लिए हमारा आह्वान है, सार्वजनिक जीवन में कदम रखें, ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें और एक प्रगतिशील एवं समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नीति निर्माण और राजनीति में प्रभाव डालने के इच्छुक पेशेवरों का स्वागत करती है। डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम एक ऐसे राजनीतिक नेतृत्व का सृजनकर्ता है, जो राजनीति में एक विशेष, उच्च प्रभाव वाला मार्ग प्रदान करता है। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने संवाददाताओं कहा, डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम हर साल देश भर से 50 पेशेवरों की पहचान करेगा।

## श्रीलंका का 2028 तक बारूदी सुरंग मुक्त होने का लक्ष्य संकट में

मनकुलम (श्रीलंका)। थावराथनम पुष्पारानी ने दशकों से चले आ रहे अलगाववादी युद्ध में कभी श्रीलंका की सेना के खिलाफ तमिल विद्रोहियों के लिए अग्रिम मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी और बाद में उन्हीं युद्ध क्षेत्रों में उन्होंने, बिछाई गई बारूदी सुरंगों को साफ करने का काम किया।

अब, अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा सहायता रोके जाने से श्रीलंका के बारूदी सुरंगों को हटाने का अभियान संकट में है जिससे पुष्पारानी जैसे हजारों लोगों की आजीविका पर अनिश्चितता छा गई है। श्रीलंका ने 2017 में ओटावा संधि की अभिपुष्टि की थी जिसके अनुसार, 2028 तक द्वीप राष्ट्र को बारूदी सुरंगों से मुक्त होना है। पुष्पारानी के पति, पिता और दो भाई श्रीलंका के विद्रोही समूह लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम (लिट्टे) के लिए लड़ते हुए मारे गए और दो अन्य भाई-बहन लापता हैं। पूर्वी श्रीलंका में जन्मी पुष्पारानी स्कूल में पढ़ रही थीं, तभी 1983 में बहुसंख्यक सिंहलियों ने अल्पसंख्यक तमिलों के खिलाफ देशव्यापी अभियान छेड़ा। तब उनके परिवार को देश के उत्तरी हिस्से में जाना पड़ा।

# वर्षों से जारी अन्याय खत्म होगा : शाह

## वक्फ संशोधन विधेयक को संसद में मंजूरी की सराहना



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दिए जाने से वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार समाप्त होगा तथा न्याय और समानता के युग का आरंभ होगा। शाह की यह टिप्पणी राज्यसभा द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के कुछ समय बाद आई। लोकसभा ने बृहस्पतिवार को विधेयक को मंजूरी दी थी।

उन्होंने सोशल मडिया मंच एक्स पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, जब संसद ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को स्वीकृति देकर वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है। गृह मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्ति अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को न्याय देने वाले इस महत्त्वपूर्ण विधेयक के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू को बधाई देता हूं। साथ ही, इसका समर्थन करने वाले सभी दलों व सांसदों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# मोदी की यूनुस से मुलाकात, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताएं कीं साझा



बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक में वहां हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया।

मोदी ने साथ ही उम्मीद जताई कि बांग्लादेशी सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के मामलों की गहन जांच सहित उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। दोनों नेताओं ने बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) समूह के नेताओं की शिखर बैठक से इतर यह मुलाकात की। पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ किये जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की बांग्लादेश के शीर्ष नेतृत्व से यह पहली मुलाकात थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यूनुस-मोदी की बैठक के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा से संबंधित भारत की चिंताओं को रेखांकित किया। मिस्री ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के सभी मामलों की गहन जांच सहित उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। विदेश सचिव ने बताया कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने यह भी आह्वान किया कि माहौल खराब करने वाली किसी भी बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत का समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि भारत संबंधों के लिए जन-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे सहयोग पर प्रकाश डाला, जिससे दोनों देशों के लोगों को बहुत लाभ मिला है।

# वक्फ दावे वाली भूमि से जुड़े विवादों का सामना कर रहे 50 लोग भाजपा में शामिल



कोच्चि। संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के कुछ ही घंटों बाद, केरल के मुनंबम में वक्फ के कथित दावे वाली भूमि से जुड़े विवादों का सामना कर रहे 50 लोग शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख राजीव चंद्रशेखर और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले, चंद्रशेखर के नेतृत्व में राजग के नेताओं ने शुक्रवार को मुनंबम निवासियों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके राजस्व अधिकार सुरक्षित होने तक भाजपा नीत राजग उनका समर्थन करेगा।

कैथोलिक चर्च द्वारा समर्थित स्थानीय लोग पिछले 174 दिनों से अपनी उन संपत्तियों पर राजस्व अधिकार पाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिन पर वक्फ बोर्ड कथित तौर पर दावा करता है। इन लोगों को उम्मीद है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक के पारित होने से भूमि पर वक्फ बोर्ड के दावे का अब समाधान हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए उनसे मुलाकात कराने का राजग नेताओं से अनुरोध किया। इस पर, भारत धर्म जन सेना (बीडीजेएस) के नेता तुषार वेल्लपल्ली के साथ मौजूद चंद्रशेखर ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह मुलाकात का समय मांगने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि अब हमारे पास आपके लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का अवसर है। जब तक आपके राजस्व अधिकार बहाल नहीं हो जाते, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने आरोप लगाया कि अभी तक किसी ने यह नहीं कहा है कि मुनंबम मुद्दा, वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 के पारित होने से सुलझ जाएगा। सतीशन ने संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि क्या वक्फ विधेयक पारित हो जाने से वास्तव में मुनंबम के लोगों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा? उन्होंने कहा कि मुनंबम में विरोध प्रदर्शन गलतफहमी के कारण शुरू हुआ। एर्नाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के लोगों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्ति पर स्वामित्व का अवैध रूप से दावा कर रहा है।

## वर्जिन अटलांटिक का विमान मुंबई को रवाना

मुंबई। तुर्किये हवाई अड्डे पर 40 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के बाद भारतीयों समेत 250 से अधिक यात्रियों को लेकर वर्जिन अटलांटिक का विमान मुंबई के लिए रवाना हो गया है और शुक्रवार देर शाम विमान के मुंबई में उतरने की उम्मीद है। बुधवार को लंदन से मुंबई आने वाले उनके विमान का दियारबाकिर हवाई अड्डे की ओर मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था, जिसके कारण ये यात्री वहां फंस गए थे। वर्जिन अटलांटिक के प्रवक्ता ने कहा कि सभी आवश्यक तकनीकी स्वीकृतियां प्राप्त हो जाने के बाद, विमान शुक्रवार चार अप्रैल को स्थानीय समयानुसार एक बजे दियारबाकिर हवाई अड्डे से रवाना हुआ।

इंटरटेनमेंट...

# हिंदी सिनेमा के स्तंभ मनोज कुमार के निधन पर शोक में डूबा बालीवुड







नयी दिल्ली। मशहूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर अभिनेता धर्मेंद्र, सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसी प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया। दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार (87) का वृद्धावस्था से जुड़ी समस्याओं के चलते मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में शुक्रवार तड़के 3.30 बजे निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने कुमार को अपना करीबी मित्र बताया। कुमार के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे धर्मेंद्र ने कहा वह मेरा जिगरी यार था, हमारी साथ में कई यादें हैं। हमने फिल्म उद्योग में अपने शुरुआती दिन साथ बिताए। हेमा मालिनी ने कहा, वह एक शानदार फिल्म निर्माता और मित्र थे। हेमा मालिनी ने कुमार के साथ क्रांति, दस नंबरी और संतोष जैसी फिल्मों में काम किया है।

मालिनी ने कहा वह अन्य निर्देशकों से अलग थे। मुझे उनके निधन पर गहरा दुख है। वह ऐसी फिल्में बनाते थे जिनमें देशभक्ति, रोमांस से लेकर पारिवारिक ड्रामा तक सब कुछ होता था। उन्होंने बहुत अच्छे गीत भी दिए। एक बयान में आमिर खान ने कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज कुमार की फिल्मों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। खान ने कहा मनोज कुमार सिर्फ एक अभिनेता या फिल्म निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वह एक संस्था थे। मैंने उनकी फिल्में देखकर बहुत कुछ सीखा है। मैंने उनकी फिल्में देखकर काफी कुछ सीखा। उनकी फिल्में अक्सर महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर आधारित होती थीं, जो उन्हें आम आदमी के बहुत करीब लाती थीं। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। सलमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा मनोज कुमार जी, एक सच्चे दिग्गज। अविस्मरणीय फिल्मों और यादों के लिए धन्यवाद। कई देशभक्तिपूर्ण फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता अक्षय कुमार ने मनोज कुमार को फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी करार दिया। अभिनेता अक्षय कुमार ने दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मैं उनसे यह सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि देश के लिए प्यार और गर्व से बढ़कर कोई और भावना नहीं होती और अगर हम अभिनेता इस भावना को दिखाने के लिए आगे नहीं आएंगे, तो कौन आएगा? वह बहुत अच्छे इंसान थे और हमारे फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी थे। श्रद्धांजलि मनोज सर। ओम शांति। फिल्म अभिनेता अजय देवगन ने कहा कि मनोज कुमार की परिवार के जीवन विशेषकर फिल्मी सफर, में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार ने उनके दिवंगत पिता वीरू देवगन को रोटी कपड़ा और मकान फिल्म में एक्शन निर्देशक के तौर पर पहला मौका दिया था। वहां से, उनका सहयोग फिल्म क्रांति तक जारी रहा। यह फिल्म अब भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास का हिस्सा है। अजय देवगन ने कहा मनोज जी की फिल्में उपकार, पूरब और पश्चिम, शोर, क्रांति सिर्फ फिल्में नहीं थीं, ये राष्ट्रीय भावनाएं थीं।

## मनोज कुमार ने शाहरुख खान के खिलाफ किया था मुकदमा



नयी दिल्ली। मशहूर अभिनेता और निर्माता मनोज कुमार ने ओम शांति ओम फिल्म में उनकी पैरोडी (नकल) करने के लिए सुपरस्टार शाहरुख खान और फराह खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। कुमार का शुक्रवार तड़के उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह फराह खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म के एक दृश्य से नाराज थे, जिसमें अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र सहित फिल्म जगत के कई दिग्गजों ने मेहमान भूमिका निभाई थी। इस दृश्य में शाहरुख का किरदार ओम एक फिल्म के प्रीमियर में प्रवेश पाने के लिए चेहरे पर हथेली रखने की कुमार की प्रसिद्ध अदा की नकल करता है। फिल्म में जब असली मनोज कुमार प्रीमियर के लिए आते हैं, तो सुरक्षाकर्मी दुर्व्यवहार करते हैं। कुमार ने इस दृश्य पर नाराजगी जतायी थी और निर्माताओं से फिल्म से इस दृश्य को हटाने का अनुरोध किया था। उन्होंने एक दिवानी अदालत का रुख किया, जिसने निर्माताओं को सैटेलाइट स्क्रीनिंग से पहले आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने का आदेश दिया।

## निर्माता गोपालन की चिटफंड कंपनी पर छापा



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1000 करोड़ रुपये के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में केरल के व्यवसायी एवं फिल्म एल 2: एम्पुरान के निर्माताओं में शामिल गोकुलम गोपालन की चिटफंड कंपनी के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत चेन्नई (तमिलनाडु) तथा कोच्चि (केरल) सहित विभिन्न राज्यों के पांच परिसरों में तलाशी ली जा रही है। गोपालन और उनकी कंपनी श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ कुछ प्रवासी भारतीयों के साथ 1,000 करोड़ रुपये के कथित फेमा उल्लंघन और कुछ संबंधित अनधिकृत लेन-देन के संबंध में यह कार्वाई की जा रही है। ऐसा समझा जाता है कि एजेंसी कंपनी के खिलाफ कुछ धोखाधड़ी मामलों का भी विश्लेषण कर रही है ताकि धन शोधन विरोधी कानून के तहत संभावित जांच की जा सके। यह जांच ऐसे समय में की जा रही है जब पृथ्वीराज-मोहनलाल टीम की तीन फिल्मों की श्रृंखला के तहत लूसिफर का दूसरा भाग एल 2: एम्पुरान दक्षिणपंथी राजनीति की आलोचना करने तथा गुजरात दंगों के अप्रत्यक्ष उल्लेख के कारण विवाद में रहा है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com